

डिजिटल लुटेरा : यूपीआई सुरक्षा को चकमा दे रहे साइबर ठग - 12



कच्चा तेल उछलने से फिसला बाजार सेंसेक्स 1,342 अंक टूटा, 5.14 लाख करोड़ डूबे - 12



विपक्ष अब ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए देगा नोटिस - 13



टीम भावना ने पर्दे के पीछे निभाई अहम भूमिका : सूर्यकुमार - 14


आज का मौसम
36.0° अधिकतम तापमान
19.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.22
सूर्यास्त 06.16

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष नवमी 06:29 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2083

गुरुवार, 12 मार्च 2026, वर्ष 36, अंक 34, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# एलपीजी सिलेंडर किल्लत की अफवाह फैलाने वालों की खैर नहीं : मुख्यमंत्री



लखनऊ में एजेंसी पर गैस की किल्लत से जूझते लोगों की लगी कतार।

- सीएम ने जिलाधिकारियों व पुलिस अफसरों को कार्रवाई के दिए निर्देश
- सिलेंडर की कालाबाजारी व कृत्रिम कमी दिखाने वालों पर भी शिकंजा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच उप्र में तेल व गैस की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों पर मुख्यमंत्री योगी ने सख्त रुख अपनाया है। कहा कि गैस और तेल की कालाबाजारी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अफवाह फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों और पुलिस प्रमुखों को निर्देश दिया है कि एलपीजी सिलेंडर, पेट्रोल या डीजल की कालाबाजारी करने या कृत्रिम कमी दिखाने वालों पर भी बेहद कड़ी कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा करते हुए कहा कि आपदा की स्थिति में अवसर तलाशने वालों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि गैस और पेट्रोल-डीजल की कालाबाजारी, अवैध भंडारण या कृत्रिम कमी दिखाकर कीमत बढ़ाने की कोशिश करने वालों पर तत्काल कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद पुलिस मुख्यालय से लेकर जिला स्तर तक निगरानी तेज कर दी गई है। सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों पर नजर रखी जा रही है। जिलों की पुलिस को पेट्रोल पंपों के आसपास निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

### प्रशासन ने शुरू किया सख्त निरीक्षण

● जिलों में पेट्रोल पंप और गैस गोदामों का औचक निरीक्षण ● कालाबाजारी और अवैध भंडारण की जांच ● सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर निगरानी ● घरेलू सिलेंडर के कमर्शियल इस्तेमाल पर कार्रवाई

### गैस कंपनियों के हेल्पलाइन नंबर

● भारत गैस : 1800-22-4344 ● इंडेन गैस : 1800-2333-555 ● एचपी गैस : 1800-2333-555
(उपभोक्ता डीलर द्वारा गैस न देने या शिकायत होने पर इन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं।)

### कई जिलों में फील्ड में उतरीं प्रशासनिक टीमें

सीएम की सख्ती के बाद कई जिलों में प्रशासनिक टीमें फील्ड पर उतर आई हैं। लखनऊ, नोएडा, कानपुर और प्रयागराज समेत कई शहरों में पेट्रोल पंपों, गैस गोदामों और वितरण केंद्रों पर निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों को घरेलू गैस सिलेंडर के कमर्शियल इस्तेमाल और अवैध भंडारण की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन के अनुसार प्रदेश में गैस या पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है। गैस वितरण में कुछ स्थानों पर तकनीकी कारणों से देरी की शिकायतें सामने आई हैं, जिसकी वजह गैस कंपनियों का सर्वर डाउन होना बताया गया है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी तरह की गड़बड़ी की जानकारी तुरंत संबंधित अधिकारियों को दें।

### पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा- लोग घबराहट में न करें सिलेंडर बुकिंग

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि एलपीजी सिलेंडर की घबराहट में बुकिंग करने की जरूरत नहीं है और घरेलू उपभोक्ताओं के लिए करीब 2.5 दिन का सामान्य आपूर्ति चक्र बरकरार है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि भारत की कच्चे तेल की आपूर्ति सुरक्षित है और तेल को होर्मुज जलडमरूमध्य से इतर मार्गों के जरिए भी मंगाया जा रहा है। सरकार की तरफ से उठाए गए कदमों के चलते देश में एलपीजी उत्पादन में 25% की वृद्धि हुई है। भारत करीब 40 देशों से कच्चा तेल आयात करता है। इसकी कच्चे तेल की दैनिक खपत करीब 55 लाख बैरल है। विविध स्रोतों से खरीद किए जाने से अब देश का लगभग 70 प्रतिशत कच्चा तेल आयात ऐसे मार्गों से हो रहा है जो होर्मुज जलडमरूमध्य से बाहर हैं, जबकि पहले यह अनुपात करीब 55 प्रतिशत था। शर्मा ने कहा कि फिलहाल तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के दो जहाज भारत की तरफ आ रहे हैं और अगले कुछ दिन में इनके पहुंच जाने से देश में ऊर्जा आपूर्ति की स्थिति और मजबूत होगी।

## ब्रीफ न्यूज

### गेन बिटकॉइन घोटाला मामले में आयुष वार्ष्णेय को किया गया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने 20,000 करोड़ रुपये के गेन बिटकॉइन मुद्रा घोटाले के मुख्य आरोपियों में शामिल एवं डार्विन लैब्स के सह-संस्थापक आयुष वार्ष्णेय को गिरफ्तार कर लिया है। सीबीआई ने वार्ष्णेय के खिलाफ 'लुकआउट सर्कुलर' जारी किया था। वार्ष्णेय को सोमवार को देश से भागने की कोशिश करते समय मुंबई हवाई अड्डे से हिरासत में लिया गया। उसे मंगलवार को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया। सीबीआई के अनुसार, डार्विन लैब्स ने उस डिजिटल बुनियादी ढांचे को डिजाइन और विकसित किया था जो कथित फर्जी उद्यम गेन बिटकॉइन के परिचालन की रीढ़ था।

### जयशंकर और लावरोव ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा की

**मॉस्को।** भारत और रूस के विदेश मंत्रियों, क्रमश: एस. जयशंकर एवं सर्गेई लावरोव ने बुधवार को टेलीफोन पर बातचीत की और पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की। रूस के विदेश मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा, दोनों मंत्रियों ने ईरान को लेकर स्थिति पर अपने विचार साझा किए और इसे शीघ्र ही स्थिति सामान्य होने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने स्थिति को शांत करने और सभी पक्षों के वैध हितों के संतुलन पर आधारित स्थायी समाधान प्राप्त करने की परिस्थितियों के निर्माण में एससीओ और ब्रिक्स की भूमिका का समर्थन करने पर भी जोर दिया।

### टेलीग्राम को 3,100 से अधिक चैनल निष्क्रिय करने के निर्देश

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को त्वरित संदेश मंच टेलीग्राम को कॉपीराइट कानून का उल्लंघन करने वाले 3,100 से अधिक चैनल को तीन घंटे के भीतर निष्क्रिय करने का निर्देश दिया। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने यह पाया था कि इन चैनल पर कुछ सामग्री मालिकों, ओटीटी मंचों और निर्माताओं के स्वामित्व वाले या उनके लाइसेंस-प्राप्त कार्यक्रमों को बिना कानूनी अनुमति के साझा और वितरित की जा रही थीं।

# ईरान का बड़ा वार, होर्मुज में समुद्री पोतों व खाड़ी में हवाई अड्डे व तेल क्षेत्र पर दागे ड्रोन

## ट्रंप बोले- ईरान से जंग जल्द खत्म होगी, हमने सब तबाह कर दिया, हमले के लिए कुछ नहीं बचा

दुबई, एजेंसी

ईरान ने वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संकट बढ़ने और तेल-समृद्ध क्षेत्र पर दबाव बनाने के अपने अभियान को तेज करते हुए फारस की खाड़ी में वाणिज्यिक जहाजों पर हमला किया व दुबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को निशाना बनाने के साथ खाड़ी देशों के तेल क्षेत्र को निशाना बनाया। ईरान के दो ड्रोन दुबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास गिरे। इस हमले में चार लोग घायल हुए हालांकि उड़ान परिचालन जारी रहा। इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि ईरान के साथ जंग बेहतरीन चल रही है और यह जंग जल्द खत्म होगी क्योंकि हमने सब तबाह कर दिया है। अब वहां हमला करने के लिए कुछ भी नहीं बचा है।

ईरान के संयुक्त सैन्य कमान ने पश्चिम एशिया में बैंकों और वित्तीय संस्थानों को निशाना बनाने की कवायद शुरू करने की घोषणा की। इससे विशेष रूप से दुबई, सऊदी अरब और बहरीन द्वीप समूह खतरे में पड़ सकते हैं। ईरान ने इजराइल पर सबसे बड़ा हमला कर अमेरिकी ठिकानों पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। साथ ही धमकी दी है कि वह अमेरिकी टेक कंपनियों के दफ्तरों और डेटा सेंटर्स को भी निशाना बनाएगा।



होर्मुज जलडमरूमध्य में समुद्री पोत में लगी आग।

- भारत आ रहे थाई पोत पर हमला, ओमान की नौसेना ने 20 क्रू मेंबर का रेस्क्यू किया, 3 लापता
- ईरान ने इजराइल पर किए बड़े हमले, अमेरिकी ठिकानों पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं
- ईरान इजराइल में स्थित अमेरिकी टेक कंपनियों के दफ्तरों और डेटा सेंटर्स को भी बना सकता है निशाना

### चीन बोला- हम खाड़ी देशों पर हो रहे हमलों से सहमत नहीं

चीन ने कहा है कि वह खाड़ी देशों पर हो रहे हमलों से सहमत नहीं है। ऐसे हमलों में आम लोगों और गैर-सैन्य जगहों को नुकसान पहुंच रहा है, जो ठीक नहीं है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बात कही। उन्होंने कहा कि नागरिकों और जरूरी इमारतों को निशाना बनाना गलत है और इससे इलाके में तनाव और बढ़ सकता है। हालांकि चीन ने अपने बयान में किसी देश का नाम नहीं लिया।

इससे पहले, होर्मुज जलडमरूमध्य में ओमान के तट पर थाइलैंड के एक मालवाहक जहाज पर एक मिसाइल गिरी, जिससे पोत में आग लग गई। बताया जा रहा है कि यह पोत भारत आ रहा था। थाइलैंड के समुद्री विभाग के अनुसार, ओमान की नौसेना द्वारा 20 लोगों को बचाए जाने के बाद अधिकारी मयूरी नारी जहाज पर तैनात चालक दल के तीन लापता सदस्यों की तलाश कर रहे हैं। ईरान ने इस संकरे जलडमरूमध्य में माल ढुलाई को लगभग पूरी तरह रोक दिया है।

### 778 नाविकों के साथ 28 भारतीय जहाज फंसे

**नई दिल्ली।** फारस की खाड़ी में 28 भारतीय जहाज फंसे हुए हैं, जिन पर 778 नाविक सवार हैं। पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि इनमें से 24 जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य के पश्चिमी भाग में 677 नाविकों के साथ मौजूद हैं, जबकि चार जहाज चालक दल के 101 सदस्यों के साथ पूर्वी भाग में हैं। सिन्हा ने कहा, हम सभी जहाजों की सुरक्षा के लिए सक्रिय रूप से निगरानी कर रहे हैं। पोत परिवहन महानिदेशालय ने भारतीय ध्वज वाले सभी जहाजों और नाविकों की सुरक्षा उपायों को अपनाने सहित 'रिपोर्टिंग प्रोटोकॉल' का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया गया है।

### दो भारतीयों की मौत एक लापता : जायसवाल

**नई दिल्ली।** युद्ध के दौरान वाणिज्यिक जहाजों पर हुए हमले में दो भारतीयों की मौत हो गई और एक लापता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बुधवार को यह जानकारी दी। कहा कि भारत खाड़ी क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है।

### बिरला के खिलाफ प्रस्ताव ध्वनिमत से खारिज


# सदन में शाह बोले- राहुल गांधी सदन में बोलना नहीं चाहते या उन्हें नियमानुसार बोलना नहीं आता

नई दिल्ली, एजेंसी

- कहा- जो नियम से नहीं चलेंगे, उनका माइक बंद होगा, ये सदन मेला नहीं
- लोकसभा में विपक्ष पर केंद्रीय मंत्री अमित शाह का जोरदार प्रहार

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आचरण और सदन की कार्यवाही में उनकी भागीदारी पर तीखी टिप्पणियां करते हुए बुधवार को विपक्ष के इस आरोप को खारिज कर दिया कि उन्हें निचले सदन में बोलने नहीं दिया जाता। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाए गए संकल्प पर चर्चा का जवाब देते हुए शाह ने यह भी कहा, आप प्रधानमंत्री के खिलाफ प्रस्ताव लाइए। हम मुद्दों पर जवाब देंगे। लेकिन लोकसभा अध्यक्ष को पद से हटाने के प्रस्ताव को मैं सामान्य बात नहीं मानता।

शाह के भाषण के बाद, सदन ने ध्वनिमत से विपक्ष के प्रस्ताव को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, विपक्ष के नेता का यह आरोप सही नहीं है कि उन्हें बोलने नहीं दिया जाता। नेता प्रतिपक्ष की पार्टी लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ प्रस्ताव लाई, उस पर भी वह नहीं बोले। वह बोलना ही नहीं चाहते। बोलना चाहते हैं तो नियमानुसार बोलना नहीं आता। यह कोई सभा (रैली) नहीं है, यहां नियमानुसार बोलना होता है। गृह मंत्री ने बिरला के खिलाफ लाए गए प्रस्ताव को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए कहा कि यह बहुत अफसोसजनक घटनाक्रम है। उन्होंने कहा, जब सदन के मुखिया की निष्ठा पर सवाल उठाया जाता है तो दुनिया



में भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया की साख पर सवाल खड़े हो जाते हैं। उन्होंने कांग्रेस सदस्यों को आड़े हाथ लेते हुए कहा, जब आप सदन के संचालन के नियमों को नजरअंदाज करेंगे तो अध्यक्ष का दायित्व है कि ऐसे सदस्य को रोकें, टोकें और बाहर निकाल दें। शाह ने कहा कि भाजपा और राजग के विपक्ष में रहते अध्यक्ष के खिलाफ कभी अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया गया और हमने हमेशा रचनात्मक विपक्ष के रूप में काम किया। शाह ने कहा, जो नियमानुसार नहीं चलेगा, उसका माइक बंद हो ही जाएगा, बंद हो ही जाना चाहिए।

# थाइलैंड में एअर इंडिया एक्सप्रेस का लैंडिंग के दौरान पहिया निकला, नोज गियर टूटा

**मुंबई।** एयर इंडिया एक्सप्रेस के बोइंग 737 मैक्स विमान ने बुधवार को थाईलैंड के फुकेट हवाई अड्डे पर हार्ड लैंडिंग की जिससे उसके आगे के दोनों पहिए अलग हो गए और नोज गियर टूट गया। विमान ने हैदराबाद से फुकेट के लिए उड़ान भरी थी।

एक अधिकारी ने बताया कि यात्रियों को विमान से उतारकर टर्मिनल भवन ले जाया गया और कोई घायल नहीं हुआ है। बोइंग 737-मैक्स 8 में सवार यात्रियों की संख्या का तुरंत पता नहीं लगाया जा सका। रनवे पर विमान के फंसे होने के कारण हवाई अड्डे का संचालन अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है और विमान को खींचकर बे (हवाई अड्डे का वह हिस्सा जहां विमान को खड़ा किया जाता है) की ओर ले जाया गया है। प्रवक्ता ने कहा कि फुकेट हवाई अड्डे पर विमान के आगे के पहिए में खराबी आ गई थी और चालक दल ने सभी मानक प्रोटोकॉल का पालन किया व यात्रियों को विमान से उतार लिया गया।



- फुकेट हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में कराई गई हार्ड लैंडिंग 133 लोग थे सवार

# ऊर्जा संकट पर मोदी बोले- अफवाहों पर मत दें ध्यान

तिरुचिरापल्ली (तमिलनाडु), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को लोगों से अपील की कि वे पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण रसोई गैस आपूर्ति में आई बाधा के मद्देनजर अफवाहों पर ध्यान न दें और आग्रह किया कि केवल सत्यापित जानकारी ही प्रसारित की जाए।

प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी देशभर में होटल उद्योग को प्रभावित करने वाली व्यावसायिक एलपीजी की कमी और इस मुद्दे पर विपक्ष की आलोचना के साथ-साथ आने वाले दिनों में पेट्रोल और डीजल की संभावित किल्लत या कीमतों में उछाल की आशंकाओं के बीच आई है। मोदी ने यहां राजग की एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए तमिलनाडु में द्रमुक शासन की भी आलोचना की और कहा कि लोग ऐसी सरकार चाहते हैं जो हर परिवार के लिए काम करे, न कि केवल एक परिवार के लिए।

उन्होंने कहा, मैं लोगों से अपील करना चाहूंगा कि हम केवल सही और सत्यापित जानकारी ही फैलाएं। जाहिर तौर पर उनका इशारा खाड़ी क्षेत्र को प्रभावित करने वाले अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष के कारण आपूर्ति में व्यवधान से उत्पन्न एलपीजी संकट की ओर था। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस संघर्ष ने पूरी दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित किया है। उन्होंने कहा, हमने देखा है कि हमारी सरकार हमेशा भारत के हितों को सर्वोपरि रखती है। मोदी ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि एक राष्ट्र के रूप में हम हर परिस्थिति का सफलतापूर्वक सामना करेंगे।



- पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण रसाई गैस आपूर्ति में आई बाधा पर प्रधानमंत्री ने की अपील

# मुख्यमंत्री से मिले नोबेल पुरस्कार विजेता कॉन्स्टेंटिन नोवोसेलोव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक कॉन्स्टेंटिन नोवोसेलोव ने बुधवार सुबह मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात की। इस दौरान लोहम कंपनी के सीईओ रजत वर्मा और कंपनी के चीफ ऑफ स्टाफ आयुष सबात भी मौजूद रहे। बैठक में उत्तर प्रदेश को एडवांस्ड मटेरियल रिसर्च और इंजीनियरिंग का प्रमुख केंद्र बनाने की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई।

अतिथियों ने प्रदेश में निवेश के लिए तैयार हो रहे सकारात्मक औद्योगिक वातावरण की सराहना की। बैठक में लोहम कंपनी द्वारा प्रदेश में भारत की पहली 'रेयर अर्थ टू मैग्नेट' इंटीग्रेटेड फैसिलिटी स्थापित करने की योजना पर भी चर्चा हुई। यह भी चर्चा हुई कि उन्नत मटेरियल साइंस के क्षेत्र में अनुसंधान और औद्योगिक उत्पादन को जोड़कर प्रदेश को एक नए तकनीकी केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकता है। लोहम और नोवोसेलोव के सहयोग का मुख्य फोकस दो महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर है। पहला, टू-डी मटेरियल (जैसे ग्रैफीन) का उपयोग कर अगली पीढ़ी की लिथियम-आयन बैटरियों की क्षमता, सुरक्षा और आयु बढ़ाना।



### कौन हैं नोवोसेलोव

● विश्व प्रसिद्ध वैज्ञानिक और नोबेल पुरस्कार विजेता ● ग्रैफीन की खोज के लिए मिला नोबेल पुरस्कार ● उन्नत मटेरियल साइंस और नैनो टेक्नोलॉजी के विशेषज्ञ ● वर्तमान में लोहम कंपनी के साथ स्ट्रैटेजिक एडवाइजर

### एनसीईआरटी पुस्तक विवाद | सुप्रीम कोर्ट ने 8वीं की सामाजिक विज्ञान की किताब में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार पाठ्यक्रम शामिल करने के मामले में दिए सख्त निर्देश

# संबंधित लेखकों से खुद को अलग करें केंद्र और राज्य

- विवादित चैप्टर बनाने वाली प्रो. मिशेल को बैन करने के निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

शीर्ष कोर्ट ने बुधवार को निर्देश दिया कि केंद्र व राज्य सरकारें एनसीईआरटी की आठवीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की किताब में विवादास्पद अध्याय तैयार करने में शामिल तीन विशेषज्ञों से अपना संबंध तोड़ लें।

कोर्ट ने इस अध्याय में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार को लेकर आपत्तिजनक सामग्री शामिल किए जाने को लेकर यह सख्ती बरती है। न्यायालय ने केंद्र सरकार को एक सप्ताह के भीतर विषय-विशेषज्ञों की एक समिति गठित करने का निर्देश दिया, ताकि एनसीईआरटी की कानूनी अध्ययन की पाठ्यचर्या को अंतिम रूप दिया जा सके, जो केवल आठवीं कक्षा ही नहीं, बल्कि उच्च कक्षाओं के लिए भी लागू होगी। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ को बताया गया कि यह अध्याय प्रोफेसर मिशेल डैनिनो की अध्यक्षता में बनी पाठ्यपुस्तक विकास टीम द्वारा तैयार किया गया था, जिसमें सुपर्णा दिवाकर और आलोक प्रसन्न कुमार सदस्य के रूप में शामिल थे। इस पीठ में न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली शामिल हैं। पीठ ने कहा, प्रारंभ में हमारे पास यह संदेह करने का कोई कारण नहीं है कि प्रोफेसर मिशेल व उनके सहयोगी सुपर्णा तथा आलोक को भारतीय न्यायपालिका के बारे में उचित और पर्याप्त जानकारी नहीं है और/या उन्होंने जानबूझकर तथा सोच-समझकर तथ्यों को गलत तरीके से प्रस्तुत किया है, ताकि छात्रों के सामने कोर्ट की नकारात्मक छवि पेश की जा सके। विवादित चैप्टर बनाने वाली प्रो. मिशेल को बैन करने के निर्देश दिए।



### पीठ ने सरकार से ऐसे वेबसाइट व उन्हें चलाने वाले व्यक्तियों का विवरण मांगा

पीठ ने कहा कि केंद्र सरकार को राष्ट्रीय पाठ्यक्रम एवं शिक्षण-अधिगम सामग्री समिति (एनएसटीसी) की संरचना पर भी फिर से विचार करना चाहिए, विशेष रूप से उन लोगों के संबंध में, जिनके साथ पाठ्यपुस्तक विकास टीम के सदस्यों द्वारा विवादित अध्याय को डिजिटल रूप से साझा किया गया था। अदालत ने इस बात का भी संज्ञान लिया कि 26 फरवरी को इस मामले में आदेश पारित करने के बाद तथाकथित सोशल मीडिया पर कुछ तत्वों ने गैर-जिम्मेदाराना ढंग से कार्रवाई और प्रतिक्रियाएं दीं। पीठ ने कहा, हम दृढ़ता से मानते हैं कि समस्या का सीधे सामना किया जाना चाहिए। इसलिए हम भारत सरकार को निर्देश देते हैं कि ऐसे वेबसाइट और उन्हें चलाने वाले व्यक्तियों की पहचान करे और उनका पूरा विवरण हमें उपलब्ध कराए, ताकि हम उचित कार्रवाई कर सकें।

# समाज कल्याण विभाग में 'घोटाला सिंडिकेट' से लड़ना आसान नहीं

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

- वर्षों पुराने फर्जीवाड़े पर कार्रवाई में हुई देर, नेता-लिपिक और दलालों का भंडाफोड़ मुश्किल
- पांच महीने में छह समाज कल्याण अधिकारी हुए बर्खास्त, अभी कार्रवाई की जद में दर्जनों

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सालों पुराने समाज कल्याण विभाग के 'घोटाला सिंडिकेट' कार्रवाई तेजी से आगे बढ़ रही है। पांच माह में छह समाज कल्याण अधिकारियों की बर्खास्तगी के बाद अभी दर्जनों कतार में हैं। हालांकि तत्कालीन मंत्री-शासन-प्रशासन से लेकर रातोंरात करोड़पति बनने वाले लिपिकों और दलालों को अंजाम तक पहुंचाना सपने जैसा है।

समाज कल्याण विभाग की कई योजनाओं में लंबे समय से फर्जीवाड़े के आरोप सामने आते रहे हैं। जांच में छात्रवृत्ति, शुल्क प्रतिपूर्ति, वृद्धावस्था पेंशन और आर्थिक सहायता योजनाओं में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं उजागर हुई हैं। कई मामलों में करोड़ों रुपये की वसूली और सेवानिवृत्त अधिकारियों की पेंशन में कटौती तक के आदेश दिए गए हैं। ताजा कार्रवाई में अमेठी के तत्कालीन जिला समाज कल्याण अधिकारी मनोज कुमार शुक्ला और हरदोई के तत्कालीन जिला समाज कल्याण अधिकारी हर्ष मवार को सेवा से बर्खास्त किया गया है। अमेठी में विभाग के ही प्रधान लिपिक गोकुल प्रसाद जायसवाल ने आरोप लगाया कि अधिकारी ने उन्हें चैंबर में बुलाकर धमकाया और मोबाइल छीनकर फोन-पे के जरिए उनकी पत्नी के खाते में 40 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए। विभागीय जांच में आरोप सही पाए गए। हरदोई में तत्कालीन अधिकारी हर्ष मवार पर भुगतान और खरीद में टेंडर प्रक्रिया को दरकिनार कर वित्तीय नियमों के विपरीत काम कराने के आरोप सिद्ध हुए। जांच में पाया गया कि कोटेशन के आधार पर भुगतान कर सरकारी धन के उपयोग में गंभीर अनियमितताएं की गईं।

इससे पहले श्रावस्ती की तत्कालीन जिला समाज कल्याण अधिकारी मीना श्रीवास्तव को भी सेवा से बर्खास्त किया जा चुका है। उन पर मुख्यमंत्री महामाया गरीब आर्थिक मदद योजना और छात्रवृत्ति योजनाओं में लाभार्थियों के खातों में हेरफेर कर सरकारी धन का गबन कराने के आरोप सिद्ध हुए। मथुरा के तत्कालीन अधिकारी करुणेश त्रिपाठी के मामले में जांच में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। 11 मान्यता विहीन संस्थानों को 2.53 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति जारी कर दी गई और फर्जी छात्रों के नाम पर भुगतान हुआ। यहां तक कि 2 साल से 51 साल तक की उम्र के लोगों को आईटीआई छात्र दिखाया गया। हापुड़ के संजय कुमार ब्यास और शाहजहांपुर के राजेश कुमार के खिलाफ भी करोड़ों रुपये की अनियमितताओं के बाद बर्खास्तगी और वसूली की कार्रवाई हो चुकी है। वहीं औरैया के श्रीभगवान, मथुरा के विनोद शंकर तिवारी और उमा शंकर शर्मा जैसे सेवानिवृत्त अधिकारियों की पेंशन में स्थायी कटौती के आदेश दिए गए हैं।

सरकारी सूत्रों के अनुसार, विभाग में घोटालों का नेटवर्क सिर्फ जिलों तक सीमित नहीं था। योजनाओं के नाम पर फर्जी लाभार्थी जोड़ना, रिकॉर्ड में हेरफेर और मान्यता विहीन संस्थानों को भुगतान कर करोड़ों रुपये का खेल चलता रहा। अब जांच की आंच कई अन्य अधिकारियों, लिपिकों और कथित दलालों तक पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

### जिम्मेदारों तक कार्रवाई पहुंचेगी : असीम अरुण

समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण का कहना है कि कई ऐसे मामले सामने आए हैं जो वर्षों से दबे पड़े थे। अब सभी मामलों में जांच कर एफआईआर दर्ज कराई जा रही है। दोषी पाए जाने पर किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

### ऐसे चलता था घोटाले का खेल

- योजनाओं में फर्जी लाभार्थी जोड़कर भुगतान
- छात्रवृत्ति के नाम पर मान्यता विहीन संस्थानों को धनराशि
- रिकॉर्ड में हेरफेर कर खातों में बदलाव
- टेंडर प्रक्रिया को दरकिनार कर भुगतान
- कर्मचारियों पर दबाव और वसूली के आरोप

### अब तक की बड़ी कार्रवाई

- पांच माह में 6 जिला समाज कल्याण अधिकारी बर्खास्त
- कई मामलों में करोड़ों रुपये की वसूली के आदेश
- 3 सेवानिवृत्त अधिकारियों की पेंशन में स्थायी कटौती
- कई अन्य अधिकारी–कर्मचारी अभी जांच के दायरे में

# पुलिस बूथ के बगल की दुकान पर चोरों ने बोला धावा, उड़ाया सामान

संवाददाता, प्रतापगढ़

- कटरा गुलाब सिंह के पूरे वैष्णव गांव में हुई वारदात, जांच जारी

**अमृत विचार :** चोरों को पुलिस का खौफ नहीं रहा।पुलिस बूथ के बगल स्थित दुकान का ताला तोड़कर नकदी व सामान चुरा ले गए। पुलिस आरोपियों की पड़ताल कर रही है।

जेठवारा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह के पूरे वैष्णव गांव में बकुलाही नदी के किनारे गाड़ी घाट से शाम होते ही लोग गुजरने से डरते थे। यहां प्रायः आपराधिक घटनाएं होती थी। आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए लोगों की मांग पर जन सहयोग से पुलिस बूथ का निर्माण कराया गया। तत्कालीन पुलिस अधीक्षक ने इसका उद्घाटन किया। बूथ बनने के बाद कुछ दिनों तक यहां देर रात तक पुलिस की मौजूदगी रहती थी। इससे यह क्षेत्र अपराध मुक्त हो गया था। धीरे धीरे पुलिस अधिकारियों की उपेक्षा के कारण यहां पुलिस की गश्त थम गई और बूथ में ताला लटकने लगा। इससे यहां अपराधियों की सक्रियता एक बार फिर बढ़ गई। पुलिस बूथ के बगल बाबूपुर गांव निवासी मनीष सिंह की दुकान में चोरों जे दूसरी बार धावा बोला। सामान व नगदी चोरी के साथ दुकान को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित मनीष सिंह ने पुलिस चौकी कटरा गुलाब सिंह में मामले की तहरीर दी है। पुलिस सक्रिय हुई तो पुलिस बूथ के सीसीटीवी कैमरे से बदमाशों का पता लगाया जा सकता है। क्षेत्र के लोगों ने इस संवेदनशील बूथ पर नियमित रूप से पहले की तरह पुलिस गश्त की मांग की है। चौकी इंचार्ज ने कहा कि जांच कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रयागराज में दो मंदिरों के विकास पर खर्च होंगे 3.46 करोड़ रुपये

**अमृत विचार, लखनऊ/प्रयागराज :** संगम नगरी प्रयागराज में पर्यटन विभाग करछना स्थित फलाहिरी बाबा मंदिर और सोरांव तहसील के दुर्गा मंदिर देवी धाम पचदेवा के विकास पर कुल 3 .46 करोड़ रुपये से अधिक खर्च करेगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि फलाहिरी बाबा मंदिर के विकास के लिए 1.64 करोड़ रुपये और दुर्गा मंदिर देवी धाम पचदेवा के सौंदर्यीकरण व पर्यटन सुविधाओं के लिए लगभग 1.82 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। परियोजना के तहत पहली किस्त भी जारी कर दी गई है।

### अभ्यर्थियों को नहीं मिलेगी निःशुल्क बस यात्रा

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों के लिए 14 व 15 मार्च 2026 को प्रस्तावित लिखित परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों को परिवहन बस की निशुल्क यात्रा की सुविधा नहीं मिलेगी। विभागीय अधिकारी ने सोशल मीडिया पर प्रसारित उक्त सूचना को भ्रामक बताया है, जिसमें बताया गया है कि परिवहन निगम की बसों में एडमिट कार्ड दिखाकर नि :शुल्क यात्रा की सुविधा मिलेगी। परिवहन निगम में प्रधान प्रबंधक (संचालन) अनिल कुमार ने बुधवार को समस्त क्षेत्रीय–सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को निर्देश दिए हैं।

# रेसिपी आधारित पुष्टाहार लागू करने वाला पहला राज्य बनेगा यूपी

## अप्रैल से आंगनबाड़ी केंद्रों में शुरू होगी नई पौष्टिक भोजन व्यवस्था



राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कुपोषण के खिलाफ प्रदेश सरकार के अभियान को मिलेगी मजबूती

**अमृत विचारः** प्रदेश में बच्चों, गर्भवती और धात्री महिलाओं के बेहतर पोषण के लिए योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। अप्रैल से प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्रों में रेसिपी आधारित अनुपूरक पुष्टाहार व्यवस्था लागू की जाएगी। भारत सरकार की गाइडलाइन और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत लागू होने वाली इस व्यवस्था के साथ उत्तर प्रदेश ऐसा करने वोाला देश का पहला राज्य बन जाएगा।

नई व्यवस्था के तहत लाभार्थियों को तय पोषण मानकों के अनुरूप भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एसआरएलएम) के माध्यम से रेसिपी आधारित पुष्टाहार तैयार कर सीधे आंगनबाड़ी केंद्रों तक पहुंचाया जाएगा। जिन जिलों या परियोजनाओं में इसकी व्यवस्था उपलब्ध नहीं होगी, वहां नैफेड के माध्यम से आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। पुष्टाहार वितरण में पारदर्शिता और निगरानी सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने चेहरा पहचान प्रणाली (फेस रिकग्निशन सिस्टम) लागू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत अनुपूरक पुष्टाहार का ऑफलाइन वितरण अमान्य होगा और केवल एफआरएस प्रणाली के माध्यम से ही वितरण मान्य माना जाएगा। इससे लाभार्थियों तक सही तरीके से पोषण सामग्री पहुंचाने और धांधली पर रोक लगाने में मदद मिलेगी।

दूसरी ओर प्रदेश की सरकार का मानना है कि रेसिपी आधारित पुष्टाहार व्यवस्था लागू होने से प्रदेश में कुपोषण के खिलाफ चल रही लड़ाई को नई ताकत मिलेगी और आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों तथा महिलाओं को बेहतर पोषण उपलब्ध कराया जा सकेगा। जिससे बच्चे स्वस्थ्य होंगे।

### किसे क्या मिलेगा

- 6 माह–1 वर्ष : आटा–बेसन हलवा
- 1–3 वर्ष : आटा–बेसन हलवा
- 3–6 वर्ष : आटा–बेसन बर्फी व दलिया–मूंग–सोया खिचड़ी
- गर्भवती व धात्री महिलाएं : आटा–बेसन–सोया बर्फी व दलिया–मूंग–दाल खिचड़ी

### अतिकुपोषित बच्चों के लिए विशेष व्यवस्था

- 6 माह–1 वर्ष : पौष्टिक हलवा
- 1–3 वर्ष : 'बाल संजीवनी' पौष्टिक हलवा
- 3–6 वर्ष : पौष्टिक हलवा और पौष्टिक दलिया

### व्यवस्था की खास बातें

- आंगनबाड़ी केंद्रों में रेसिपी आधारित पुष्टाहार
- फेस रिकग्निशन सिस्टम से वितरण
- 301.19 करोड़ रुपये का फंड मंजूर
- पोषण मानकों में 11 माइक्रोन्यूट्रिएंट शामिल

# बालिकाओं को लगने वाला टीका सर्वाइकल कैंसर से करेगा बचाव

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी डा. दिव्या मिश्रा ने कहा कि बालिकाओं को लगने वाला टीका आगे चलकर सर्वाइकल कैंसर से उनका बचाव करेगा। वह बुधवार को राजा प्रताप बहादुर अस्पताल के महिला विंग में 14 से 15 वर्ष तक की किशोरियों के लिए एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान का शुभारंभ कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य इस अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक किशोरियों को जागरूक कर उनका टीकाकरण करना है। पहले दिन चार बालिकाओं को टीका लगाया गया। टीकाकरण के बाद सीडीओ ने किशोरियों का उत्साह बढ़ाने के लिए उन्हें चाकलेट वितरित किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एएन प्रसाद ने बताया कि जिले में 14 से 15 साल की करीब 36 हजार किशोरियों का टीकाकरण होना है। इस टीकाकरण से सर्वाइकल कैंसर से बचाव हो सकेगा। यहां जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. एएन राय, सहायक प्रतिरक्षण अधिकारी महेश कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. आरके पांडेय, शैलेंद्र कुशवाहा, विजय सिंह, सीएम शुक्ला रहे।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन नोटिस**
**सं. LJN-PRKG-10-26**

मण्डल रेल प्रबन्धक (वा०), पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु आईआरईपीएस के ई–ऑक्शनिंग के माध्यम से ई–ऑक्शन आमंत्रित की जाती है– **क्र.सं. 1. लॉट सं.: PARKING-LJN-GKP-TW-7-24-1 (Parking-Two Wheeler); कार्य का विवरणः गोरखपुर** स्टेशन के आरक्षण कार्यालय स्थित दो पहिया पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, स्कूटर) का ठेका 03 वर्ष हेतु। **क्र.सं. 2. लॉट सं.: PARKING-LJN-SNC-MX-121-25-1 (Parking-Mixed); कार्य का विवरणः स्वामी नारायण छपिया** स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया स्थित संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, तीन पहिया, चार पहिया, बस, ट्रक, ट्रैक्टर ट्रॉली) का ठेका 03 वर्ष हेतु। **क्र.सं. 3. लॉट सं.: PARKING-LJN-GKP-MX-143-25-2 (Parking-Mixed); कार्य का विवरणः गोरखपुर** स्थित **रेल म्युजियम–कम–हैरिटेज प्लाज़ा** में संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, तीन पहिया, चार पहिया) का ठेका 03 वर्ष हेतु। **क्र.सं. 4. लॉट सं.: PARKING-LJN-GKP-MX-149-25-1 (Parking-Mixed); कार्य का विवरणः गोरखपुर** के ललित नारायण मिश्र रेलवे हॉस्पिटल स्थित संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, तीन पहिया, चार पहिया) का ठेका 03 वर्ष हेतु। **क्र. सं. 5. लॉट सं.: PARKING-LJN-CLJ-MX-139-25-1 (Parking-Mixed); कार्य का विवरणः कर्नलगंज** स्टेशन के मेन प्रवेश द्वार सर्कुलेटिंग एरिया स्थित संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, तीन पहिया, चार पहिया, बस, ट्रक, ट्रैक्टर ट्रॉली) का ठेका 03 वर्ष हेतु। **क्र.सं. 6. लॉट सं.: PARKING-LJN-GKC-MX-111-24-2 (Parking-Mixed); कार्य का विवरणः गोरखपुर कैण्ट** स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया स्थित संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, तीन पहिया, चार पहिया, बस, ट्रक, ट्रैक्टर ट्रॉली) का ठेका 03 वर्ष हेतु। **क्र.सं. 7. लॉट सं.: PARKING-LJN-BNZ-MX-129-25-1 (Parking-Mixed); कार्य का विवरणः बादशाहनगर स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार साईड** स्थित संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, तीन पहिया, चार पहिया, बस, ट्रक, ट्रैक्टर ट्रॉली) का ठेका 03 वर्ष हेतु। • निविदाकार प्रकाशित सूचना के अनुसार ई–ऑक्शन में भाग ले सकते हैं। ireps पोर्टल पर दिये गये तिथि/समय के अनुसार सभी लॉट की ई–ऑक्शन प्रारम्भ एवं बंद होंगी। • सभी लॉट के लिये ई–ऑक्शन दि0–**27.03.2026** को **13:00 बजे** प्रारंभ होकर **27.03.2026** को **14:30 बजे** बंद होगी। • इस ऑक्शन के लिये मैनुअल माध्यम से कोई ऑफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। यदि मैनुअल माध्यम से कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। • अर्नेस्ट मनी की राशि (10%) का भुगतान केवल IREPS पॉर्टल पर ठेकेदार द्वारा लिंक किये गये बैंक खाते से किया जायेगा। मैनुअल विधि जैसे–डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर्स चैक, एफडीआर, जमा रसीद आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं होगी। • विज्ञप्ति सूचना एवं निविदा प्रपत्र प्रारूप तथा, नियम व शर्तों की सम्पूर्ण जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** (E-Auction module) पर उपलब्ध है।

**सहायक वाणिज्य प्रबन्धक, लखनऊ**
**मुजाधि/वाणिज्य–284**

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

### वॉलीबॉल पैथोप्रिडेटर्स की टीम ने मारी बाजी



हड्डी सर्जन डॉ .अतुल सरोज के साथ खुशी जताते बैडमिंटन खिलाड़ी।

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** डॉ . सोने लाल पटेल स्वशासी मेडिकल कॉलेज के वार्षिक खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव क्रेनिया के तीसरे दिन बुधवार को जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में बैडमिंटन और वालीबाल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वॉलीबॉल में शानदार प्रदर्शन करते हुए पैथोप्रिडेटर्स की टीम ने जीत हासिल की। वहीं, बैडमिंटन प्रतियोगिता में छात्र–छात्राओं ने दमखम दिखाया। जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के बीच रोचक मुकाबले देखने को मिले। इस प्रतियोगिता के निर्णायक डा . आलोक वर्मा और डा . आकांक्षा सिंह रहीं। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाया। बैडमिंटन प्रतियोगिता के सिंगिल में विवेक कुमार, डबल्स में अस्मित पटेल व अंकुर अग्रवाल विजेता रहे। वालीबाल प्रतियोगिता का संचालन डा . लौकेश, डा . शशांक व डा . राहुल ने किया। वालीबाल प्रतियोगिता में पैथो प्रिडेटर्स की टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए जीत हासिल की। इसके अलावा कैरम और शतरंज प्रतियोगिताओं के फाइनल मुकाबले शाम को आयोजित किए जाएंगे। आयोजकों के अनुसार 12 मार्च से महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें छात्रों को अपनी सांस्कृतिक प्रतिभा प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। इस मौके पर पैथोलाजी प्रभारी डा . दीपिका पांडेय, हड्डी सर्जन डा . अतुल सरोज, सर्जन डा . केके तिवारी आदि रहे।

### 93 लोगों के गायब हुए मोबाइल बरामद

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** विभिन्न स्थानों से गायब हुए 93 लोगों के मोबाइल पुलिस ने बरामद कर लिया। इन लोगों को बुधवार को पुलिस लाइन के सई काम्प्लेक्स में बुलाया गया। एसपी दीपक भूकर ने सभी को उनका मोबाइल सुपुर्द किया। सर्विलांस सेल के पुलिस कर्मियों ने लोगों को बताया कि मोबाइल गायब होने पर वे खुद ही इसकी सूचना सीईआईआर (सेंट्रल इक्विपमेंट आईडेंटी रजिस्टर) पोर्टल पर दर्ज कराएं। इस दौरान एएसपी पश्चिमी बृजनंदन राय, सीओ पट्टी मनोज रघुवंशी मौजूद रहे।

### एटीएम कार्ड बदलकर 25 हजार रुपये उड़ाये

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** देल्हूपुर थाना क्षेत्र के पनियारी बलिकरनगंज निवासी विजयराज दुबे की पत्नी कंचन बुधवार दोपहर अपनी बेटी के साथ बैंक ऑफ बड़ौदा की सहेरुआ शाखा गई थी। एटीएम बूथ से रुपये निकालने के दौरान एक युवक ने उसका कार्ड बदल लिया। रुपये न निकलने पर वह लौट गई। कुछ देर बाद उसके मोबाइल पर तीन बार में 25 हजार रुपये निकलने का मैसेज आया। वह शिकायत लेकर बैंक पहुंची तो सीसीटीवी में एक युवक उसके कार्ड से रुपये निकालते दिख गया। पीड़िता ने मामले की तहरीर शनिदेव चौकी में दी है। साथ भुक्तभोगी ने पुलिस अधिकारियों से जल्द से जल्द दोषी पर कार्रवाई करने की मांग की है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सतांव, विकास खण्ड-सतांव, रायबरेली**

पत्रांकः 6 /ग्रा0पं0 सतांव / पं0उ0भ0नि0/निविदा आमंत्रण सूचना/2025–26 दिनांकः 11.03.2026

**अल्प कालिक निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा समस्त ठेकेदारों / फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सतांव में पंचायत उत्सव भवन निर्माण हेतु प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य कराया जाना है, जिसके लिए निविदा प्रणाली के अर्न्तगत दिनांकः 12.03.2026, समय प्रातः 10.00 से दिनांकः 26.03.2026, समय अपरान्ह 05.00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जा रही हैं। आमंत्रित निविदा दिनांकः 27. 03.2026 को पूर्वाहन 12: 00 बजे निविदा समिति के समक्ष मुख्य विकास अधिकारी महोदया के कक्ष में में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र नगद मूल्य देकर ग्राम पंचायत कार्यालय एवं जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय से दिनांकः 20.03.2026 तक किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

| क्र0 सं0 | कराये जाने वाले कार्य का नाम | कार्य की स्वीकृत धनराशि | 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य जी0एस0टी0 सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सतांव में पंचायत उत्सव भवन का निर्माण | 1,40,97,000 | 14,09,700 | 2714/– | 180 दिवस |

**शीलबन्द निविदा की शर्तेः-**

1. उत्तर प्रदेश के शासकीय विभागों एवं कार्यदायी संस्था में पंजीकृत फर्म / ठेकेदार, जिन्हें शासकीय भवन निर्माण कराए जाने का अनुभव है, वे निविदा प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकेंगे। अन्यथा सम्बन्धित निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।
2. शासनादेश सं0–730/33–3–2022–11/2022,दिनांकः 28.04.2022 में दी गई व्यवस्थानुसार पंचायती राज विभाग से जुड़े पदाधिकारी / कर्मी / परिवार /सगा सम्बन्धी (जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत के कर्मी, जिला पंचायत राज अधिकारी, क्षेत्र पंचायत प्रमुख, खण्ड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (पं0), ग्राम पंचायत प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव, पंचायत सहायक, पंचायती राज विभाग के कर्मी, विभाग में से विदा पर कार्यरत कर्मी) के पारिवारिक सदस्यों व रिश्तेदारों द्वारा निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं लिया जाएगा। संज्ञानित होने पर निविदा निरस्त कर काली सूची में डालने की कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जाएगी।
3. प्रत्येक निविदा के सापेक्ष निविदा निविदा मूल्य की धनराशि (डी.डी.) के माध्यम से अथवा एन.ई.एफ.टी./ आर.टी.जी.एस. के माध्यम से ग्राम पंचायत सतांव के OSR A/C No:- 00540100026036, IFSC Code- BARBODEDAUR BankBANK OF BARODA DEDAUR RAEBARELI में जमा किया जाना अनिवार्य होगा तथा प्रत्येक निविदा के साथ निविदा मूल्य की धनराशि के सापेक्ष जमा धनराशि के ट्रांजेक्शन की नम्बर की फोटोकॉपी जमा किया जाना अनिवार्य है।
4. निविदादाता को स्वीकृत धनराशि की 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि निविदा के साथ एफ.डी.आर. / एन.एस.सी. के रूप में सचिव, ग्राम पंचायत सतांव, विकास खण्ड–सतांव जनपद रायबरेली के पदनाम से बंधक कराकर मूलरूप में निविदा के साथ सीलबन्द निविदा फार्म के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. निविदादाता को अपने समस्त अर्ह प्रमाण–पत्र यथा जिलाधिकारी द्वारा निर्गत वैध हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण–पत्र, जी.एस.टी., श्रम रजि., टी.– 6 निविदा शुल्क व निविदा जमानत की जमा रसीदें व शासकीय विभाग में पंजीकरण एवं अनुभव वैध प्रमाण–पत्रों की फोटोग्राफी संलग्न करना अनिवार्य होगा। अन्यथा सम्बन्धित निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।
6. फर्म / ठेकेदारों का निविदा स्वीकृति के उपरान्त उत्तर प्रदेश भवन निर्माण एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार अधिनियम–1996 एवं उत्तर प्रदेश नियमावली–2009 के अन्तर्गत श्रम विभाग में पंजीकरण कराकर कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
7. निविदा फार्म पर किसी भी प्रकार की कटिंग या उपरलेखन मान्य नहीं होगा। प्रत्येक निविदा फार्म पर दर का उल्लेख अंको तथा शब्दों में करना होगा।
8. उपरोक्त कार्य में कार्यदायी संस्था ग्राम पंचायत है, ग्राम पंचायत द्वारा नियमानुसार अभियन्ता, जिला पंचायत, रायबरेली / जिला पंचायत राज अधिकारी, रायबरेली की संस्तुति के उपरान्त भुगतान किया जाएगा।
9. बिना जमानत धनराशि एवं बिना निविदा मूल्य के किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।
10. प्रत्येक निविदादाता कार्य से सम्बन्धी निविदा, जोकि मोहरबन्द लिफाफे में होगी, जिसमें टैक्निकल बिड एवं फाईनेन्शिल बिड अलग–अलग लिफाफे में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
11. किसी भी कार्य का मुना गणन धनराशि से अधिक किसी भी दशा में नहीं किया जाएगा। समस्त ठेकेदार निविदा डालने से पूर्व आगणन ड्राइंग डिजाईन एवं कार्यस्थल को देख ले तथा परिस्थितियाँ समझ लें। अन्त में इस सम्बन्ध में कोई भी प्रतिवेदन स्वीकार्य नहीं किया जाएगा।
12. निविदा की शेष नियम व शर्ते प्रपत्र के साथ उपलब्ध करायी जाएंगी, जो अनिवार्य रूप से परिपालन किया जाना होगा।

**सचिव**
**ग्राम पंचायत सतांव, विकास खण्ड–सतांव, रायबरेली।**

**प्रधान**
**ग्राम पंचायत सतांव, विकास खण्ड–सतांव, रायबरेली।**

**अमृत विचार क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैं **संजय कुमार पुत्र श्री देव प्रकाश गुप्ता निवासी–एन–427, केशवपुरम आवास विकास–1 कानपुर नगर उ0प्र0–208017**, मेरे शैक्षिक दस्तावेजों एवं पासपोर्ट पर मेरा नाम SANJAY KUMAR GUPTA अंकित है जब कि मेरे आधार कार्ड पैन कार्ड, बैंक एवं ड्राईविंग लायसेन्स में SANJAY KUMAR दर्ज है। SANJAY KUMAR एवं SANJAY KUMAR GUPTA दोनो नाम मेरे है। अब मेरा नाम SANJAY KUMAR ही सही एवं सत्य है ।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 1998 अनुक्रमांक 0605885 का अंक पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **कु. पुष्पा देवी पुत्री रामदास निवासी ग्राम मुरार नगर , सोम, पोस्ट सण्डीला जिला हरदोई**

**सूचना**
मैं NAZNI ALI पत्नी श्री SHAUKAT ALI निवासी–429/87, मोअज्जमनगर, पो0–चौक, जिला–लखनऊ, उ0प्र0, सबको सूचित करती हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर NAJANI कर लिया है, अतः आज से मुझे NAJANI W/O SHAUKAT ALI के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

**सूचना**
मैने अपना नाम RESHMA KHATOON से बदलकर RESHMA BANO रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0- KHATEEB AHMAD ADD- VILL/POST-ANWARI DIST- BARABANKI-225302 (U.P.)

**सूचना**
मैं **इन्द्र प्रकाश पुत्र बच्चाराम निवासी मोहल्ला–मीरानपुर, थाना–को0 अकबरपुर, तहसील–अकबरपुर, जनपद– अम्बेडकरनगर उ0प्र0 आधार नं0–5914 8342 5942**, मेरा पुत्र अभिषेक सोनी (आधार नं0–2235 4786 4943) मेरे कहने में नहीं है और मेरा घर छोड़कर कई दिनों से लापता है। अभिषेक सोनी द्वारा कोई भी नैतिक – अनैतिक कार्य किया जाता है तो उसकी सारी जिम्मेदारी स्वयं की होगी। मैं अपनी सम्पत्ति से अपने पुत्र अभिषेक सोनी को बेदखल करता हूँ और मेरी सम्पत्ति में अभिषेक सोनी का कोई अंश नहीं होगा।

**सूचना**
यह कि मेरा साजिशन वैवाहिक अनुबंध ग्राम बजरंगपुर मजरे बंडई तहसील लालगंज जिला रायबरेली की रिंकी पुत्री रमेश कुमार के साथ हुआ था। लेकिन रिंकी कभी भी उसके संपर्क में नहीं आई। अतएव मैने जरिये डाक से नोटिस भेज कर 15 दिन के अंदर रिंकी से उक्त संबंध में स्पष्टीकरण मांगा है। अन्यथा वैवाहिक संबंध विच्छेद माना जाएगा । मैं/**अंकित प्रसाद पुत्र रामचंद्र निवासी ग्राम बरभन खेड़ा खीरो तहसील लालगंज जिला रायबरेली।**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**
मैने अपने पुत्र अनुज व उनके साथ रह रही लिविंग रिलेशन में परवीता व दिव्या को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके किसी प्रकार के क्रियाकलाप, लड़ाई झगड़ा, लेनदेन व मुकदमेबाजी से मेरा कोई सरोकार व वास्ता नहीं है। उनके द्वारा किए किसी कार्य के वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।– **रामजानकी पत्नी स्व, राजेश, निवासी ब्लाक नं.22. कमरा नं.255, काशीराम ईदगाह कालोनी, हाजीगंज, कन्नौज**

**सूचना**
सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि शपथ कर्ता मूल पते का निवासी है शपथ कर्ता के पासपोर्ट में पूर्व नाम वीरेन्द्र पुत्र विश्राम पाल है जब कि शपथ कर्ता ने अब अपना नाम बदलकर वीरेन्द्र कुमार पुत्र विश्राम पाल रख लिया है जो इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **वीरेन्द्र कुमार ग्राम बहादुरपुर थाना सरेनी जनपद रायबरेली**

**सूचना**
मै **रजनीश कुमार पाण्डेय पुत्र श्री प्रभु प्रकाश निवासी–ग्राम, पोस्ट व तहसील सवायजपुर जनपद हरदोई**, मेरे पुत्र का नाम विट्ठल पाण्डेय पुत्र रजनीश कुमार पाण्डेय है जिसकी जन्मतिथि 23.07.2019 है। अब मेरे पुत्र विट्ठल पाण्डेय पुत्र रजनीश कुमार पाण्डेय को 11 मार्च 2026 से अव्यांश पाण्डेय पुत्र श्री रजनीश कुमार पाण्डेय के नाम से जाना व पहचाना जायेगा।

**सूचना**
मैं अपने पुत्र शहजाद पुत्र जैनुल आब्दीन तथा बहू आयशा पत्नी शहजाद को गलत चाल चलन के कारण अपनी चल अचल संपत्ति व संबंधों से बेदखल करती हूं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए कृत्यों से मेरा कोई लेना–देना नहीं होगा। **तसब्बर जहां पत्नी जैनुल आब्दीन ग्राम सिसहना, मशमूले जानकी नगर,पोस्ट गोदहना,थाना गौरा चौराहा जनपद बलरामपुर**

**सूचना**
मैं **नफीसा पत्नी अबरार हसन निवासिनी–गढ़ी मोहल्ला, ग्राम व पोस्ट बिजनौर, जिला लखनऊ, उ0प्र0**, मेरा सही नाम नफीसा (NAFEESA) है। जबकि आधार कार्ड व पैन कार्ड बनवाते समय गलती से नफीसा (NAFEESA) के स्थान पर नफीसन (NAFISAN) अंकित हो गया है। जो कि गलत है। मैं अपना नाम नफीसन (NAFISAN) के स्थान पर नफीसा (NAFEESA) करवाना चाहती हूँ। जो कि सत्य व सही हैं। अतः मेरा नाम जहाँ–जहाँ पर नफीसन (NAFISAN) है उसके स्थान पर नफीसा (NAFEESA) पढ़ा व समझा जाएं।

**न्यूज ब्रीफ**

## मनरेगा और गौशाला व्यवस्था की हुई समीक्षा

**रामनगर, बाराबंकी:** खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बुधवार को पंचायत सचिवों के साथ बैठक कर विकास योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने मनरेगा कार्यों में तेजी लाने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और सभी जॉब कार्ड धारकों की शत-प्रतिशत केवाईसी कराने को कहा। इसके अलावा, बीडीओ ने गौशालाओं में स्वच्छ पानी, चारा और सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने और आगामी वृक्षारोपण के लिए स्थलों का चयन कर नई कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में एडीओ पंचायत अभय शुक्ला समेत सभी पंचायत सचिव उपस्थित रहे।

## आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील

**मसौली, बाराबंकी:** अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक सनत मिश्रा की अध्यक्षता में थाना परिसर में बुधवार को जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें ईद और अलविदा नमाज को सकुशल एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के निर्देश दिए गए। सनत मिश्रा ने लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने और ग्राम प्रधानों सहित अन्य प्रबुद्धजनों से जागरूकता अभियान चलाने का आह्वान किया। उन्होंने रास्तों, साफ-सफाई और पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देश दिए। बैठक में वरिष्ठ उपनिरीक्षक शमशाद अली, चौकी प्रभारी सहादतगंज संतोष त्रिपाठी, त्रिलोकपुर संजय यादव, कस्बा प्रभारी अभय गुप्ता, उपनिरीक्षक राजकरन सिंह, प्रधान मुईन वारिस, मोहम्मद एजाज अंसारी, नूर मोहम्मद, मोहम्मद सलमान, रहमत अली, मोहम्मद आदिल, अजय कुमार, ललित कुमार, अंगद गौतम, नसरुद्दीन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी व्यवस्था धड़ाम

## सुबह से शाम तक एजेंसियों पर लग रही उपभोक्ताओं की कतार, पूर्ति विभाग का दावा, कोई किल्लत नहीं

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार:** जिले में घरेलू गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी और वितरण व्यवस्था इन दिनों पूरी तरह चरमराई हुई है। हालात यह हैं कि एक सप्ताह पहले बुकिंग कराने के बावजूद उपभोक्ताओं को सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है और लोग सुबह से शाम तक गैस एजेंसियों के बाहर कतार में लगने को मजबूर हैं। तेज धूप में खड़े उपभोक्ता एक सिलेंडर के लिए जूझते नजर आ रहे हैं और कई जगह हंगामे की नौबत भी आ रही है। बताया जा रहा है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईरान पर हमले और बढ़ी उथल-पुथल का असर घरेलू व कॉमर्शियल गैस आपूर्ति पर पड़ा है। इसके बावजूद पूर्ति विभाग जिले में आपूर्ति व्यवस्था सुचारु होने का दावा कर रहा है। हालांकि जमीनी हकीकत इससे अलग दिखाई दे रही है, क्योंकि उपभोक्ताओं को एक सप्ताह पहले की बुकिंग के बाद भी होम डिलीवरी नहीं मिल रही और उन्हें सीधे एजेंसी बुलाया जा रहा है। एजेंसियों पर उपभोक्ताओं को मोबाइल ओटीपी, परची कटाने और लंबी लाइन में लगने के बाद ही सिलेंडर मिल पा रहा है। करीब चार दिन से अधिक समय से गैस आपूर्ति में लगातार व्यवधान बना हुआ है। इस संकट से न केवल घरेलू उपभोक्ता परेशान हैं, बल्कि होटल, रेस्टोरेंट, चाट और फास्ट फूड का कारोबार करने वाले व्यापारी भी सिलेंडर के लिए भटक रहे हैं। वहीं पूर्ति विभाग स्थिति को नियंत्रण में बताते हुए सब कुछ सामान्य होने का दावा कर रहा है।


मयूर विहार कॉलोनी में गैस एजेंसी के बाहर लगी ग्राहकों की भीड़। अमृत विचार


ज्ञापन सौंपते कांग्रेस नेता। अमृत विचार

### 61 एजेंसियों पर आपूर्ति का जिम्मा

जिले में वर्तमान में 61 गैस सिलेंडर वितरण एजेंसियां हैं, जबकि लगभग 6 लाख 28 हजार उपभोक्ता सिलेंडर के लिए पंजीकृत हैं। इनमें से 3 लाख 26 हजार उज्जवला योजना के लाभार्थी हैं। प्रतिदिन करीब 13 हजार सिलेंडर की रिफिलिंग हो रही है, लेकिन एजेंसियां समय पर उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं करा पा रही हैं। इस वजह से प्रभावित उपभोक्ता सारा कामकाज छोड़कर एजेंसियों के बाहर लाइन में खड़े रहते हैं। तेज धूप में लंबे समय तक इंतजार करना आम बात बन गई है, जिससे बहस, हंगामा और गहमा-गहमी का माहौल भी बन जाता है। ऐसे में जिले में घरेलू गैस आपूर्ति व्यवस्था उपभोक्ताओं के लिए भारी चुनौती बन गई है। उधर, इस संबंध में जिला पूर्ति अधिकारी राकेश तिवारी बताते हैं कि स्टाक की कोई कमी नहीं है। सभी एजेंसी संचालकों को बुलाकर सुचारू वितरण के निर्देश दिए गए हैं। आपूर्ति और वितरण पर नजर रखी जा रही है।

### रसोई गैस की किल्लत को लेकर सौंपा ज्ञापन

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी:** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुधवार को सिरौलीगौसपुर तहसील मुख्यालय पर रसोई गैस की कमी और कीमतों में वृद्धि के विरोध में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट तेजस के. को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहसिन किदवई ने कहा कि पिछले एक हफ्ते से ब्लॉक में कुकिंग गैस की डिलीवरी वैन बंद है, जिससे लोगों को लंबी लाइनों में घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि सरकार गृहणियों को मुफ्त रसोई गैस उपलब्ध कराने की बात करती है, लेकिन त्योहारों और विवाह जैसे समय में आम जनता को गैस नहीं मिलना सरकार की विफलता है। ज्ञापन सौंपने वालों में ब्लाक अध्यक्ष मुरली रावत, परवेज अहमद, शिवकुमार वर्मा, मोइरफान, रंजीत कुमार, अमरेश कुमार, बदरूदीन वारसी, अनिता गौतम सहित कई अन्य कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता शामिल थे।

**गैस एजेंसी और पेट्रोल पंपों का किया निरीक्षण: सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी:** ज्वाइंट मजिस्ट्रेट तेजस के. ने बुधवार दोपहर तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा और पूर्ति निरीक्षक सुनील कुमार के साथ इंडियन गैस एजेंसी सैदनपुर और क्षेत्र के पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया। उन्होंने गैस एजेंसी मालिक फ़ैज़ अहमद से स्टॉक और वितरण की जानकारी ली, जिसमें बताया गया कि गोदाम में 178 भरे सिलेंडर मौजूद हैं और 342 सिलेंडरों की डिलीवरी गाड़ी शाम तक पहुंच जाएगी। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने अभिलेखों की जांच कर उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। फ़ैज़ अहमद ने अपील की कि जिनकी ई-केवाईसी अधूरी है, वे ऐप या एजेंसी कर्मचारियों से इसे पूरा करा लें, ताकि उज्ज्वला योजना के तहत लाभ और मुफ्त सिलेंडर का पैसा समय पर मिल सके। निरीक्षण के बाद उपजिलाधिकारी ने सैदनपुर और औलिया लालपुर स्थित पेट्रोल पंपों का दौरा कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा ने बताया कि एजेंसियों व पंपों की व्यवस्था ठीक है। अफसरों को निर्देश दिए गए हैं।

**होटल और ढाबा संचालक परेशान: रामनगर, बाराबंकी:** कस्बे और आसपास के क्षेत्रों में कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कमी से होटल और ढाबा संचालकों की रोटी-रोटी प्रभावित हो गई है। कई होटल संचालक मजबूरी में कोयले की भट्ठी पर खाना बनाना शुरू कर चुके हैं। संचालकों का कहना है कि पहले सिलेंडर आसानी से मिल जाते थे, लेकिन हाल के दिनों में इसकी उपलब्धता कम हो गई है। इसके चलते कारोबार प्रभावित हो रहा है और अतिरिक्त खर्च भी बढ़ा है। कुछ संचालकों ने बताया कि जुगाड़ कर सिलेंडर लेना पड़ रहा है, लेकिन अगर यही स्थिति रही तो कोयले की भट्ठी ही विकल्प रह जाएगा। कमर्शियल सिलेंडर की कमी से कोयले की मांग बढ़ गई है। वर्तमान में कोयले का दाम लगभग 1400 रुपये प्रति कुंतल है और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। घरेलू गैस उपभोक्ताओं को भी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पिछले चार दिनों से फोन के जरिए गैस बुकिंग नहीं हो पा रही है, जिससे एजेंसियों पर भीड़ बढ़ गई है। एजेंसी संचालक कहते हैं कि सिलेंडर की कमी नहीं है, लेकिन बिना बुकिंग सिलेंडर देना संभव नहीं है।

## विवाहिता को पुत्र समेत लेकर युवक लापता

**बनीकोडर, बाराबंकी:** असन्द्रा थाना क्षेत्र में एक विवाहिता अपने बेटे समेत घर से लापता हो गई। उसे भगा ले जाने का आरोप एक युवक पर लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। सिद्धौर निवासी युवक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पत्नी को सदनी पुरवा मजरे ग्राम पंचायत सरदीपुर थाना रामसनेहीघाट निवासी रोहित आठ मार्च को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। आरोप है घटना के समय वह और उसके परिवार के लोग रिश्तेदारी में निमंत्रण में गए थे। इस दौरान आरोपी घर में रखे करीब 8500 रुपये नगद और लगभग तीन लाख रुपये के जेवर भी साथ ले गया। इतना ही नहीं, आरोपी महिला के साथ चार वर्षीय पुत्र को भी अपने साथ ले गया है। पीड़ित ने पुलिस को आरोपी के दो मोबाइल नंबर भी उपलब्ध कराए हैं।

## डांस को लेकर विवाद, दो युवकों को पीटा

**कोठी, बाराबंकी:** थाना क्षेत्र में बारात के दौरान डांस को लेकर हुए विवाद में कुछ लोगों ने दो युवकों की पिटाई कर दी। मामले में पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। ग्राम नौबस्ता निवासी जगजीवन प्रसाद ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा आनंद मोहन नौ मार्च को मामा की बारात में ग्राम अइमा मजरे सेमराबां गया था। आरोप है कि वहीं डांस करने और पुरानी रंजिश को लेकर गांव अइमा के मिंटू, कल्लू, विजय और रामसरन समेत अन्य लोगों ने आनंद मोहन और उसके चचेरे साले मंगलदीप को लाठी-डंडों व लात-घूंसों से मारपीट कर घायल कर दिया। हमले में आनंद मोहन के सिर तथा मंगलदीप के मुंह व सीने पर चोटें आई हैं। तहरीर पर कोठी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## राम मर्यादा और आदर्श आचरण के प्रतीक


महंत का स्वागत करते विधायक दिनेश रावत व पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुनील सिंह।

**हैदरगढ़, बाराबंकी:** मणिराम दास छावनी अयोध्या के महंत नृत्य गोपाल दास जी महाराज के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास जी महाराज ने हैदरगढ़ के प्रमुख व्यवसायी राजकुमार अग्रवाल के आवास पर शिष्यों और भक्तों के बीच प्रवचन दिया। महंत ने राम को मर्यादा और आदर्श आचरण का प्रतीक बताया और कहा कि राम ने न केवल मानव मात्र से, बल्कि पशु-पक्षियों और प्रकृति से भी प्रेम किया। विधायक दिनेश रावत, सुनील सिंह, राजेंद्र कुमार अग्रवाल, शिवकुमार चतुर्वेदी, दिनेश शुक्ला, आलोक तिवारी, राजकुमार सिंह, कृष्ण कुमार सिंह मुन्नू, शक्ति सिंह, संजीव गोयल आदि ने महंत का जोरदार स्वागत किया।

## महामृत्युन्जेश्वर धाम में हुआ कवि सम्मेलन


काव्य पाठ करते कवि। अमृत विचार

**सूरतगंज, बाराबंकी:** बसौली स्थित महामृत्युन्जेश्वर महादेव धाम में नर्मदेश्वर महादेव व हनुमानजी की प्राण-प्रतिष्ठा के मौके पर मंगलवार की रात्रि विराट कवि सम्मेलन आयोजित हुआ। सुदूर से आए कवियों ने भक्ति और सामाजिक संदेश से भरपूर काव्य पाठ कर श्रोताओं से वाहवाही लूटी। काव्य पाठ की शुरुआत लखनऊ की कवियित्री संध्या त्रिपाठी ने मां सरस्वती वंदना के साथ की। इसके बाद कवि शेखर त्रिपाठी, कवि चंद्रकांत शुक्ला शौर्य, डा. ओम शर्मा ओम, कवि सीताकांत स्वयम्भू, डा. राजकुमार आशीर्वाद, कवि मनोज मिश्रा शीत, कवि प्रवीन चौबे और कवि जगन्नाथ निर्दोष ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को भाव-विभोर और जोश से भर दिया। संचालन रामकिशोर तिवारी ने किया। इस मौके पर विजय कुमार मिश्रा, अरुण सिंह, पंकज मिश्रा, रामनरेश शुक्ला, आशीष कुमार आदि रहे।

## कुसंगति से बिगड़ जाती है बुद्धि


कथा सुनाते स्वामी स्वारूपानंद जी महाराज। अमृत विचार

**फतेहपुर, बाराबंकी:** नगर के मोहल्ला पचघरा स्थित ओम शिवालय रक्षाबंधन मेला मैदान पार्क में छठे दिन की श्रीराम कथा का आयोजन हुआ। इसमें स्वामी स्वारूपानंद जी महाराज ने प्रवचन देते हुए मानव जीवन में संगत की महिमा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वनवास प्रकरण में वही कैकई जी राम जी के लिए 14 वर्ष का वनवास मांगती हैं, जो पहले उन्हें प्राणों से अधिक मानती थीं, क्योंकि कुसंगत से बुद्धि बिगड़ जाती है। उन्होंने केवट द्वारा रामजी को गंगा पार कराने और भगवान की भक्तों पर कृपा के प्रसंग साझा किए। कार्यक्रम में राजीव नयन तिवारी, हरनाम सिंह वर्मा, राजेंद्र तिवारी, बाबा हेमंत दास, अभिमन्यु श्रीवास्तव, राजेश जायसवाल, मुकेश त्रिपाठी, सरदार सतनाम सिंह, राजन तिवारी, मुन्ना तिवारी, सुरेश चंद्र मिश्रा, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## व्याख्यान : महिलाओं के अधिकार व समानता के प्रति बनें संवेदनशील


कार्यक्रम में विचार रखतीं मुख्य वक्ता।

**बाराबंकी, अमृत विचार:** श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज़ के लीगल एड सेल और गेस्ट लेक्चर कमेटी के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष अतिथि व्याख्यान एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अनुवाद अधिकारी केंद्रीय सरकार लखनऊ कंचन सिंह चौहान Break the Bias: Promote Gender Equality विषय पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने विद्यार्थियों को महिलाओं के अधिकार, समान भागीदारी और समाज में लैंगिक समानता के प्रति संवेदनशील बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने प्रश्नों के माध्यम से विषय की गहरी समझ प्राप्त की। विश्वविद्यालय के चांसलर इंजी. पंकज अग्रवाल, प्रो-चांसलर इंजी. पूजा अग्रवाल और कुलपति प्रो. (डॉ.) विजय तिवारी के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## हंसिया से वार कर युवक की अंगुलियां तोड़ीं

**बाराबंकी, अमृत विचार:** कोतवाली नगर क्षेत्र में खेत में पानी जाने को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर हंसिया से हमला कर उसकी उंगलियां तोड़ दी गईं। जानकारी के अनुसार कोतवाली नगर क्षेत्र के ग्राम खसपरिया निवासी सोनू पुत्र दिलीप कुमार ने शिकायत में बताया कि एक फरवरी को वह अपने खेत में पानी लगा रहा था। इसी दौरान गलती से पानी पड़ोसी त्रिलोकी रावत के आलू के खेत की नाली में चला गया। आरोप है कि इस बात को लेकर त्रिलोकी रावत गाली-गलौज करने लगे। सोनू ने विरोध करते हुए नुकसान की भरपाई करने की बात कही, लेकिन आरोपी नहीं माना और झगड़े पर उतारू हो गया। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी ने हंसिया लेकर उस पर हमला कर दिया, जिससे उसके बाएं हाथ की दो उंगलियां टूट गईं। घटना के बाद उसने मोहम्मदपुर चौकी और कोतवाली नगर थाने में शिकायत की।


कार्यक्रम का शुभारंभ करते खंड शिक्षा अधिकारी। अमृत विचार

## विद्यालयों के प्रबंध समिति सदस्यों को दी ट्रेनिंग

**बाराबंकी, अमृत विचार:** विकासखंड बंकी के समस्त परिषदीय विद्यालयों की विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य सचिवों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम लखनऊ पब्लिक स्कूल कुरौली परिसर में आयोजित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी बंकी चंद्रशेखर यादव ने इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बीईओ ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य सदस्यों को विद्यालय के सुचारु संचालन, शिक्षा की गुणवत्ता सुधार और शैक्षिक योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जागरूक करना है। प्रशिक्षक राजेंद्र सिंह, संतोष त्रिवेदी और वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने सदस्यों को उनके अधिकार एवं कर्तव्यों से अवगत कराया। कार्यक्रम में 179 विद्यालयों के प्रबंध समिति सदस्य, प्रधानाध्यापक और अन्य सदस्य सक्रिय रूप से शामिल हुए और अनुभव साझा कर एकजुटता का संकल्प लिया। अंत में खंड शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर यादव ने प्रतिभागियों का धन्यवाद किया और उम्मीद जताई कि प्रशिक्षण से विद्यालयों के संचालन और शैक्षिक प्रगति में सुधार होगा।

## पंच दिवसीय सत्संग समारोह संपन्न

**रामसनेहीघाट, अमृत विचार:** निस्कापुर (छुलिहा) में आयोजित पंच दिवसीय अद्भुत सत्संग समारोह एवं संत सम्मेलन के समापन पर श्रद्धालुओं ने भक्ति और आध्यात्मिकता का अनुभव किया। समापन अवसर पर पूज्य स्वामी वीरेंद्रानंद पुरी जी महाराज ने प्रेरक प्रवचन देते हुए कहा कि मानव जीवन अत्यंत दुर्लभ है और इसे केवल भौतिक सुख-सुविधाओं में नहीं, बल्कि धर्म, सेवा, सदाचार और ईश्वर भक्ति के मार्ग पर चलकर सार्थक बनाना चाहिए। उन्होंने संतों के सानिध्य में सत्संग करने और आत्ममंथन से जीवन सुधारने की प्रेरणा दी। सत्संग समारोह में विभिन्न संत-महात्माओं ने धर्म, भक्ति और सदाचार का संदेश दिया। समापन कार्यक्रम में क्षेत्र के शिक्षक संघों के नेता अनेक संभ्रांतजन उपस्थित रहे। आयोजकों ने सभी संत-महात्माओं, अतिथियों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

## आरोप: अवर अभियंता को ब्लैकमेल करने की कोशिश

**सफदरगंज, बाराबंकी:** बिजली विभाग के एक अवर अभियंता को मोबाइल और व्हाट्सएप के जरिए ब्लैकमेल करने का प्रयास किया गया। जेई की तहरीर पर दो अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र रसौली में तैनात अवर अभियंता विशांत वर्मा ने बताया कि उनके पास 23 फरवरी को एक अज्ञात व्यक्ति आया। उसने "अर्बन डोर डेवलपमेंट" के नाम पर विद्युतीकरण के लिए प्राक्कलन तैयार कराने की बात कही। अभियंता ने विभागीय नियमों के अनुसार ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन करने के बाद ही सर्वेकरने की प्रक्रिया बताई। इसके बाद 25 फरवरी को वही व्यक्ति फिर उपकेंद्र पहुंचा और बिजली संयोजन की अनुमानित लागत पूछने लगा। अभियंता ने ओवरहेड और अंडरग्राउंड लाइन के हिसाब से करीब 6 से 10 लाख रुपये की संभावित लागत बताई। अगले दिन 26 फरवरी को उसी व्यक्ति ने दोपहर फोन कर फिर अनुमानित लागत पूछी। शाम को व्हाट्सएप पर संदेश भेजकर अभियंता पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए मामले में समझौता करने का दबाव बनाया।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे दबकर किसान की मौत

**बाराबंकी, अमृत विचार:** शहर से सटे इलाके में स्थित एक कोल्ड स्टोरेज में आलू रखने आए किसान की ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे दबकर मौत हो गई। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद मौजूद किसानों में आक्रोश फैल गया। जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम करीब चार बजे जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरौली निवासी 55 वर्षीय किसान उमेश चंद्र वर्मा पुत्र भगवती प्रसाद नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित बिंद्रा कोल्ड स्टोरेज में आलू रखने पहुंचे थे। बताया जा रहा कि परिसर में अव्यवस्था के चलते ट्रैक्टर-ट्रॉलियां आड़ी-तिरछी खड़ी थीं। इसी दौरान एक ट्रैक्टर ट्रॉली को बैक करते समय उमेश चंद्र वर्मा उसके नीचे आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही गंभीर चोटें लग गईं। हादसे के बाद कोल्ड स्टोरेज परिसर में अफरा तफरी मच गई। किसान को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## दूध लेने गए युवक पर जानलेवा हमला

**बाराबंकी, अमृत विचार:** कोतवाली नगर क्षेत्र में एक युवक पर चाकू से हमला और मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। मोहल्ला महर्षि नगर लखपेड़ाबाग निवासी नीरज सिंह ने बताया कि उनका पुत्र 27 फरवरी की शाम अमित टेंट हाउस के पास स्थित यादव डेयरी पर दूध लेने गया था। आरोप है कि रास्ते में पहले से घात लगाकर बैठे अब्दुल, सूफियान, ऋषि सिंह, शौर्य सिंह व दो अन्य अज्ञात लोगों ने उसे गालियां देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने युवक को लात-घूंसों से पीटना शुरू कर दिया। इसी दौरान सूफियान ने चाकू से गर्दन की ओर वार किया। बचाव के दौरान चाकू युवक की कनपटी के पास लग गया जिससे वह घायल हो गया। हमले से बचने के लिए युवक यादव डेयरी के अंदर घुस गया, आरोप है कि हमलावर उसे खींचकर बाहर ले आए और फिर मारपीट की।

## वीआईपी नंबरों की ई-सिम स्वैपिंग करने वाले दो शातिर पकड़े गए

**बाराबंकी, अमृत विचार:** बीएसएनएल के वीआईपी नंबरों की ई-स्वैपिंग करने वाले दो शातिर दबोचे गए हैं। लखनऊ व सीतापुर के रहने वाले शातिर लाखों कमा रहे थे। साइबर टीम ने इनके पास से चार मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, मामले में पहले से आईटी एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे में आगे की कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार आरोपियों में राकेश पाल पुत्र मेवालाल निवासी तिलक खेड़ा थाना संडीला जनपद हरदोई हाल पता सूरजकुंड मंदिर बुद्धेश्वर चौराहा थाना पारा, लखनऊ और शुभम शुक्ला पुत्र स्व. गिरीश शुक्ला निवासी थानगांव थाना थानगांव जनपद सीतापुर शामिल हैं। पूछताछ में सामने आया कि राकेश पाल इस गिरोह का मास्टरमाइंड है। वह अपने साथी शुभम शुक्ला के साथ मिलकर "संचारआधार"ऐपकेजरिएबीएसएनएलकर्मचारियोंकीलॉग-इनआईडीऔरपासवर्डहासिलकरलेताथा।इसकेबादकरीब101 वीआईपी मोबाइल नंबरों की कूटरचित तरीके से ई-सिम जारी कर ली गई। पुलिस के मुताबिक आरोपी इन ई-सिम को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से 10 हजार से लेकर 2 लाख रुपये तक में बेचते थे और इसी से अवैध कमाई करते थे। कार्रवाई में संजीव कुमार यादव, अच्छे लाल सरोज, सत्येन्द्र प्रकाश पांडेय, जितेंद्र गौड़, नीरज यादव तथा राजन यादव शामिल रहे।

## सत्यानंद आजाद ने जीता प्रथम पुरस्कार



**बाराबंकी, अमृत विचार:** भारतीय डाक विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की ढाई आखर पत्र लेखन स्पर्धा के उप्र परिमंडल के राज्य स्तरीय परिणाम घोषित कर दिए गए। बाराबंकी के पायनियर मोंटेसरी इंटर कॉलेज लखपेड़ा बाग के 9वीं कक्षा के छात्र सत्यानंद आजाद ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे परिमंडल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता मेरे आदर्श को पत्र विषय पर आयोजित की गई थी और यह अभियान 8 सितंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक चला। सत्यानंद आजाद ने 18 वर्ष से कम आयु वर्ग की लिफाफा श्रेणी में हिस्सा लिया और प्रथम पुरस्कार के रूप में 25 हजार की राशि प्राप्त की। समारोह में बाराबंकी मंडल की अधीक्षक डाकघर किरण सिंह ने सत्यानंद आजाद की प्रतिभा की सराहना की।

**बैठक** | ओडिशा और आंध्र प्रदेश समेत अन्य राज्यों में आलू भेजकर अच्छा मूल्य पा सकते हैं किसान

# आलू किसानों को मिलेगा बेहतर मूल्य : दिनेश प्रताप

- आलू कृषक और हितधारकों के बीच क्रेता-विक्रेता सम्मेलन का किया गया आयोजन

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**


सम्मेलन को संबोधित करते उद्यान मंत्री।

**अमृत विचार:** उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में अयोध्या मण्डल, अयोध्या और देवीपाटन मण्डल के आलू कृषक और हितधारकों के बीच क्रेता-विक्रेता सम्मेलन डीआरडीए गांधी सभागार में आयोजित किया गया। बैठक में उद्यान मंत्री ने बताया कि आलू विपणन की बहुत संभावनाएं हैं और किसानों को वर्तमान दरों से घबराने की आवश्यकता नहीं है। मंत्री ने सलाह दी कि किसान अपने आलू अन्य राज्यों जैसे उड़ीसा और आंध्र प्रदेश भेजकर बेहतर मूल्य प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने किसानों, शीतगृह स्वामियों और उद्यमियों से भी बातचीत की। सम्मेलन में किसानों ने आलू के साथ-साथ मेंथा और टमाटर के अधिक उत्पादन और भंडारण की समस्या का जिक्र किया। इसके जवाब में मंत्री ने खाद्य प्रसंस्करण नीति के तहत 35 प्रतिशत अनुदान लेकर इकाई स्थापित करने का आह्वान किया और मण्डी परिषद में कोल्ड रूम लगवाने की प्रक्रिया जल्द पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने शीतगृह स्वामियों से यह भी कहा कि शेष कोल्ड स्टोरेज का उपयोग टमाटर के भंडारण के लिए किया जाए। मंत्री ने बताया कि प्रदेश में आगरा आलू अनुसंधान केंद्र विश्व में दूसरे स्थान पर है, जिससे प्रदेश को एक पहचान मिली है। इसके अलावा बाराबंकी में पुष्प उत्पादन के लिए सेंटर ऑफ एक्सलेंस फॉर फ्लावर स्थापित किया गया है। प्रदेश की हाईटेक नर्सरी से 29 करोड़ पौध उत्पादन का लक्ष्य प्राप्त किया गया है और नजदीकी जनपद रायबरेली के शिवगढ़ विकासखंड में सेंटर ऑफ एक्सलेंस फॉर हनी भी स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि लखनऊ में किसानों और शीतगृह स्वामियों की सुविधा के लिए एक कार्यालय केंद्र भी जल्द स्थापित किया जाएगा, ताकि उनकी समस्याओं का समाधान एक ही स्थान पर किया जा सके। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष राम सिंह उर्फ भुल्लन, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत, अपर मुख्य सचिव उद्यान बी.एल. मीणा, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, निदेशक उद्यान भानु प्रकाश राम, संयुक्त निदेशक उद्यान राजीव कुमार वर्मा और सर्वेश कुमार, निदेशक मण्डी परिषद, उप्र, उप निदेशक उद्यान, अयोध्या मण्डल और देवीपाटन मण्डल के सभी जिला उद्यान अधिकारी, शीतगृह स्वामी, आलू उत्पादक कृषक, उद्यमी, भारतीय किसान यूनियन के प्रतिनिधि और प्रगतिशील कृषक उपस्थित रहे।

## प्रताड़ना से व्यथित किशोर ने लगाई फांसी

**रामनगर, बाराबंकी:** किराए के मकान में रह रहे एक आभूषण व्यापारी के किशोर पुत्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आरोप है कि गांव के ही कुछ लोग उसे घर से बाहर निकलने पर प्रताड़ित कर रहे थे। गोंडा जिला करनैलगंज थाना क्षेत्र के बालपुर बाजार निवासी बिरजू सोनी ने बताया कि वह पिछले करीब पांच वर्षों से रामनगर थाना क्षेत्र के ग्राम जानकीनगर इब्राहिमपुर में किराए के मकान में परिवार के साथ रह रहे हैं। वह स्थानीय बाजार में आभूषण की दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। बिरजू सोनी के अनुसार गांव के कुछ लोग उनके 16 वर्षीय पुत्र यश सोनी को घर से बाहर निकलने पर धमकाते थे, जिससे वह मानसिक रूप से काफी परेशान रहता था। आरोप है कि इसी प्रताड़ना से क्षुब्ध होकर बुधवार को यश ने घर के अंदर छत में लगे छल्ले में दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली।

## इफ्तार से बढ़ता है भाईचारा: उमेर किदवई


इफ्तार में मौजूद रोजेदार। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार:** शहर के मुगल दरबार हाल में आपसी भाईचारा और सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए रोजा इफ्तार पार्टी आयोजित हुई। आयोजन समाजसेवी मोहम्मद उमेर किदवई ने किया। इसमें शहर के गणमान्य लोग, समाजसेवी व विभिन्न वर्गों के लोग शामिल हुए। आयोजक मोहम्मद उमेर किदवई ने कहा इफ्तार का उद्देश्य केवल भोजन करना नहीं बल्कि समाज में प्रेम, भाईचारा और एकता की भावना को मजबूत करना है। बताया इफ्तार में अमीर-गरीब का भेद नहीं होता और सभी लोग एक साथ रोजा खोलते हैं। कार्यक्रम में सभासद ताज बाबा राईन, मो. फैसल, आदिल, मुजीब अंसारी, फराज किदवई, मुबारक अंसारी, हुमायूं नईम, इरफान कुरैशी, तौहीद खान, इमरान अली सहित शहर के कई गणमान्य लोग, डॉक्टर और समाजसेवी उपस्थित रहे। मग़रिब की अजान के बाद रोजेदारों ने खजूर और अन्य व्यंजनों के साथ रोजा खोला और देश-प्रदेश में अमन, शांति और खुशहाली की दुआ की।

## न्यूज ब्रीफ

### किशोरी लापता गुमशुदगी दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** मंझिला थाना क्षेत्र के एकगांव से 17 वर्षीय किशोरी लापता हो गई। ढूढने का काफी प्रयास किया गया परंतु कोई पता नहीं चल सका। गुमशुदगी दर्ज कराई गई है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता के अनुसार उसकी 17 वर्षीय पुत्री 8 मार्च को घर से बिना बताए कहीं चली गई है। सभी नाते रिश्तेदारों और उसकी सहेलियों के घर ढूंढने का प्रयास किया गया परंतु कोई पता नहीं चल सका। प्रभारी निरीक्षक मंझिला सत्येंद्र कुमार ने बताया गुमशुदगी दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है।

### कल महिला आयोग की सदस्या करेगी सुनवाई

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार निगम ने बताया कि राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्या एकता सिह द्वारा महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओ को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से 13 मार्च को जनपद के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस (निरीक्षण भवन) में प्रात: 10 बजे से महिलाओं की समस्याएं की जनसुनवाई करेगीं।

### मामूली विवाद में दो पक्षों में मारपीट, दंपति घायल

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के धनसरी गांव में बकरी के बच्चों को लेकर हुए मामूली विवाद ने देखते ही देखते मारपीट का रूप ले लिया। घटना में एक दंपति घायल हो गया, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव धनसरी निवासी इसहाक अली उर्फ असफाक अली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सात मार्च की शाम करीब 6:30 बजे गांव के अजय पाल व उसके परिवार के लोगों से बकरी के बच्चों को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद के दौरान विपक्षी पक्ष ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

# सड़क हादसों में तीन की मौत, युवक गंभीर

## बेटे के साथ बाइक से मल्लावां जा रही महिला की हादसे में मौत, बेनीगंज में कार ने वृद्ध को रौंदा

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जिले में अलग-अलग हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो बुजुर्गों सहित तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दिल्ली जाने के लिए बेटे के साथ बाइक से मल्लावां जा रही महिला की तेज़ रफ्तार वाहन की टक्कर से मौत हो गई। वहीं घर से शौच जा रहे बुजुर्ग को कार ने टक्कर मार दी,जिससे उसकी वहीं पर मौत हो गई। एक अन्य हादसे में सड़क किनारे खड़े होकर बस का इंतजार कर रही वृद्ध महिला को बाइक सवार ने टक्कर मार दी, जिससे वृद्धा की मौत हो गई जबकि बाइक सवार भी घायल हो गया।

पहली घटना में उन्नाव ज़िले के शारदा खेड़ा थाना बेहटा मुजाबर की 46 वर्षीय लक्ष्मी देवी पत्नी रामस्वरुप के चार बेटे और एक बेटी है। पति की एक महीने पहले ही मौत हो चुकी थी। लक्ष्मी देवी का एक बेटा अशोक दिल्ली में काम करता है, होली पर घर आया हुआ था। मंगलवार को मां को अपने साथ लेकर वह दिल्ली जा रहा था। अशोक को मल्लावां से दिल्ली जाने वाली बस पकड़नी थी। वह पहले ही मल्लावां पहुंच गया, लक्ष्मी को उसका छोटा बेटा मनीष उसे बाइक से मल्लावां छोड़ने जा रहा था। सण्डीला-मल्लावां रोड पर गोसवा के पास तेज़ रफ्तार गाड़ी ने बाइक में टक्कर मार दी,जिससे लक्ष्मी सड़क पर गिर पड़ी,उसे सीएचसी मल्लावां से मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया, जहां उसकी मौत हो गई। दूसरी घटना में दूसरी तरफ बेनीगंज कोतवाली के अटरा निवासी 62 वर्षीय रामभजन का बघौली-प्रतापनगर चौराहा रोड पर मकान है। मंगलवार की शाम को वह शौच के लिए सड़क पार कर रहा था,उसी बीच तेज़ रफ्तार कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी वहीं पर मौत हो गई। खेती-बाड़ी करने वाले रामभजन के परिवार में पत्नी रामदेवी के अलावा तीन बेटे और दो बेटियां है। तीसरी घटना में लोनार थाने के सरायं राघव गांव की 69 वर्षीय रामदुलारी पत्नी मोहन हरपालपुर बहन कुसुम के घर होली मिलने गई हुई थी। बुधवार की शाम को वहीं से लौटने के लिए हाई-वे पर कटियारी डिग्री कालेज के पास खड़ी बस की राह देख रही थी,उसी बीच बांसी गांव निवासी 22 वर्षीय राजू पुत्र झिन्नी जोकि वेल्डिंग मिस्त्री है, हरपालपुर से घर जा रहा था,उसी बीच पीछे से आ रहे तेज़ रफ्तार गाड़ी ने उसके टक्कर दी,जिससे बेकाबू हुई बाइक बुजुर्ग रामदुलारी से टकरा हुए पलट गई,हादसे में ज़ख्मी हुई बुज़ुर्ग रामदुलारी की वहीं पर मौत हो गई। जबकि बाइक सवार राजू बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया,जिसे सीएचसी हरपालपुर से मेडिकल कालेज मे.भर्ती कराया गया है।

### अनियंत्रित ट्रक कॉलेज की दीवार से भिड़ा

**हरदोई, अमृत विचार।** सड़क पर एका-एक रफ्तार बेकाबू होने से मौरंग से लदा ट्रक इधर-उधर रखी गुमटियों को चपेट में लेते हुए फार्मेसी कालेज की दीवार में जा घुसा। बुधवार की सुबह हुए हादसे में तमाम राहगीर उसकी चपेट में आने से बाल-बाल बच गएगुरुवार की सुबह पिहानी रोड पर जा रहे मौरंग से लदे ट्रक की रफ्तार कोतवाली देहात के पोखरी के पास पहुंचते ही एका-एक एका-एक बेकाबू हो गई और वह इधर-उधर रखीं गुमटियों को अपनी चपेट में लेते हुए फार्मेसी कालेज की दीवार में जा घुसा। टक्कर इतनी तेज़ थी कि दीवार की ईंटे उछल कर काफी दूर तक बिखर गई। उनका कहना है कि गनीमत रहा कि उस बीच कोई राहगीर सामने नहीं था,वरना उसकी जान जोखिम में पड़ सकती थी। पुलिस ने चश्मदीद लोगों से पूछताछ करते हुए ट्रक को वहां हटवा कर रास्ता साफ कराया।

### बेकाबू कार ने बाइक में मारी टक्कर, युवक की हालत गंभीर

**हरदोई, अमृत विचार।** लखनऊ-पलिया हाई-वे पर बेकाबू कार बाइक में टक्कर मारते हुए झाड़ियों में जा फंसी। हादसे में बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गया, जिसे 100 बेड हास्पिटल से हायर सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है, उसकी हालत नाज़ुक बनी हुई है। कोतवाली देहात के खेरौली गांव निवासी महेश का 18 वर्षीय पुत्र वीरेश बुधवार की दोपहर बाइक से शहर जा रहा था। रास्ते में नयागांव पेट्रोल पम्प के सामने तेज़ रफ्तार कार उसे टक्कर मारते हुए झाड़ियों में जा फंसी। हादसे में वीरेश बुरी तरह ज़ख्मी हो गया,उसे 100 बेड हास्पिटल पहुंचाया गया,जहां के डाक्टरों ने हायर सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया।

### आगे चल रहे ट्रक से टकराई कार हादसे में बाल-बाल बचा परिवार

**सांडी, हरदोई, अमृत विचार।** कहावत है जाको राखे साइयां मार सके न कोई.... यह बात उसे वक्त सच साबित हुई जब सांडी मार्ग पर शादी की खुशियां मातम में बदलते बदलते बची लड़के की शादी के लिए हरदोई से खरीददारी करके लौट रहे एक परिवार की कार सड़क पर आगे चल रहे हैं ट्रक से जा टकराई टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए, लेकिन ईश्वर की कृपा रही कि कार में सवार पुत्र और पत्नी समेत परिवार का कोई सदस्य गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ।

कस्बे के मोहल्ला औलाद गंज निवासी राम अवतार सैनी के पुत्र मन्नू की शादी 11 मार्च बुधवार को होनी थी। मंगलवार को वह अपनी पत्नी पुष्पा एवं पुत्र सौरभ के साथ हरदोई जेवर एवं कपड़ों की खरीदारी करने गया था। देर शाम खरीदारी करके वापस अपने घर लौट रहा था। सांडी रोड पर लाहौरी पुरवा गांव के पास अचानक आगे चल रहे ट्रक ने ब्रेक लगा दी, जिस कार अनियंत्रित होकर ट्रक के पिछले हिस्से में जा घुसी एवं उसके पीछे आ रहे दूसरे ट्रक ने उसकी कार में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि आसपास रहने वाले लोग सहम गए। कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसे देखकर पहली नजर में किसी के जीवित होने के उम्मीद कम ही लग रही थी। चीख पुकार सुनकर मौके पर स्थानीय लोगों एवं राहगीरों ने तुरंत उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया।

## बाइक फिसलने से युवक की मौत अग्नि वीर व चचेरा भाई घायल

**हरदोई, अमृत विचार।** युवक अग्नि वीर और उसके चचेरे भाई के साथ शादी में शामिल हो कर बाइक से वापस लौट रहा था,उसी बीच सकाहा पुलिया के पास उनकी बाइक फिसल गई,जिससे तीनों ज़ख्मी हो गए,जिन्हे मेडिकल कालेज से हायर सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया,जहां युवक की मौत हो गई,जबकि अग्नि वीर और उसके चचेरे भाई का इलाज चल रहा है।

नौ मार्च को हरियावां थाने के बीहट नेवादा के मान सिंह की बेटी की शादी थी,समारोह सकाहा पैलेस में था। गांव निवासी बंशीलाल का 24 वर्षीय पुत्र अरुण उर्फ दुल्ली उसी गांव के अपने दोस्त अग्नि वीर अजय सिंह व उसके चचेरे भाई अनुभव सिंह के साथ शादी में शामिल होने गया था,तीनों दोस्त देर रात को बाइक से वापस लौट रहे थे,उसी बीच सकाहा पुलिया के पास उनकी बाइक फिसल गई,जिससे अरुण उर्फ दुल्ली के सिर में गहरी चोंट पहुंची,तीनों को मेडिकल कालेज पहुंचाया गया,जहां से हायर सेंटर लखनऊ रिफर कर दिया गया,वहां मंगलवार की देर शाम अरुण उर्फ दुल्ली की मौत हो गई,जबकि अग्नि वीर अजय सिंह और अनुभव सिंह का इलाज चल रहा है। अरुण उर्फ दुल्ली के परिवार में पत्नी व दो बेटियां है।

### गमगीन माहौल में निकला अलम व ताबूत का जुलूस

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** कस्बे में बुधवार को पैगंबर हज़रत मोहम्मद साहब के दामाद हज़रत अली की शहादत की याद में शिया व सुन्नी समुदाय ने मिलकर मजलिस व जुलूस का आयोजन किया। 21 रमज़ान के इस गमगीन मौके पर अकीदतमंदों ने हज़रत अली की कुर्बानियों को याद करते हुए उन्हें खिराज-ए-अकीदत पेश की। जुलूस की शुरुआत फजिर के समय मोहल्ला सैय्यदवाड़ा स्थित बड़े इमामबाड़े से हुई। अलम व ताबूत के इस जुलूस में या अली मौला हैदर मौला और अली-अली हाय अली की सदाओं के साथ अंजुमन इमामिया के सदस्यों ने मातम की। जुलूस नगर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ कर्बला में संपन्न हुआ।

## यौमे शहादत पर निकाला अलम का जुलूस

संवाददाता, संडीला, हरदोई



अलम का जुलूस निकालते अकीदतमंद। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पैग़म्बर हज़रत मोहम्मद साहब के दामाद हज़रत अली की 21 रमज़ान को हुई शहादत की याद में कस्बे में शिया समुदाय द्वारा मजलिस और अलम का जुलूस निकाला गया। इस दौरान अकीदतमंदों ने ग़म का इज़हार करते हुए हज़रत अली की कुर्बानियों को याद किया।

बुधवार सुबह कस्बे के मोहल्ला मंडई स्थित मीसम रिजवी व शोज़ब रिजवी के आवास पर मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस को मौलाना ज़हीर अब्बास ने संबोधित करते हुए हज़रत अली के जीवन, उनके इल्म, इंसाफ़ और इंसानियत की शिक्षा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हज़रत अली का पूरा जीवन सत्य, न्याय और मानवता की सेवा के लिए समर्पित रहा। उनकी शिक्षाएं आज भी समाज को सही रास्ता दिखाने का काम करती हैं।

मजलिस के दौरान क़ायम रज़ा, आलिम, सलमान और आज़म नक़वी ने दर्द भरे नौहे पढ़े , जिन्हें सुनकर माहौल ग़मगीन हो गया।

मजलिस के बाद हज़रत अली की याद में शबीहे ताबूत व अलम का जुलूस निकाला गया। यह जुलूस मीसम रिज़वी के घर से शुरू होकर मंडई इमाम चौक, छोटा चौराहा, बड़ा चौराहा होते हुए दरगाह हज़रत अब्बास पहुंचा, जहां मजलिस और मातम के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। जुलूस में बड़ी संख्या में शिया समुदाय के लोग शामिल हुए और पूरे रास्ते या अली की सदाओं के साथ ग़म का इज़हार किया।

## टीईटी से मुक्ति को चलाया पोस्टकार्ड अभियान

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** नसिरापुर स्थित बीआरसी पर दर्जनों शिक्षकों ने अपनी मांगों को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के नेतृत्व में टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में पोस्टकार्ड अभियान शुरू किया। इसमें शिक्षकों ने अपनी आवाज बुलंद करते हुए राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष को संबोधित पोस्टकार्ड भेजे।



पोस्टकार्ड अभियान में शामिल होते शिक्षक।

इन पत्रों में मांग की गई कि पुराने शिक्षकों को टीईटी परीक्षा से मुक्त रखा जाए। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रामचंद्र सिंह ने शिक्षकों का पक्ष रखते हुए कहा कि शिक्षा विभाग में टीईटी की व्यवस्था वर्ष-2010 में लागू हुई थी। इससे पूर्व नियुक्त हुए शिक्षक उस समय की निर्धारित योग्यता के आधार पर भर्ती हुए थे। अतः पुरानी नियुक्तियों पर बाद में लागू हुए नियमों को थोपना न्यायसंगत नहीं है। वहीं, ब्लॉक महामंत्री दिनेश वर्मा ने इसे तर्कहीन बता कहा कि संगठन इस नीति का विरोध करता रहेगा। इस दौरान जिला संगठन मंत्री बृजेंद्र कुमार, अटेवा ब्लॉक संयोजक महेंद्र सिंह, करन सिंह, संजय कुमार, इरशाद अली, निजाम अहमद, देवेंद्र प्रताप सिंह, खालिद रशीद, ठाकुर प्रसाद, राजकुमार द्विवेदी, अनुज विश्वकर्मा, आलोक कुमार, सेविना दीक्षित, अर्चना गौतम, आरती शुक्ला, सीमा, कविता, शिवम सिंह, अंकित बाजपेई, अरविंद कुमार, अब्दुल कवि, अवधेश यादव, अर्चना देवी, रचना गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### एसएचओ बेनीगंज व एसआई निलंबित

**हरदोई, अमृत विचार।** ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने वाले एसएचओ और चुनाव कार्यालय में बने स्ट्रांग रूम गार्द में तैनात एसआई को निलंबित कर दिया गया है। शनिवार की शाम बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र में हादसे में युवक की मौत और हंगामा होने के मामले में एसपी ने एसएचओ बेनीगंज इंस्पेक्टर ओम प्रकाश सरोज की लापरवाही मानते हुए उन्हे निलंबित करते हुए जांच के आदेश जारी किए है। वहीं दूसरी तरफ पुलिस लाइन में तैनात एसआई पन्ना लाल सोनी स्ट्रांग रूम गार्द में ड्यूटी से गैर हाज़िर पाए जाने पर उन्हे भी निलंबित कर दिया।

## 4 वाहन टकराने से 10 लोग घायल

संवाददाता, औरास उन्नाव

**अमृत विचार।** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बुधवार सुबह औरास थानाक्षेत्र के पंचमखेड़ा गांव के सामने रिफाइंड से लदे एक ट्रेलर के चालक को झपकी आ गई। इससे अनियंत्रित ट्रेलर डिवाइडर की सुरक्षा जाली तोड़कर दूसरी लेन में जा पहुंचा। इस दौरान सामने से आ रहे लोहे से लदे ट्राला, एक वोल्वो बस व पिकअप आपस में टकरा गए। इसमें बस सवार 10 यात्री गंभीर घायल हो गए।

बता दें कि राजस्थान से रिफाइंड लादकर बिहार जा रहे ट्रेलर का चालक नारायण जैसे ही भोरपहर पंचम खेड़ा के पास पहुंचा उसे झपकी आ गई। इससे अनियंत्रित ट्रेलर दूसरी लेन पर पहुंच गया। जहां गोरखपुर से गाजियाबाद जा रहे लोहे से लदे ट्राला से उसकी सीधी टक्कर हो गई। तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार वोल्वो बस व पिकअप भी एक के बाद एक टकरा गए। टक्कर इतनी तेज थी कि चारों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। सूचना पर औरास पुलिस व यूपीडा टीम पहुंची। बस में सवार 49 यात्रियों में 10 घायल हो गए थे। पुलिस ने एंबुलेंस से सभी को सीएचसी औरास भेजा। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद 4 को गंभीर देख लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। घायलों में अक्षय कुमार (लक्ष्मी नगर, दिल्ली), आदित्य सिंह (चांद पाली, बक्सर), सरवन (पटना, बिहार), पिंटू (सहरसा, बिहार), ऐश्वर्य पांडेय (उत्तम नगर, दिल्ली) शामिल हैं। हादसे के बाद एक्सप्रेस-वे पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा। पुलिस व यूपीडा के कर्मियों ने क्रेन से क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया। इसके बाद मार्ग पर दोबारा यातायात सुचारू किया जा सका।

## तेरहवीं की दावत में खौलता तेल फेंकने से 5 किशोर झुलसे

**औरास उन्नाव, अमृत विचार।** औरास थानांतर्गत दृगपाल खेड़ा गांव में एक वृद्ध की तेरहवीं के दौरान हंसी-मजाक में खौलता तेल फेंकने से 5 किशोर गंभीर रूप से झुलस गए। सभी का लखनऊ के सिविल अस्पताल में उपचार चल रहा है। दृगपाल खेड़ा गांव निवासी लल्लू के घर मंगलवार रात तेरहवीं का कार्यक्रम चल रहा था। रात 9 बजे गांव के कुछ बच्चे व युवक आपस में एक-दूसरे पर पानी डालकर मजाक कर रहे थे। तभी खाना बनने के बाद कड़ाही का बचा हुआ गर्म तेल एक बाल्टी में रखा था। खेल-खेल में विशाल यादव (22) ने तेल को पानी समझकर पास खड़े किशोरों पर उड़ेल दिया। तेल की चपेट में आने से 5 बच्चे झुलस गए। जिनमें सुधीर (14) व रौनक (11) पुत्र कृष्णपाल, सुमित (14) व श्याम बाबू (10) पुत्र विशुन पाल), मनोज (12) पुत्र राम खेलावन शामिल थे। घायलों को लखनऊ के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। बुधवार को परिजनों की तहरीर पर औरास पुलिस ने आरोपी युवक विशाल यादव पर रिपोर्ट दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

### कनेक्शन काटने गई टीम से की मारपीट

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के आजाद नगर में बकाया बिल के चलते कनेक्शन काटने पहुंची विद्युत विभाग की टीम से मारपीट व धमकी देने का मामला सामने आया है। इस संबंध में जेई ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र शुक्लागंज के जेई चांद बाबू के अनुसार, विद्युत चोरी रोकथाम व राजस्व वसूली अभियान के तहत बुधवार दोपहर विभागीय टीम आजाद नगर पहुंची थी। टीम में टीजी-2 सुधीर कुमार, टीजी-2 महेंद्र सिंह व संविदा कर्मी उमेश, रोहित शुक्ला, नरेंद्र व नेपाल वर्मा शामिल थे।



### फूलों की होली के साथ लिया निपुण बनाने का संकल्प

**उन्नाव, अमृत विचार।** रंगों के पर्व होली के उपलक्ष्य में जिले के एकेडेमिक रिसोर्स पर्सन परिवार द्वारा बाईपास स्थित एक गेस्ट हाउस में होली मिलन समारोह व शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम ने न केवल सांस्कृतिक छटा बिखेरी बल्कि, जिले की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा देने का मंच भी तैयार किया। इसमें बीएसए, सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी, डाइट मेंटर व जिले के एसआरजी समेत सभी एआरपी रहे। समारोह में पारंपरिक ऊंच-नीच व भेदभाव भुलाकर सभी ने फूलों की होली खेली। आपसी प्रेम व भाईचारे का संदेश देते हुए शिक्षकों व अधिकारियों ने एक-दूसरे को रंगोत्सव की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का आकर्षण पारंपरिक फाग व आल्हा गायन रहा। जिसकी गूंज ने वातावरण को उत्साह से भर दिया।

## युवती ने मुस्लिम धर्म अपनाने का दबाव बनाने का लगाया आरोप

- घर में घुसकर धर्म परिवर्तन का बनाया दबाव, बात न मानने पर की गाली-गलौज व अभद्रता
- तहरीर मिलने पर जांच-पड़ताल कर रही पुलिस

**औरास उन्नाव, अमृत विचार।** औरास थानांतर्गत एक गांव निवासी युवती के अनुसार, वह अपने घर पर झाड़ लगा रही थी तभी गांव निवासी विशेष समुदाय का एक व्यक्ति उसके घर आया और मुस्लिम धर्म अपनाने के लिए जोर दबाव डालने लगा। उसने कहा कि आप मुस्लिम धर्म अपना लो और मुस्लिम में ही शादी कर लो। इससे आपको बहुत फायदा मिलेगा। आरोप लगाया कि बात करते-करते उसने युवती का हाथ पकड़ लिया और अभद्रता करने लगा। उसके शोर मचाने पर विशेष समुदाय का व्यक्ति वहां से बाहर की ओर निकला और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए उसके घर से चला गया। शोर सुन परिजन पहुंचे तो उसने पूरी घटना बताई। परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर विशेष समुदाय के युवक पर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। परिजनों ने बताया कि यह व्यक्ति गांव में धर्म परिवर्तन की बात किया करता है। थाना प्रभारी संजीव कुशवाहा ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है।

## खेती-किसानी

### आलू की बोआई करने वाले काश्तकारों को लागत निकालने में भी लाले

# किसानों को कंगाल बना रहा सब्जियों का राजा

**परियर उन्नाव, अमृत विचार।** जिले में इस वर्ष हुई आलू की बंपर पैदावार किसानों के लिए खुशहाली के बजाय मुसीबत का सबब बन गई है। सदर तहसील अंतर्गत परियर के मरौंदा गांव के किसान इन दिनों बेहद परेशान हैं। जिस आलू को सब्जियों का राजा कहा जाता है वही आलू आज मंडियों में कौड़ियों के दाम बिक रहा है। जिससे किसानों की कमर टूट गई है।



खेत में आलू की बोरियां भरते किसान। अमृत विचार

मरौंदा गांव के किसान तारा सिंह, योगेंद्र सिंह, पृथ्वीराज, सुघर व इंदल ने बताया कि उन्होंने इस उम्मीद में बड़े पैमाने पर आलू बोई थी कि अच्छी फसल से मुनाफा होगा। लेकिन हकीकत इसके उलट निकली। बीज, खाद, पानी, कीटनाशक व मजदूरी मिलाकर प्रति बीघा लागत करीब 35 से 36 हजार तक पहुंच गई है। मंडी में आलू का भाव मात्र 6 से 7 रुपये प्रति किलो है। इससे किसानों की आमदनी लागत के बराबर भी नहीं पहुंच रही है। इस साल जिले के कई नए क्षेत्रों में किसानों ने आलू की खेती की ओर रुख किया था। पैदावार तो अच्छी हुई लेकिन बाजार में आपूर्ति बढ़ने व मांग कम होने से दाम धड़ाम हो गए। स्थिति यह है कि थोक व फुटकर के बीच का मुनाफा बिचौलियों की जेब में जा रहा है और किसान खाली हाथ रह गया है। इतनी मेहनत के बाद भी लागत न निकलना निराशाजनक है। अब अगली बार आलू लगाने से पहले 100 बार सोचेंगे। आर्थिक दबाव झेल रहे किसानों का सवाल है कि जब लागत भी वसूल नहीं हो रही तो वे परिवार कैसे पालेंगे। क्षेत्र के किसानों ने सरकार से न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करने या राहत पैकेज की मांग की है। कुछ किसान इस उम्मीद में अपना आलू कोल्ड स्टोर में रखवा रहे हैं कि भविष्य में दाम बढ़ेंगे। लेकिन वहां भी उन्हें स्टोरेज का अतिरिक्त खर्च वहन करना पड़ रहा है।

### रंजिश में युवक पर किया फॉयर, गंभीर

**उन्नाव, अमृत विचार।** अचलगंज थानाक्षेत्र के कुलुहा गड़ा चौकी अंतर्गत जुगनू पुरवा गांव निवासी रामकेश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका 19 वर्षीय बेटा लवकुश यादव हड़हा बाजार से गांव निवासी रंकित के साथ घर लौट रहा था। तभी घसिल पुरवा पुलिया के पास चंदन पुत्र नन्हकी, फूलचंद पुत्र मैकू व दो अज्ञात लोगों को खड़ा देख बाइक में पीछे बैठा रंकित मोबाइल से वीडियो बनाने लगा। तभी चंदन ने लवकुश पर फायर झोंक दिया। इसमें वह घायल हो गया। गोली उसके पेट लगी है। लेकिन इसके बाद भी वह लोग हिम्मत कर गांव पहुंचे और परिजनों को जानकारी दी। सूचना पर पीआरवी ने उसे लोहचा सीएचसी पहुंचाया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया।

## प्रेमिका से शादी न होने पर युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

**हरदोई, अमृत विचार।** बहन को आत्महत्या करने बात बोल कर घर से निकले भाई ने श्रमजीवी सुपर फास्ट ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली। इस तरह का हादसा बुधवार को हरदोई रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-3 पर होना बताया गया है। दरअसल युवक प्रेम-प्रसंग से शादी करना चाहता था, लेकिन घर वाले तैयार नहीं थे, उसी के चलते उसने ऐस कदम उठाया।

बेनीगंज कोतवाली के सलेमपुर निवासी 22 वर्षीय गजराज बुधवार की रात में हरदोई रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-3 से गुज़र रही श्रमजीवी सुपर फास्ट ट्रेन के सामने कूद पड़ा,जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। इस पता होते ही वहां पहुंची जीआरपी ने उसके जेब से बरामद किए मोबाइल से उसके घर वालों को सूचना दी। कोतवाली देहात के ककराली निवासी गजराज के बहनोई छोटू ने बताया कि वह बेनीगंज बस अड्डे पर मिठाई की दुकान करता था। गजराज प्रेम-प्रसंग में शादी करना चाहता था, लेकिन घर वाले तैयार नहीं थे,उसी बात से वह खफा था। बुधवार की सुबह वह शादी में मिठाई बनाने की बात पर घर से निकला था, शाम को उसने बहन सुनीता को फोन पर बताया था कि वह आत्महत्या कर लेगा,उसके बाद फोन काट दिया। उसके बाद से उसे बराबर फोन किया गया,लेकिन उसने किसी से बात नहीं की,उसी बीच घर वालों को हादसे की सूचना दी गई।

### शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** नसिरापुर स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र में आउट ऑफ स्कूल बच्चों के लिए आयोजित नोडल शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न हो गया। इसका मुख्य उद्देश्य उन बच्चों को पुनः विद्यालय से जोड़ना है जो किसी कारणवश अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ चुके हैं। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को बुनियादी भाषा व गणित पढ़ाने की सरल व प्रभावी विधियों के बारे में बताया गया। प्रशिक्षक पीयूष सिंह ने ड्रॉप आउट बच्चों की पहचान, उनके नामांकन की प्रक्रिया व नवीन शिक्षण-अधिगम विधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने शिक्षकों को बाल मनोविज्ञान को समझने व बच्चों को स्कूल के प्रति आकर्षित करने के तौर-तरीके भी सिखाए।

**मुकद्दस रमज़ान**



- 22वां रोज़ा–
- अफ्तार–गुरुवार 6:16 बजे
- 23वां रोज़ा–
- सहरी–शुक्रवार 5:23 बजे।

**न्यूज ब्रीफ**

### सीडीओ ने सुनीं जनता की शिकायतें

**हरदोई, अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान सीडीओ सान्या छाबड़ा ने आमजन की समस्याओं को सुना। बुधवार को कुल 67 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। सीडीओ ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। इस अवसर पर नगर मजिस्टेट सुनील कुमार त्रिवेदी व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

### धूमधाम से मनाई गई शीतला अष्टमी



**हरदोई, अमृत विचार।** शीतला अष्टमी पूरे उत्साह के साथ मनाई गई। नगर के श्रवण देवी मंदिर में महिलाओं ने पूजन कर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। शीतला अष्टमी व बसौरा का पूजन अर्चन बुधवार को किया गया। इसके साथ ही होली के त्योहार का समापन हो गया। नगर के श्रवण देवी मंदिर में सुबह से ही महिलाओं का पहुंचना शुरू हो गया। पूजन अर्चन कर महिलाओं ने सुख समृद्धि की कामना की। अष्टमी के चलते अन्य मंदिरों में माता का पूजन किया गया। शीतला अष्टमी पूरी श्रद्धा के साथ मनाई गई।

# घंटों लाइन में लगकर भी नहीं मिल पा रहा घरेलू गैस सिलेंडर

रामप्रकाश राठौर, शाहाबाद, हरदोई



एजेंसी के बाहर लाइन लगाकर एलपीजी सिलेंडर मिलने का इंतजार करते उपभोक्ता।

**अमृत विचार।** ईरान-इजरायल युद्ध का असर घरेलू गैस पर साफ रूप से दिखाई देने लगा है। इंडेन गैस एजेंसी पर बुधवार को सुबह 5 से दोपहर 1 बजे तक लंबी-लंबी कतारें देखी गई। उपभोक्ताओं में आक्रोश नजर आया, लेकिन गैस एजेंसी का कोई भी जिम्मेदार गोदाम के आसपास दिखाई नहीं दिया। अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं।

ईरान इजरायल युद्ध के बाद घरेलू गैस की किल्लत बढ़ने लगी है। आने वाली ईद को लेकर लोगों को सिलेंडर की खास जरूरत है लेकिन पर्याप्त मात्रा में गैस न आने की वजह से लोगों को सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं। उपभोक्ताओं में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। अधिकारी कोई भी स्पष्ट जवाब नहीं दे रहे हैं। इधर ईरान इजरायल युद्ध की वजह से गैस का संकट उत्पन्न होने की संभावना को लेकर शहर वासियों ने डीबीसी को भी रिफिल कराना शुरू कर दिया है। गैस की आवक कम होने और डिमांड ज्यादा होने की वजह से संकट उत्पन्न होता जा रहा है। बुधवार को सुबह पांच से पाली रोड स्थित इंडियन गैस सर्विस के गोदाम पर महिलाओं, पुरुषों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। उपभोक्ता पूरी तरह से त्रस्त हो गए। एक उपभोक्ता नहाने धोने और नाश्ता करने के लिए घर चला गया तो दूसरा सिलेंडर के पास लाइन लगाकर बैठ रहा, यह स्थिति देखने में सामने आई है। दोपहर एक बजे यानि आठ घंटे बीत जाने के बाद भी लोगों को सिलेंडर प्राप्त नहीं हो सके। आवक कम होने और डिमांड ज्यादा बढ़ाने की वजह से संकट खड़ा हुआ, इसके अतिरिक्त आपदा में अवसर ढूंढ कर हमेशा कालाबाजारी भी शुरू हो जाती है। तमाम उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया है कि असरदार और ज्यादा पैसे देने वाले लोगों को सिलेंडर प्राप्त हो रहा है और उनको 8 घंटे लाइन में लगना पड़ रहा है।

### जिम्मेदार नहीं दे रहे कोई जवाब

पूर्ति निरीक्षक की ओर से कोई भी जवाब नहीं दिया जा रहा है। एजेंसी पर मैनेजर या उनके कोई भी कर्मचारी दिखाई नहीं दिए। उपभोक्ता बुकिंग करने के लिए उनका नंबर मिलाते हैं तो नंबर स्विच ऑफ बता रहा है। यानि कोई भी जिम्मेदार एजेंसी पर यह बताने के लिए नहीं है कि गैस कब पहुंचेगी। फिलहाल गैस का संकट लगातार बढ़ता जा रहा है, जबकि जिलाधिकारी अनुनय झा लगातार यह कह रहे हैं कि सिलेंडर और पेट्रोल की कोई किल्लत नहीं है अगर किसी ने भी अफवाह फैलाई तो उसके खिलाफ रुक कार्रवाई की जाएगी। लेकिन यह लंबी-लंबी कतारें स्पष्ट रूप से बता रही हैं कि गैस की भयंकर की किल्लत हो चुकी है।

# बुआ के घर आई युवती की करंट लगने से मौत

संवाददाता, हरदोई



देविका की फाइल फोटो।

**अमृत विचार।** होली पर मायके पहुंची बुआ के साथ भतीजी भी उसके साथ आ गई, बुधवार की सुबह वहीं इलेक्ट्रानिक कांटे की चपेट में आने से उसके करंट लग गया, उसे उठा कर 100 बेड हास्पिटल पहुंचाया गया, जहां कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई।

कोतवाली देहात के नयागांव मुबारकपुर निवासी संजय गुप्ता की गांव में ही परचून की दुकान है, उसकी पत्नी ममता गुप्ता का मायका बेहटा गोकुल में है। मंगलवार की सुबह ममता अपने मायके गई थी, वहां से शाम को वापस लौटी, साथ में 16 वर्षीय भतीजी देविका पुत्री रामजी गुप्ता भी उसके साथ आ गई। बुधवार दिन में संजय की दुकान का इलेक्ट्रानिक कांटा चार्ज हो रहा था, देविका उसे उठाने लगी, तभी वह करंट की चपेट में आ गई। उसकी चीख सुन कर ममता दौड़ पड़ी, देविका को उठा कर 100 बेड हास्पिटल पहुंचाया गया, जहां कुछ ही देर बाद मौत हो गई। देविका ने बोर्ड परीक्षा दी थी, वह अपने दो भाइयों में अकेली बहन थी। बेटी की मौत की खबर सुन कर उसकी मां लक्ष्मी का रो-रो कर बुरा हाल है।

# घूसखोरी में बसपा नेता गिरफ्तार

## ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक हैं बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुधीर चौधरी

संवाददाता, हरदोई, कछौना

- **मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के लोन कराने को महिला से मांगे थे 45 हजार रुपये**
- **सीबीआई ने रंगे हाथ दबोचा पूछताछ के बाद आरोपी को साथ लेकर गई लखनऊ**



आरोपी को ले जाती सीबीआई टीम।

**अमृत विचार।** सीबीआई की एंटी करप्शन ब्रांच की टीम ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के नाम पर 45 हज़ार रुपये की घूस मांगने पर बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुधीर चौधरी को तब गिरफ्तार कर लिया जब वे पार्टी की संगठनात्मक बैठक में शामिल हो रहे थे। पूर्व जिलाध्यक्ष से बालामऊ जंक्शन के रेलवे गार्ड रूम में तकरीबन आठ घंटे पूछताछ करने के बाद सीबीआई उन्हें ले कर लखनऊ रवाना हो गई।

कछौना के रेलवे गंज निवासी पूर्व बसपा जिलाध्यक्ष सुधीर चौधरी बैंक आफ बड़ौदा शाखा कछौना के ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक हैं। बघौली थाने के अछरामऊ की सीमा देवी ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत बैंक आफ बड़ौदा में लोन के लिए अर्ज़ी दी थी। सीमा देवी ने सीबीआई से शिकायत की थी कि लोन कराने के लिए सुधीर चौधरी ने उससे 45 हज़ार रुपये घूंस मांगी थी। सीमा की शिकायत पर सीबीआई की एंटी करप्शन ब्रांच की टीम अलर्ट हो गई। मंगलवार को बेहंदर ब्लाक के मुसलमानाबाद सपहिया में पार्टी की सगंठात्मक बैठक हो रही थी, जिसमें पूर्व ज़िलाध्यक्ष सुधीर चौधरी भी शामिल थे, उसी बीच एंटी करप्शन ब्रांच की टीम वहां पहुंची और उन्हे गिरफ्तार कर लिया। टीम ने बसपा के पूर्व ज़िलाध्यक्ष से बालामऊ जंक्शन के रेलवे गार्ड रूम तकरीबन आठ घंटे तक पूछताछ की और उसके बाद उन्हे और साथ में बैंक के कुछ दस्तावेज़ लेकर लखनऊ रवाना हो गई।

### बैंक मैनेजर पर टिकी सीबीआई की नजर

**हरदोई।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना में घूसखोरी के मामले में सीबीआई और उसकी एंटी करप्शन ब्रांच की टीम बैंक आफ बडौदा के कछौना ब्रांच के मैनेजर को ढूंढ रही है। माना जा रहा है कि एक सीमा ही नहीं तमाम ऐसे होंगे, जिनसे योजना के तहत इसी तरह से घूस मांग कर लोन कराने की डील हुई होगी। इस तरह की दलील सामने आ रहीं हैं कि बगैर बैंक मैनेजर की रजामंदी से ऐसा होना मुमकिन नहीं। बैंक मैनेजर के सामने आने के बाद और भी कई चेहरे बेनकाब हो सकते है, ऐसी चर्चा हो रही है।

# ससुराल में बच्चों के सामने पत्नी और ससुर ने पीटा, आहत युवक ने दी जान

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** बच्चों को ससुराल में छोड़कर महिला अपने मायके में रहने लगी। पति अपने दोनों बच्चों को साथ लेकर जब उसे विदा कराने के लिए ससुराल पहुंचा तो वहां पत्नी और ससुर ने मिलकर उसकी पिटाई कर दी। घायल और व्यथित होकर घर लौटे युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहंचनी पुलिस जांच कर रही है।

बेहटा गोकुल थाने के मानपुर निवासी रजनीश (35) पुत्र महादेव की पांच बहनों में इकलौता भाई था। उसकी शादी उसी थाने के अंटवा खनिगावं की राधिका के साथ हुई थी। रजनीश के बेटी अस्मिता व बेटा आयुष है। मंगलवार की रात रजनीश ने कमरे के अंदर गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार की सुबह उसकी छोटी बहन ममता ने आवाज़ दी, लेकिन कोई जवाब नहीं आया। उसने खिड़की से अंदर झांका तो रजनीश का शव लटकता दिखाई दिया। वहां पहुंची पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए छानबीन शुरु कर दी है। चाचा शिव मंगल ने बताया कि करीब ढाई महीने से राधिका दोनों बच्चों को छोड़कर मायके में है, सोमवार को रजनीश अपने दोनों बच्चों के साथ उसे विदा कराने ससुराल गया था। घर लौट कर अस्मिता ने बताया था कि मम्मी (राधिका) और नाना (ससुर महावीर) ने पापा (रजनीश) की कमरे में बंदकर पिटाई की थी। रजनीश के भांजे सुमित निवासी सरैंया पश्चिमी ने बताया कि मंगलवार की रात करीब साढ़े 10 बजे उसे फोन कर अपनी ससुराल का मोबाइल नंबर मांगा था, लेकिन उसके पास कोई नंबर नहीं था। इसलिए इंकार कर दिया। रजनीश की मां की पहले ही मौत हो चुकी थी, पिता भी नहीं है।

### पत्नी ने धोखे से नाम लिखवा लिए थे खेत

रजनीश के पिता के पास 10 बीघा खेत था। चाचा शिव मंगल ने बताया कि बहू राधिका अपने ससुर महादेव को इलाज के बहाने अपने साथ मायके ले गई थी। वहीं उसने धोखे से सारा खेत अपने नाम लिखवा लिया। उसके कुछ ही दिनों बाद महादेव की मौत हो गई। रजनीश पहले से बहन की शादी के लिए परेशान था, वहीं पत्नी के धोखे ने उसके आत्महत्या करने पर विवश कर दिया।

# नाला पाटने की जांच करने पहुंचे अधिकारी

संवाददाता, हरदोई



मौके पर जांच करती प्रशासन की टीम। अमृत विचार

अमृत विचार IMPACT

- **पानी का बहाव अवरुद्ध करने वालों पर होगी कार्रवाई**

**अमृत विचार।** पिहानी में भैंसटा पुल के पास रसूखदारो के नाले पाटने व पानी के बहाव को रोकने के मामले में प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। एसडीएम शाहाबाद अंकित तिवारी ने खबर पर एक्शन लेते हुए राजस्व टीम गठित कर तुरंत स्थलीय निरीक्षण करने के कड़े आदेश जारी किए है।

एसडीएम के आदेश पर कानूनगो संजय मिश्रा, सदर लेखपाल आशीष बाजपेई और लेखपाल पंकज पाल की टीम ने जांच की। जहां नाले को क्षतिग्रस्त करने व पाटने के पुख्ता सबूत सामने आए है, साथ ही टूटी हुई सरिया, बहाव रोकने के लिए डाले गए सीमेंट के पत्थर और सड़क के दूसरी तरफ नाले का अस्तित्व बरकरार पाया गया, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि जान-बूझकर बहाव रोका किया गया है। एसडीएम शाहाबाद श्री तिवारी ने साफ कह दिया है कि ऐसा करने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी, किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

### नाला पाटे जाने से जनता को परेशानी

निरीक्षण टीम ने पाया कि नाले में अवरोध उत्पन्न होने के कारण क्षेत्र में भीषण जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है। इस समस्या से न केवल स्थानीय निवासी त्रस्त हैं, बल्कि राहगीरों और स्कूली बच्चों को भी गंदे पानी से होकर

### होगी कड़ी कार्रवाई

रजस्व टीम ने सख्त लहजे में कहा है कि सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और सार्वजनिक जल निकासी में रोड़ा डालने वाले को बख्शा नहीं जाएगा। जांच रिपोर्ट के आधार पर जल्द ही दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर नाले को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा।

### तमंचा के साथ युवक का वीडियो वायरल

**भरखनी, हरदोई, अमृत विचार।** पचदेवरा थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक युवक द्वारा फेसबुक पर अवैध तमंचा और कारतूस के साथ वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। भरखनी ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत हथौड़ा के मजरा सकरापुर निवासी मोहित यादव की फेसबुक आईडी से तमंचा और कारतूस का वीडियो स्टोरी में लगाया गया, जो सोशल मीडिया पर वायरल है। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस भी सक्रिय हो गई और पूरे प्रकरण की जांच शुरू कर दी गई है। थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो की जांच की जा रही है, जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# पड़ोसी के घर रह रहे युवक की संदिग्ध हालात में मौत

संवाददाता, हरदोई

- **ग्रामीण के नाम बैनामा कर चुका था अपना दो बीघा खेत**

**अमृत विचार।** अकेले रह रहा युवक अपने पड़ोसी के घर रह कर वहीं खाता-पीता था, वहीं उसकी मौत हो गई। पड़ोसी बीमारी से मौत बता रहा है, जबकि चचेरा भाई उसकी बात मानने को तैयार नहीं है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही तस्वीर साफ होगी, फिलहाल जांच की जा रही है।

बताया गया है कोतवाली देहात के भरिगवां निवासी 40 वर्षीय रामदीन पुत्र भन्नू की शादी नहीं हुई थी, मां और पिता की पहले ही मौत हो चुकी थी। बहन मीना की शादी के बाद रामदीन अकेला रह गया था, वह अपने पड़ोसी बड़कौनू के घर रहने लगा था। उसके चचेरे भाई बाबू ने बताया कि करीब चार महीने पहले रामदीन ने अपना दो बीघा खेत बड़कौनू के नाम कर दिया था। बुधवार की सुबह वहीं जमीन पर उसका शव पड़ा हुआ था। बड़कौनू ने बीमारी से मौत होना बताया, लेकिन बाबू उसकी बात मानने को तैयार नहीं है। उसका कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सच्चाई सामने आ जाएगी।

### यज्ञशाला से 50 किलो का घंटा चोरी, आक्रोश

**सुरसा, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के महुरा कला यज्ञशाला में बंधा 50 किलो का घण्टा मंगलवार की रात चोरी हो गया। घटना की जानकारी होते ही भक्तों की भारी भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई। जबकि वहीं से चंद कदमों की दूरी पर पुलिस बूथ भी है। स्थानीय लोगों के अनुसार महुला कला यज्ञशाला में काफी समय पहले से एक घण्टा यज्ञशाला के गेट पर बंधा था। बुधवार की सुबह पाइप कटा पड़ा मिला और घंटा गायब था। पुलिस मौके पर पहुंची और दो लोगों को गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र के ही बौसरा गांव स्थित बौसरनाथ मंदिर पर 2019, 2021, 2023 में चोरी हुए घंटों और दान पात्र का अभी तक खुलासा नहीं हो सका।

# अष्टमी पर ननिहाल में रंग खेलकर घर पहुंची किशोरी ने की खुदकुशी

**हरदोई, अमृत विचार।** अष्टमी पर ननिहाल में रंग खेला जा रहा था, किशोरी भी अपनी मां के साथ रंग खेलने गई और वहां से वापस लौट कर अपने बरामदे में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। आस-पड़ोस के लोग प्रेम-प्रसंग में जान देने की चर्चा करते नजर आए।

कोतवाली शहर के मोहल्ला खजांची टोला के रवि ने पड़ोस की पूजा के साथ लव मैरिज की थी। उसके 14 साल की बेटी परी और उससे छोटा बेटा कृष्णा है। करीब एक साल पहले रवि की मौत हो गई थी। बुधवार की सुबह पूजा के मायके में अष्टमी पर रंग खेला जा रहा था, पूजा बेटी के साथ मायके में थी, उसी बीच परी अकेले अपने घर चली गई, करीब 10-15 मिनट बाद पीछे से पूजा भी घर पहुंची, जहां उसने देखा कि परी का शव बरामदे में फांसी पर लटक रहा था। परी ने किस वजह से ऐसा कदम उठाया ? इस बारे में घर वाले कुछ नहीं बोल रहे है। जबकि चर्चा है कि प्रेम-प्रसंग के चलते उसने आत्महत्या की।

# लापरवाही व अनियमितता पर कार्रवाई की चेतावनी

संवाददाता, हरदोई



समीक्षा बैठक करतीं सीडीओ सान्या छाबड़ा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला पोषण समिति के तहत जनपद के आंगनबाड़ी केन्द्रों की व्यवस्थाओं एवं कुपोषित बच्चों के कार्यों सम्बन्धी समीक्षा बैठक मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा की अध्यक्षता में बुधवार को स्वामी विवेकानन्द सभागार कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई। उन्होंने सभी सीडीपीओ को निर्देश दिये कि आंगनबाड़ी केन्दों के शौचालयों को विशेष रूप से साफ-सुथरा रखें और नियमित आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करें और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के कार्यों की समीक्षा करें तथा कार्य में लापरवाही एवं अनियमितता बरतने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के विरूद्व कड़ी कार्यवाही करें।

बैठक में लक्ष्य के अनुरूप ब्लाक कोथावा, कछौना, हरपालपुर, टड़ियावा व भरखनी की सीडीपीओ द्वारा अति कुपोषित बच्चों भर्ती न कराने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिये कि अति कुपोषित बच्चों को चिकित्सों की देखरेख में तत्काल एनआरसी पर भर्ती करायें और लक्ष्य के तहत अधिक से अधिक बच्चों को ग्रीन श्रेणी में लाये तथा निर्धारित समय सीमा में सभी पात्र महिलाओं एवं बच्चों में पोषाहार वितरण करायें। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं सीडीपीओ आदि मौजूद रहे।



सीएम योगी से मुलाकात करते विधायक आशीष सिंह आशू। अमृत विचार

### विधायक ने विकास कार्यों को लेकर सीएम से की चर्चा

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** बिलग्राम –मल्लावां विधायक आशीष सिंह आशू ने मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से मुलाक़ात कर होली पर्व की बधाई देकर विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। बुधवार को विधायक ने मुख्यमंत्री से मिलकर बिलग्राम–मल्लावां के ग्राम– मांझगांव में क्षेत्र में स्टेडियम निर्माण का प्रस्ताव रखा। मुख्यमंत्री ने प्रस्ताव पर सहमति देते हुए स्टेडियम निर्माण कराए जाने के लिए पूर्ण रूप से आश्वस्त कर सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित कर आवश्यक निर्देश दिए।

**आयोजन** | जिला अस्पताल में मनाया गया नो स्मोकिंग डे

# तंबाकू सेवन से बढ़ता है मौत का जोखिम

संवाददाता, हरदोई




हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लेती स्वास्थ्य कर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार एवं जिला पुरूष चिकित्सालय में बुधवार को हस्ताक्षर अभियान चलाकर तम्बाकू उत्पाद का प्रयोग न करने की शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर सीएमओ डा. भावनाथ पाण्डेय ने कहा कि सिगरेट पीना सेहत के लिए हानिकारक है। स्मोकिंग से फेफड़ों का कैंसर, हार्ट अटैक का खतरा होता है, लेकिन फिर भी इसका नशा बढ़ता ही जा रहा है। हर साल कैंसर से मरने वालों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। धूम्रपान से रोग हो जाता है जिसके कारण होने वाली लगभग 8 प्रतिशत मौतें (या 10 में से 8) होती हैं, इसलिए, सिगरेट पीने से पुरुषों और महिलाओं दोनों में मृत्यु का जोखिम बढ़ जाता है। सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम 2003 की धारा-4 के बार में भी बताया गया कि सार्वजनिक स्थानों पर तम्बाकू उत्पाद का प्रयोग करना दण्डनीय अपराध है। जिसका उल्लंघन करने पर 200 रुपये तक का जुर्माना किया जा सकता है। इस मौके पर डा. जीतेन्द्र श्रीवास्तव उप मु.चि.अ., सुजीत कुमार, डीपीएम, डा. शिवम् गुप्ता, जिला सलाहकार एनटीसीपी, शिव कुमार डीसीपीएम, नीरज गुप्ता एफएलसी, हिमांशु सिंह आदि मौजूद रहै।

### मंदिर के पास वाटर कूलर लगाने को लेकर विवाद

**सांडी, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव में फ्रीजर लगाने को लेकर ग्राम प्रधान पति का विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ गया दोनों बच्चों के बीच जमकर लाठी डंडे और ईटा पत्थर चले जिसमें तीन लोग घायल हो गए हैं। पुलिस ने सभी को डॉक्टरी परीक्षण के लिए भेज दिया है। सांडी थाना क्षेत्र के मुरौली कठेरियान ग्राम पंचायत के प्रधान पति सत्येंद्र सिंह पानू अपने साथी संदेश मुनेश्वर लाल अशोक कुमार गांव के पास शिव मंदिर के निकट ठंडा पानी पीने के लिए फ्रीजर लगाने के लिए गए हुए थे तभी गांव निवासी अयोध्या प्रसाद ने निजी जमीन पर फ्रीजर लगाने की बात कही इसी बीच दोनों पक्षों में विवाद हो गया मामला इतना बढ़ गया दोनों पक्षों से ईट पत्थर और लाठी डंडे चलने लगे जिसमें प्रधान पति सपा नेता सत्येंद्र सिंह पानू दूसरे पक्ष के शिवम व एक अन्य घायल हो गए। पुलिस ने तीनों घायलों को डाक्टरी परीक्षण के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी बसंत राम कुशवाहा ने बताया डॉक्टर रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही की जाएगी।

# तय रेट से अधिक में बिक रहा पान मसाला



दुकान पर लगे गुटखा के पाउच।

- **छोटे दुकानदार बड़े डीलरों का हवाला देकर वसूल रहे अधिक दाम**

**पिहानी, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बा में पान मसाला तय मूल्य से अधिक दामों पर बेचे जाने का मामला प्रकाश में आया है। पिहानी चुंगी क्षेत्र के कुछ छोटे दुकानदार उपभोक्ताओं से मनमाने तरीके से अधिक कीमत वसूल रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि उन्हें माल बड़े डीलरों से महंगे दाम पर मिल रहा है, इसलिए वे भी अधिक कीमत पर बिक्री करने को मजबूर हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार पान मसाला, जिसकी कीमत लगभग 2.50 रुपये प्रति पाउच बताई जाती है, उसे कई दुकानों पर 5 रुपये में बेचा जा रहा है। वहीं पान मसाला, जिसका निर्धारित मूल्य 5 रुपये प्रति पाउच है, उसे भी कुछ दुकानदार 7 रुपये या उससे अधिक में बेच रहे हैं। इससे आम उपभोक्ताओं को अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है। दिलचस्प बात यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों की कई दुकानों पर यही पान मसाला निर्धारित मूल्य पर ही उपलब्ध है, जबकि कस्बे के पिहानी चुंगी क्षेत्र में कुछ दुकानदार बड़े डीलरों का हवाला देकर अधिक दाम वसूल रहे हैं, जिससे लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस संबंध में पिहानी कोतवाली में एक प्रार्थना पत्र भी दिया गया है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में संबंधित विभाग के संज्ञान में आने के बाद ही आगे की कार्रवाई संभव होगी। जानकारों के मुताबिक अधिक कीमत वसूलने के मामलों में विधिक माप विज्ञान विभाग कार्रवाई करने के लिए अधिकृत है। इसके अलावा खाद्य सुरक्षा विभाग तथा जिला प्रशासन भी मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई कर सकते हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि पिहानी चुंगी क्षेत्र में हो रही ओवररेटिंग की जांच कर दोषी दुकानदारों और संबंधित डीलरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके और निर्धारित मूल्य पर ही सामान उपलब्ध हो सके।



रोजा

शिया
सहरी : 04.50 बजे
अफ्तार : 06.26 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.56 बजे
अफ्तार : 06.16 बजे

# सिलेंडर बिक्री को लेकर बिचौलियों के विरुद्ध प्रशासन ने कसी कमर

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार:** गैस सिलेण्डर की कालाबाजारी को रोकने के लिए प्रशासन दो-दो हाथ के लिए तैयार है। जिलाधिकारी ने गैस सिलेण्डर आपूर्ति को बेहतर बनाने के लिए बैठक की। डीएम के आदेशों के बाद सभी गैस संचालकों द्वारा फोन मैसेज के माध्यम से एडवाइजरी जारी की गई ताकि उपभोक्ता स्वयं से उपलब्धता का लाभ उठा सकें।

जनपद की लगभग पचास लाख की आबादी में आधे से अधिक लोग गैस सिलेण्डर वितरण व्यवस्था पर निर्भर हैं। खाड़ी युद्ध, होली पर्व और बाजारों में होती कालाबाजारी के बीच गैस एजेंसियों के बाहर घरेलू उपभोक्ताओं ने लंबी कतारें लगा दीं। शहर से ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति एक जैसी दिखी। इसको जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने गंभीरता से लिया और बैठक बुलाकर जिला पूर्ति अधिकारी अखिलेश श्रीवास्तव सहित अन्य अधीनस्थों को निर्देश दिए। ऐसे में एजेंसी संचालकों ने उपभोक्ताओं के फोन पर मैसेज करके बताना शुरू किया कि कालाबाजारी से बचने के लिए स्वयं ऑनलाइन सिलेण्डर बुक करें, व्यवस्थाओं का लाभ दिलवाने के लिए तहसील प्रशासन भी देर शाम तक सक्रिय दिखा। जिला पूर्ति अधिकारी का कहना है कि गैस सिलेण्डर पूर्ति की समस्या नहीं है, कुछ एक स्थानों पर शिकायतें मिली हैं, जिसका निस्तारण कराया जा रहा है। कालाबाजारी करने वालों पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## बिचौलियों से सावधान, ऑनलाइन बुकिंग देगी लाभ



राधा कृष्णा एजेंसी के बाहर टोकन के लिए लगी उपभोक्ताओं की कतारें।



सिद्धार्थ गैस एजेंसी में गैस आपूर्ति के दौरान आपाधापी को रोकने के लिए मौजूद पुलिस।

### खैराबाद कस्बा वासी बोले- सिलेण्डरों की हो रही कालाबाजारी



मनीष लाठ



संग्राम सिंह



बिंदेश्वरी



प्रहलाद

खैराबाद के हटौरा निवासी प्रहलाद, शरफापुर के संग्राम, टिकरिया के कमलेश, सायराबानों और बिंदेश्वरी गैस सिलेण्डर वितरण केंद्र पर मिले। पूछने पर बताया कि वे लोग लगातार कई दिनों से आ रहे हैं। खाली हाथ जाना मजबूरी है क्योंकि जितने सिलेण्डर आते हैं, उससे कहीं अधिक लोगों की भीड़ है। बताया ये भी जा रहा है कि त्योहार और युद्ध का हवाला देते गैस सिलेण्डर की कालाबाजारी की जा रही है।

"जनपद में 87 एजेंसियां 9 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को गैस सिलेण्डर का लाभ दे रही हैं। इनमें इण्डियन की 50, बीपीसीएल की 20 और एचपीसीएल की 17 हैं। एक सप्ताह के भीतर एक लाख से अधिक उपभोक्ताओं ने गैस बुक कराई है। अचानक बुकिंग ग्राफ बढ़ने से समस्या सामने आई है, निस्तारण कराया जा रहा है। —**अखिलेश श्रीवास्तव, जिला पूर्ति अधिकारी**"

### गैस एजेंसी धारक बोले- कामर्शियल सिलेण्डर नहीं आ रहा

राधा-कृष्णा गैस एजेंसी धारक शालिनी सिंह बताती हैं कि होली के पहले लोड बुक किया था। लेकिन वो एक सप्ताह बाद मिला। एजेंसी का उपभोक्ता जब आईवीआर पर काल करके बुक रहा है तो डीएसी नंबर देर से जनरेट (सक्रिय) हो रहा है। जिसके कारण उपभोक्ता परेशान है। कामर्शियल सिलेण्डर की आपूर्ति नहीं मिल पा रही है।

### होटल और रेस्टोरेंट संचालक परेशान बोले- समस्या का हो समाधान

प्रमुख व्यापारी व रेस्टोरेंट संचालक मनीष लाठ का कहना है कि कामर्शिलय सिलेण्डर न मिलने से खाद्य सामग्री तैयार नहीं हो पा रही है। पिछले तीन दिनों से नाम मात्र का ही व्यंजन तैयार हो पा रहा है। नारायणी रेस्टोरेंट संचालक धीरज धवन का कहना है कि कामर्शियल सिलेण्डर न मिलने से बिक्री पर बड़ा असर पड़ रहा है।

### कोयला और लकड़ी के बढ़े भाव

होली से पहले 30-40 रुपये प्रति किलो बिकने वाला कोयला अब 80-100 के भाव बिक रहा है। सूखी लकड़ी के भाव बढ़कर 1700 रुपये प्रति कुण्टल हो गए हैं। बिरैचा गांव के शिव सागर जायसवाल ने बताया कि उनकी बेटी की शादी है। विवाह में सिलेण्डर न मिलने के कारण मंहगे दामों में कोयला और सूखी लकड़ी खरीदी जा रही है।

## पूर्ति निरीक्षक ने गैस डीलरों के साथ की बैठक

**लहरपुर।** क्षेत्र में व्याप्त गैस संकट को लेकर जिलाधिकारी के निर्देश पर पूर्ति निरीक्षक कविता वर्मा ने तहसील सभागार में नगर व ग्रामीण क्षेत्र के गैस डीलरों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में डीलरों ने आपूर्ति में देरी, बढ़ती मांग और बुकिंग में आ रही तकनीकी समस्याओं से अवगत कराया। पूर्ति निरीक्षक ने समस्याओं के समाधान हेतु उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजने का आश्वासन दिया। साथ ही कड़े निर्देश दिए कि मिड-डे मील के लिए विद्यालयों और कस्तूरबा गांधी विद्यालयों को प्राथमिकता के आधार पर गैस उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कालाबाजारी रोकने पर जोर देते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को सहजता से सिलेंडर मिलना सुनिश्चित करें।

# झोलाछाप के गलत इंजेक्शन लगाने से बालक की मौत

संवाददाता, लहरपुर।

**अमृत विचार :** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में मकड़जाल की तरह फैले झोलाछाप के चंगुल में फंसकर एक और मासूम की जान चली गई। मामला कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लच्छन नगर का है, जहां एक झोलाछाप द्वारा गलत इंजेक्शन लगाए जाने से पांच वर्षीय बालक की मौत हो गई।

मृतक के पिता पंकज पुत्र रामदयाल ने पुलिस व सीएचसी अधीक्षक को दी गई तहरीर में बताया कि उनके पुत्र अनुराग को बुखार था। शाम वे उसे दवा दिलाने राजापुर माइनर नहर के पास स्थित एक झोपड़ीनुमा क्लीनिक पर ले गए थे। आरोप है कि वहां मौजूद झोलाछाप ने बच्चे को इंजेक्शन लगाया, जिसके तुरंत बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। आनन-फानन में उसे लखीमपुर ले जाया गया, जहां देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। नोडल अधिकारी दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है, जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि पिता की तहरीर पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# इंटर के छात्र व बालिका की मौत, तीन गंभीर

संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार :** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में एक इंटरमीडिएट के छात्र और एक 12 वर्षीय बालिका की जान चली गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

पहली घटना रामपुर कला क्षेत्र की है। बुधवार सुबह परीक्षा देने जा रहे तीन छात्र सड़क हादसे का शिकार हो गए। बताते हैं कि हमीरपुर निवासी मोहित, अंशुराज और शुभम एक ही बाइक पर सवार होकर बिसवां जा रहे थे, तभी कंदुनी गांव के पास एक तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में मोहित की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि शेष दो छात्र गंभीर रूप से घायल हैं।

दूसरी घटना, रेउसा थाना क्षेत्र के बंभनावा गांव की है। यहां सदरपुर के मुसेदाबाद से अपने मामा के घर मांगलिक कार्यक्रम में आई अस्मिता उर्फ सृष्टि (12) को एक अनियंत्रित पिकअप ने कुचल दिया। घर के बाहर खेलते समय हुए इस हादसे में बालिका की मौत हो गई। पुलिस पिकअप चालक की तलाश कर रही है। तीसरी घटना लहरपुर-तंबौर मार्ग पर हुई, जहां दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। ग्राम गोरिया स्थित एसबीआई के पास हुए इस हादसे में मतुआ निवासी रामसिंह (27) गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

### सड़क हादसे में महिला की मौत

**सीतापुर।** सदरपुर थाना क्षेत्र के संसारपुर गांव में बुधवार को मंदिर से लौट रही एक बुजुर्ग महिला को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। लोगों के अनुसार, कंचाना (55) सुबह करीब 10 बजे मंदिर से पूजा कर घर लौट रही थीं, तभी तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों की मदद से परिजन उन्हें सीएचसी ले गए, जहां से गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अज्ञात

## न्यूज ब्रीफ

### मनरेगा चौपाल में सरकार पर बरसे कांग्रेसी

**बिसवां।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में कस्बे के मोहल्ला दायरा में वरिष्ठ कांग्रेस नेता व जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह चौहान द्वारा मनरेगा चौपाल' का आयोजन किया गया। चौपाल में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची जिला अध्यक्ष डॉ. ममता वर्मा ने सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि मनरेगा का नाम बदलना स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान में मजदूरों को काम नहीं मिल रहा है। प्रदीप सिंह चौहान ने कहा कि मनरेगा कानून में बदलाव कर सरकार मजदूरों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। इस दौरान प्रदेश महासचिव राजेश सिंह तोमर, नरेश गौड़, ओमकार मिश्रा, मीना मिश्रा, सत्यदेव पांडे व अमरनाथ मेहरोत्रा सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आईसीडीएस का समूह पर पोषाहार हड़पने का आरोप

**सांडा/सीतापुर।** आईसीडीएस के पोषाहार को स्वयं सहायता समूह पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने परियोजना से उठाकर बीच में ही हड़पने का आरोप लगाया है। विकास खण्ड सकरन क्षेत्र के ग्राम पंचायत मोहरी में संचालित चार आंगनबाड़ी केन्द्रो में गर्भवती धात्री व बच्चों को मिलने वाला पोषाहार दाल दलिया तेल परियोजना से उठाकर वितरण के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को न देकर स्वयं सहायता समूह पर बीच में ही हड़पने का आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है। बताते हैं कि मोहारी ग्राम पंचायत में संचालित चारों केंद्रों का दिसंबर माह के पोषाहार में 500 एमएल के 403 पैकेट तेल के, 487 .500 केजी दलिया, 441 .500 केजी चना दाल शामिल है। खण्ड विकास अधिकारी सकरन श्रीश कुमार गुप्ता ने बताया प्रकरण संज्ञान में आया है, जांच की जा रही है। दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### कहासुनी के बाद मां- बेटी ने खाया जहर, गंभीर

**सीतापुर।** पिसावां थाना क्षेत्र के बिचपरिया गांव में पारिवारिक विवाद के चलते मां-बेटी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने आनन-फानन में पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। ग्रामीणों के अनुसार, गांव निवासी हरिओम की पत्नी मीरा और उनकी बेटी नेहा का किसी बात को लेकर आपस में कहासुनी हो गई। इसी से नाराज मां-बेटी ने जहर खा लिया। थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह तोमर का कहना है कि मामले में जांच कराई जा रही है।

### बाग में जुआ खेलते तीन दबोचे गए

**लहरपुर।** कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के ग्राम महल पुरवा मजरा रुढा भवनाथपुर में छापेमारी कर हार-जीत की बाजी लगाते तीन जुआरियों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक प्रदीप सिंह व पुलिस टीम ने दिलीप के आम के बाग के पास घेराबंदी कर प्रभु दयाल शेख टोला, जमशेद जमा टोला और ताज कांशीराम कॉलोनी को जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़ा। पुलिस के अनुसार, फड़ से 500 रुपये और जामा तलाशी में रुपये व ताश के पत्ते बरामद हुए हैं।

## स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर परखीं व्यवस्थाएं

**लहरपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लहरपुर के अधीक्षक डॉ. अरविंद वाजपेयी ने बुधवार को ग्राम बिलरिया और कोदहरा में आयोजित 'ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस' सत्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधीक्षक ने बच्चों के वजन और पोषण स्तर की जानकारी ली। उन्होंने एएनएम अनुराधा वर्मा और नेहा को निर्देशित किया कि सत्र पर आने वाली सभी गर्भवती महिलाओं की बीपी व खून की जांच अनिवार्य रूप से की जाए। डॉ. वाजपेयी ने हाई रिस्क प्रेगनेंसी महिलाओं के बेहतर प्रबंधन, फॉलो-अप और आयुष्मान कार्ड प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि टीकाकरण का लक्ष्य शत-प्रतिशत पूरा हो और ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें। इस मौके पर बीसीपीएम मनोज वर्मा, बीपीएम गौरव सक्सेना, यूनिसेफ के अखिलेश पांडे, आशा माया देवी, सुमरती देवी और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता निरुपमा व संतोष कुमारी मौजूद रहीं।

# क्रिप्टो के नाम पर ठगी करने वालों की 5.11 करोड़ की संपत्ति कुर्क

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर



कुर्की की कार्रवाई करती सीतापुर पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जनपद में क्रिप्टो एक्सचेंज एप के माध्यम से करोड़ों की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के विरुद्ध पुलिस ने बड़ी कार्यवाही की है। एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर कोतवाली नगर व साइबर टीम ने बम्बीटैक्स बीमैक्स कंपनी के संचालकों द्वारा अवैध रूप से अर्जित 5 करोड़ 11 लाख रुपये की चल-अचल संपत्ति को कुर्क व सीज किया है।

अपर पुलिस अधीक्षक विनायक गोपाल भोंसले के अनुसार, मुख्य आरोपी जय प्रकाश मौर्या और उसके सहयोगियों ने निवेश पर भारी ब्याज का लालच देकर करीब 50 करोड़ की ठगी की थी। जांच में पता चला कि आरोपियों ने धोखाधड़ी की रकम से उन्नाव के ग्राम पिछवाड़ा में जमीन और लग्जरी मर्सिडीज कार खरीदी थी। धारा 107 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए दूसरे चरण में 1.30 करोड़ की संपत्ति कुर्क की गई, जिसमें 1 करोड़ की जमीन और 30 लाख की कार शामिल है। इससे पूर्व भी पुलिस 3.30 करोड़ की संपत्ति कुर्क और 51 लाख रुपये खाते में सीज कर चुकी है। पुलिस गिरोह के अन्य नेटवर्क और विदेशों में निवेश की भी जांच कर रही है।

## झाड़ फूंक के बहाने मौलाना पर छेड़छाड़ का आरोप

**रामपुर मथुरा, सीतापुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में स्थित मदरसे में झाड़फूंक कराने आई महिला से मौलाना द्वारा छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता ने मौलाना पर जबरन गलत हरकत करने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू की है और आरोपी मौलाना की तलाश कर रही है। रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता ने मदरसे के मौलाना पर बदनीयती से हाथ पकड़कर जबरन गलत काम करने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। घटना की तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी श्यामू कनौजिया ने बताया कि मामले में तहरीर मिली है। जांच की जा रही है और निष्कर्षों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सीतापुर में केंद्रीय कृषि विवि की मांग



राकेश राठौर
सांसद

**सीतापुर।** सांसद राकेश राठौर ने लोकसभा में जिले की कृषि प्रधानता का हवाला देते हुए यहां केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना की जोरदार मांग उठाई। उन्होंने तर्क दिया कि क्षेत्र के लाखों किसान और युवा आधुनिक तकनीक व शोध के अभाव में पिछड़ रहे हैं। सांसद राठौर ने सदन में कहा कि सीतापुर गेहूं, गन्ना और सरसों का बड़ा उत्पादक है, लेकिन यहां उच्च स्तरीय अनुसंधान की कमी है। हालांकि, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने जवाब में स्पष्ट किया कि वर्तमान में सीतापुर में ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है और कृषि राज्य का विषय है।

### बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्कूलों को मिला सम्मान




शिक्षकों को सम्मानित करते जिलाधिकारी।

**सीतापुर।** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने शैक्षणिक लक्ष्यों की प्राप्ति और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्राथमिक विद्यालय पड़ावपुरवा ,खैराबाद और प्राथमिक विद्यालय कैमहरा-1 परसेण्डी के स्टाफ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने डीबीटी राशि का समय पर अंतरण, जर्जर भवनों का ध्वस्तीकरण और स्कूलों में हर्बल गार्डन की स्थापना के भी निर्देश दिए। बैठक में बीएसए अखिलेश प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### भीषण आग में जलकर राख हुईं कई दुकानें

**खैराबाद।** नगर के पुरानी बाजार स्थित दुकानों में अचानक अज्ञात कारणों से आग लगने से भारी नुकसान हो गया। घटना रात लगभग 2 से 3 बजे के बीच की बताई जा रही है। पीड़ित दुकानदार मुजीब अहमद, मो. अमीन उर्फ पप्पू, अहमद पुत्र फकीरे और अनीस अहमद के मुताबिक, आग इतनी भीषण थी कि उनकी फल, रेडीमेड कपड़ों और सब्जी की दुकानें पूरी तरह जलकर राख हो गईं। इस अग्निकांड में उनका लाखों रुपये का माल जलकर नष्ट हो गया है। थाना प्रभारी अनिल सिंह का कहना है कि बिजली के शॉर्ट सर्किट की बात सामने आ रही है, फिर भी आग लगने के कारणों की जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### शुगर मिल में मजदूरों का हल्लाबोल, किसान एकत्रित

**सीतापुर।** कमलापुर शुगर मिल में अपनी मांगों को लेकर मजदूर संघ ने अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू कर दिया है। इस आंदोलन को संयुक्त किसान मोर्चा समेत जनपद के विभिन्न किसान संगठनों का समर्थन प्राप्त हुआ। मजदूर संघ के नेता अरुण तिवारी ने कहा कि अब यह लड़ाई आर-पार की होगी। संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक पिंदर सिंह सिद्धू ने कहा कि पुराने मजदूरों का बकाया भुगतान कर उन्हें वापस काम पर रखा जाए। धरने पर बैठे भाकियू राष्ट्र शक्ति के उमाशंकर यादव और भाकियू टिकैत के जिलाध्यक्ष मयंक सिंह चौहान ने मिल प्रबंधन पर तानाशाही का आरोप लगाया। वहीं, राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के अध्यक्ष विकास हिंदू ने चेतावनी दी कि यदि वार्ता नहीं हुई तो आंदोलनकारी खुद मिल के भीतर प्रवेश करेंगे। मनीष त्रिपाठी ने भी मिल प्रबंधन को सकारात्मक संदेश देने की नसीहत दी। इस दौरान अमन सिंह, सत्यम मिश्रा और रमेश लाल सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सिधौली में दो विभूतियों को नारी रत्न सम्मान

**सीतापुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में पहल फाउंडेशन द्वारा स्वामी विवेकानंद शिक्षण संस्थान में अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र की दो प्रतिभाओं—कवयित्री पिंकी अरविंद प्रजापति और ग्राम पंचायत अधिकारी नीतू वर्मा को 'नारी रत्न सम्मान' से नवाजा गया। समारोह के मुख्य वक्ता शिया पीजी कॉलेज लखनऊ के प्रोफेसर सुधाकर वर्मा ने कहा कि महिलाएं समाज की आधारशिला हैं। उनकी मेहनत और प्रतिभा समाज को नई दिशा दे रही है। विशिष्ट अतिथि ईओ रेणुका यादव ने कहा कि आज की नारी हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही है, जो नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरडी वर्मा ने की। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष गंगाराम राजपूत, एपीओ अर्चना सिंह, दिनेश यादव व विनोद रावत सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### 18 साल पुराना जमीन विवाद खत्म, खलिहान की भूमि से हटा अवैध कब्जा

**थानगांव।** तहसील प्रशासन ने क्षेत्र के ग्राम गोड़ापुरवा मजरे रामीपुर गोड़वा में बीते 18 वर्षों से चले आ रहे एक जमीन विवाद का अंत कर दिया है। प्रशासन ने बुलडोजर की मदद से सरकारी खलिहान की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया। मामला रमेश, उदयराज, सोहन, राजिन्दर और गंगाराम के बीच लंबे समय से विवादित था। इन पक्षों ने खलिहान की जमीन पर पक्के और कच्चे निर्माण कर रखे थे। गंगाराम की पैरवी पर कोर्ट ने एक माह पूर्व अतिक्रमण हटाने का नोटिस जारी किया था, जिसकी समय सीमा समाप्त होने के बाद यह कार्रवाई की गई। मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार विनोद कुमार शर्मा और लेखपाल सुरेंद्र कुमार वर्मा ने थानगांव पुलिस की मौजूदगी में अवैध निर्माण को ध्वस्त कराया। लेखपाल ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार विधिक प्रक्रिया के तहत सरकारी जमीन को खाली करा लिया गया है।

# बदला मौसम, सुबह धुंध की चादर



सुबह सात बजे शहर के मुख्य मार्ग पर छायी धुंध के बीच लाइट जलाकर जाता वाहन।

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** जिले में बुधवार सुबह मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। भीषण गर्मी के बीच तड़के ठंडी हवाओं के साथ कोहरे जैसी घना धुंध छा गया। घने कोहरे के बीच दृश्यता घटकर महज 30 मीटर रह गई। इसके चलते हाईवे और मुख्य मार्गों पर वाहनों की रफ्तार थम गई और चालकों को हेडलाइट जलाकर रेंगना पड़ा। मौसम विभाग के वैज्ञानिक एके सिंह के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के कारण न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। सुबह का तापमान 17 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। सुबह छाए तेज कोहरे के कारण दृश्यता घटकर 30 मीटर रह गई है। कम दृश्यता के कारण वाहन की रफ्तार पर असर पड़ा। कहा कि हल्की बारिश के आसार लग रहे हैं। ठंडी हवाओं की रफ्तार बढ़ सकती है। बताया कि आने वाले कुछ दिनों तक मौसम में इसी तरह का उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है।

# तीन स्वास्थ्य अधिकारियों का कटा वेतन

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर.।

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कर कड़े तेवर दिखाए, ऐसे में उन्होंने दो चिकित्सक सहित तीन लोगों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। वहीं, सांडा में तैनात सीएचओ की कार्यशैली को लेकर स्पष्टीकरण मांगा है।

जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने सेहत की नब्ज टोही है। गोपनीय जानकारियों के आधार पर ही वे ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को खास निर्देश भी दे रहे हैं। इसके बावजूद भी मरीज और तीमारदारों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थितियों की जानकारी मिलने के बाद डीएम ने बीसीपीएम बेहटा मोहिनी जायसवाल, एमओआईसी बम्भौरा डॉ. आशीष मिश्रा और एमओआईसी मीरानगर डॉ. अनम फारूकी का एक दिन का वेतन काटने व नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वहीं सांडा में तैनात सीएचओ गायत्री देवी और प्रियंका की कार्यशैली पर मेडिकल बोर्ड गठित कर 15 दिन में रिपोर्ट मांगी है। डीएम ने स्पष्ट किया है कि शासन की मंशा के अनुकूल कार्य करना ही होगा।

### सांडा सीएचसी का हाल-बेहाल

सकरन ब्लॉक के सांडा स्वास्थ्य केंद्र पर मंगलवार को अव्यवस्थाओं का बोलबाला दिखा। खून की जांच और परामर्श के लिए गर्भवती महिलाओं की लंबी कतारें लगी मिलीं। भीषण उमस और भीड़ के बीच गणेशपुरवा निवासी गर्भवती महिला कोमल की हालत बिगड़ गई। बारासिंघा निवासी नीलम और सांडा की सोफिया बानो ने बताया कि घंटों लाइन में लगना पड़ता है, जिससे मजबूरन निजी अस्पतालों में जाना पड़ता है।






कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित करते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. एवं प्रस्तुति देतीं कलाकार। अमृत विचार

# लोकतंत्र की गरिमा को मत बेचो: दमदार बनारसी

संवाददाता, मिश्रिख।

**अमृत विचार:** नैमिषारण्य मेला महोत्सव आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में कवियों ने अपनी रचनाओं से समां बांध दिया। देर रात तक चले कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आए कवियों ने लोकतंत्र, देशभक्ति और श्रृंगार के रंगों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवि सम्मेलन का आगाज सपना सोनी की सरस्वती वंदना से हुआ। इसके बाद दमदार बनारसी ने लोकतंत्र पर तीखा प्रहार करते हुए कहा, लोकतंत्र की गरिमा को सस्ती लोकप्रियता के बदले मत बेचो। राम भदावर ने युवाओं में जोश भरा, तो गौरव दिवाकर और शशि श्रेया ने श्रृंगार रस की कविताओं से खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम में सुरेंद्र शर्मा, विनीत चौहान और जगदीप शुक्ला 'अंचल' के हास्य व्यंग्य ने लोगों को लोटपोट कर दिया। इससे पूर्व विधायक रामकृष्ण भार्गव व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कवियों का सम्मान किया। महोत्सव में कथक नृत्य और लोकगीतों की प्रस्तुतियों ने भी दर्शकों का मन मोह लिया।

# शहादत को किया याद, निकाला जुलूस

सीतापुर कार्यालय।



शाही जुलूस लेकर चलते अजादार। अमृत विचार

**अमृत विचार:** 21 रमजान के मौके पर मौला अली की तारीख-ए-शहादत की याद में पारंपरिक जुलूस निकाला गया। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में जुलूस परंपरागत तरीके से निकला। किला महमूदाबाद से निकले जुलूस में बड़ी संख्या में अजादार शामिल हुए। मातमी माहौल में मर्सिया, नौहाख्वानी और सीनाजनी के बीच जुलूस कर्बला पहुंचा, जहां ताबूत सुपुर्द-ए-लहद किए गए।

हजरत अली अ. स की तारीख-ए-शहादत की याद में शहर से लेकर जिले के अन्य हिस्सों में 21 रमजान का जुलूस गमगीन माहौल में निकाला गया। शहर में जुलूस पुराने शहर में परंपरा मार्गों से होकर निकला। महमूदाबाद में जुलूस प्रातः 10 बजे रवाना हुआ। शाही साज-सज्जा से सुसज्जित जुलूस में अलम, ऊंट, दुलदुल और ताबूत शामिल थे। जुलूस का नेतृत्व प्रो. अली खान ने किया। सभी क्षेत्रों में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त रहे।

### मौलाना सज्जाद ने मजलिस को किया संबोधित

दरगाह पहुंचने पर मौलाना सज्जाद ने मजलिस को संबोधित किया। उन्होंने 19वीं रमजान को हजरत अली अलैहिस्सलाम पर सुबह की नमाज के दौरान अब्दुर्रहमान इब्ने मुल्जिम द्वारा जहर में बुझी तलवार से किए गए हमले का मार्मिक वर्णन किया, जिसे सुनकर अजादार रो पड़े।

अमृत विचार

लखनऊ, गुरुवार, 12 मार्च 2026 रायबरेली

न्यूज ब्रीफ

## नहर में नवजात शिशु का उतराता मिला शव

**अमावां :** मिल एरिया थाना क्षेत्र में नवजात शिशु का शव मिलने से हड़कंप मच गया। शव मिलने की खबर फैलते ही आसपास के लोगो का भारी जमावड़ा लग गया। बुधवार की सुबह लगभग नौ बजे रायबरेली-सुल्तानपुर हाईवे के पास शारदा नहर में एक नवजात शिशु का शव लोगो ने उतराता देखा गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगो की मदद से शव को बाहर निकाला। थाना प्रभारी विंध्य विनय ने बताया कि शव भ्रूण का प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

## सात को शांतिभंग में किया चालान

**डीह :** थाना क्षेत्र में अशांत व अराजकता फैलाने वाले सात आरोपियों को पुलिस ने शांति भंग में चालान किया। बुधवार को पुलिस द्वारा विभिन्न गांवों में पुलिस के समझाने के बावजूद भी लोगों से दुर्व्यहार व अराजकता फैला रहे आरोपियों में बच्चन लाल पुत्र जगत किशोर निवासी पूरे दुल्मी मजरे पोठई, हिम्मत सिंह पुत्र त्रिभवन सिंह निवासी ब्रहमजीतपुर, रिंकू वर्मा निवासी दिलावलपुर, बृजेन्द्र मौर्य पुत्र जगजीवन मौर्य निवासी पोठई, विपिन पुत्र मथुरा प्रसाद निवासी जगदीशपुर, अभिषेक सिंह व अविनाश सिंह निवासी डीह को चालान कर उपजिलाधिकारी न्यायालय सलोन भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र मोहन ने बताया कि गांव में छोटी छोटी बातों को लेकर अराजकता फैला रहे सात लोगों का शांतिभंग में चालान किया गया है।

## अधेड़ की कुत्ते के काटने से मौत

**रायबरेली :** अमेठी जिले के फुरसतगंज थाना क्षेत्र के किशनपुर केवई ग्राम पंचायत के झंझरी गांव निवासी देवीदीन (67) की सोमवार को मौत हो गई। उनकी पत्नी केशव कुमारी ने बताया कि करीब दो महीने पहले उन्हें कुत्ते ने काट लिया था, जिसका इलाज कराया गया था। एक सप्ताह पहले उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजन उन्हें जिला अस्पताल रायबरेली और बाद में मेडिकल कॉलेज लखनऊ ले गए। वहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर बताते हुए घर ले जाने की सलाह दी। सोमवार को घर पर ही उनकी मौत हो गई। घटना से परिवार में शोक का माहौल है बेटा विजय बहादुर, रज्जन लाल, राज बहादुर, हरकेश कुमार, दक्षराज, जैत सिंह व चार बेटियों का रो रोकर बुरा हाल है।

## हादसे में दो घायल

**बछरावां :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बछरावां-महराजगंज मार्ग पर थुलेडी गांव के निकट ईदगाह के पास एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने पीछे से बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। इसमें दोनों घायल हो गए। घायल बाइक सवार चंद्रभान पुत्र महादेव, एक महिला कलावती पत्नी दुखीलाल निवासीगण मोहनलाल खेड़ा मजरे इसिया थाना बछरावां को बाइक से लेकर बछरावां से महराजगंज की तरफ जा रहे थे। तभी हादसे का शिकार हो गए। टक्कर मारने के बाद कार चालक फरार हो गया।

## संविदा कर्मी पर मधुमक्खियों का हमला

**रायबरेली :** एम्स परिसर में अनगिनत बड़ी-बड़ी मधुमक्खियों के छत्ता लगे हुए हैं। एम्स में ही कार्यरत कर्मी पर मधुमक्खियों ने जानलेवा हमला किया। जिनकी हालत गंभीर है। एम्स में शिव दर्शन सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत हैं, जो कूड़ा गाड़ी में अस्पताल का कचरा भरवा रहे थे। तभी मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। तब सिक्योरिटी गार्ड सुरेश, आनंद मोहन, शैलेन्द्र आदि ने बचाकर एम्स में भर्ती करवाया है।

# अफवाहों ने उपभोक्ताओं की उड़ाई नींद, कालाबाजारियों की बल्ले-बल्ले

## ▶ शहर से लेकर गांव तक रसोई गैस एजेंसियों में उमड़ रहे उपभोक्ता, लोगों की परेशानी के बीच अधिकारी बोले- गैस की कोई कमी नहीं


गैस एजेंसी में जानकारी करते उपभोक्ता। अमृत विचार


गैस एजेंसी का निरीक्षण करते डीएसओ उबैदुर्रहमान खान। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** ईरान युद्ध की आड़ में अफवाहों का बाजार गर्म होने लगा है। प्रशासन की ओर से भले ही पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, गैस उपलब्ध होने का दावा किया जा रहा हो, लेकिन अफवाहों का बाजार दिनोंदिन गर्म होने लगा है। इसका असर भी गैस एजेंसियों में पड़ने लगा है। पिछले दो दिनों से एजेंसियों में भीड़ उमड़ने लगी है। हाल यह है कि सुबह से ही लोग लाइन में लगने लगे हैं। वहीं जिम्मेदार अधिकारी गैस की कोई कमी नहीं होने का दावा कर रहे हैं। उनका कहना है कि नियम बदला है। 25 दिन पर ही दूसरा सिलेंडर मिलेगा। जिले में स्टाक की कोई कमी नहीं है। इस दौरान जिला पूर्ति अधिकारी उबैदुर्रहमान खान ने कई एजेंसियों का निरीक्षण भी किया।

खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध का असर यह तक आ पहुंचने लगा है। युद्ध के कारण गैस सिलेंडर की कीमतों में उछाल और आपूर्ति में कमी से लोगों में अफरातफरी का माहौल बन गया है। अब गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की लंबी कतारें देखी जा रही है।अंतरराष्ट्रीय बाजार में पेट्रोलियम पदार्थों की कीमत में उछाल का प्रभाव घरेलू गैस सिलेंडर पर भी पड़ रहा है। महराजगंज की अदिति इंडेन गैस एजेंसी पर बुधवार को गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमत और समय पर आपूर्ति नहीं होने से लोगों की भारी भीड़ जुटी रही। कई दिनों से उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की घरों तक होने वाली आपूर्ति भी बाधित है।

**बुकिंग में भी आ रही तकनीकी परेशानी:** क्षेत्र के कई उपभोक्ता गैस एजेंसियों के बाहर बुकिंग कराने के लिए भी कतार में लगे दिखाई दिए। कुछ लोगों की बुकिंग तो हो गई, लेकिन कई उपभोक्ताओं को तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई मामलों में बुकिंग के बाद उपभोक्ताओं के मोबाइल पर यह संदेश आ रहा है कि उन्हें दूसरा सिलेंडर 25 दिनों के बाद ही मिलेगा। उपभोक्ताओं का कहना है कि पहले डोर-टू-डोर गैस सिलेंडर की आपूर्ति आसानी से हो जाती थी, लेकिन इन दिनों कई इलाकों में घर तक गैस नहीं पहुंच पा रही है।

**ब्लैक मार्केटिंग पर कसेगा शिकांजा:** महराजगंज उपजिलाधिकारी गौतम सिंह ने बताया कि केंद्र सरकार ने एलपीजी गैस सिलेंडर बुकिंग प्रक्रिया में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। यह कदम जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के उद्देश्य से उठाया गया है। घरेलू गैस आपूर्ति को प्राथमिकता दी जा रही है। एलपीजी गैस की कमी नहीं है। सिर्फ नियमों में बदलाव होने से लोगों को परेशानी हो रही है।

### गैस की मारामारी, घंटों इंतजार करते रहे उपभोक्ता

**महराजगंज, रायबरेली।** कस्बा के मिल एरिया स्थित अदिति इंडेन गैस एजेंसी के गोदाम के बाहर भारी भीड़ देखी गई। लोग सुबह से ही अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। कई उपभोक्ता गैस सिलेंडर लेने के बाद उसे बाइक पर बांधकर घर ले जाते दिखे। वहीं मैदानों और गैस गोदामों के आसपास भी बड़ी संख्या में लोग सिलेंडर लेने के लिए जुटे रहे। अदिति इंडेन गैस एजेंसी महराजगंज के मैनेजर महेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि घबराने की जरूरत नहीं, गैस की कीमतों में बढ़ोतरी व आपूर्ति के बदले नियमों से अफरातफरी मची है। जल्द ही स्थिति सामान्य हो जाएगी।


अदिति इंडेन गैस एजेंसी के गोदाम पर मौजूद भीड़। अमृत विचार

### उपभोक्ताओं को अब 15 नहीं 25 दिन पर मिलेगा सिलेंडर

बदले नियमों व अफवाहों के बीच जानकारी के अभाव में गैस सिलेंडर बुकिंग में परेशानी आ रही है। ऐसे में परिवारों को घरेलू कामकाज चलाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोग जरूरी कामकाज छोड़कर गैस लेने के लिए लाइन लगाकर गैस लेते हुए दिखाई पड़े। साथ ही 15 दिनों की जगह 25 दिनों के बाद दूसरा सिलेंडर मिलने की सूचना के बाद उपभोक्ताओं में घबराहट बढ़ी है।

> जिले में गैस की कोई कमी नहीं है। पर्याप्त स्टाक एजेंसियों में उपलब्ध है। लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। अफवाहों के कारण लोग परेशान ना हो। पहले की ही तरह आसानी से सिलेंडर उपलब्ध रहेगा।
>
> -उबैदुर्रहमान खान, जिला पूर्ति अधिकारी, रायबरेली।

# सिपाही पर छेड़छाड़ पीड़िता को धमकाने का आरोप

● पीड़िता ने जिला मुख्यालय पर धरना देने की घोषणा

ऊंचाहार (रायबरेली)

**अमृत विचार।** विवाद में दूसरे समुदाय के लोगों द्वारा महिला से छेड़छाड़ के मामले में पुलिस पर बड़ा आरोप लगा है। पुलिस अधीक्षक द्वारा आश्वासन देने के बाद कोतवाली पहुंची पीड़िता के साथ सुलह के लिए सिपाही द्वारा धमकाया गया है। अब पीड़िता ने इंसाफ के लिए जिला मुख्यालय पर धरना देने की घोषणा की है।

मामला नगर के एक मुहल्ले का है। कुछ दिन पूर्व यहां रहने वाले दो पड़ोसियों के मध्य विवाद हुआ था। एक पक्ष की महिला का आरोप है कि दूसरा पक्ष अपनी मदद के लिए दूसरे समुदाय के लोगों को बुला लाया और उसके बाद उसके परिवार के साथ मारपीट की गई। महिला का कहना है कि दूसरे समुदाय के दो युवकों ने उसके साथ दुर्व्यवहार और छेड़छाड़ किया। इस मामले में महिला ने कोतवाली में शिकायत की। कोई कार्रवाई नहीं हुई तो उसने जिला मुख्यालय जाकर पुलिस अधीक्षक से मिलकर आपबीती सुनाई। बताया कि एसपी ने आश्वासन देकर ऊंचाहार कोतवाली भेजा। महिला का आरोप है कि जब वह कोतवाली पहुंची तो उसे दिन भर बैठे रखा गया और शाम को एक सिपाही ने उसे धमकी दी कि यदि उसने सुलह नहीं किया तो उसके पति को जेल भेज दिया जाएगा। इससे परेशान होकर महिला कोतवाली से भाग गई और उसने कहा कि यदि उसे इंसाफ नहीं मिला तो जिला मुख्यालय जाकर धरना देगी। इस मामले में कोतवाल अजय कुमार राय का कहना है कि मामला दो पक्षों के आपसी विवाद का है। महिला गलत आरोप लगा रही है। उसे कोई धमकाया नहीं गया है।

# सेना के जवान का बक्सर घाट पर हुआ अंतिम संस्कार, उमड़े लोग

आंखें हुईं नम

सरेनी (रायबरेली)

**अमृत विचार।** बीती सात मार्च को अरुणाचल प्रदेश में सेना का वाहन पलटने से क्षेत्र के गहरौली गांव के रहने वाले शहीद सेना के जवान का राजकीय सम्मान के साथ उन्नाव जिले के बक्सर घाट में बुधवार को अंतिम संस्कार किया गया। जैसे ही चिता को मुखाग्नि चचेरे भाई ने दी तो मौजूद लोगों की आंखें नम हो गई।

थाना क्षेत्र के गहरौली गांव के रहने वाले प्रदीप कुमार शर्मा पुत्र रामनरेश शर्मा वर्ष 2010 में सेना की 18वीं सिख रेजीमेंट में भर्ती हुए थे। बीती सात मार्च को सेना का वाहन अरुणाचल प्रदेश में ऑपरेशनल ड्यूटी के लिए जा रहा था। यह अभियान ऑपरेशन स्नो लेपर्ड के तहत चल रहा था। तभी वाहन पलट कर गहरी खाई में गिर गया। इसमें प्रदीप कुमार शर्मा की मौत हो गई।


शहीद जवान के रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

घटना की जानकारी परिजनों को मिली तो पत्नी कल्पना शर्मा, बेटी इशिका, अंशिका, बेटा युवराज, मां पूनम शर्मा का रो-रोकर बुरा हाल है।

बीती रात करीब नौ बजे सेना का वाहन शहीद जवान के पार्थिव शरीर को लेकर गहरौली गांव के एक विद्यालय में पहुंचा, जहां रात रुकने के बाद बुधवार की सुबह वाहन घर पहुंचा तो हाहाकार मच गया। पूरा गांव सैनिक के दर्शन को बेताब दिखा इसके बाद राजकीय सम्मान के साथ मृत सैनिक के पार्थिव शरीर का बक्सर घाट में अंतिम संस्कार संस्कार किया गया चिता को मुखाग्नि उनके चचेरे भाई सोनू शर्मा ने दी। मेजर आशीष श्रीवास्तव की अगुवाई में सैनिक को सलामी दी गई। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी, पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख जयप्रकाश सिंह, गिरीश बहादुर सिंह, शिवकरण सिंह, अमरदीप सिंह, आशु सिंह, जस्सी सिंह आदि मौजूद रहे।

## सदर विधायक ने दिव्यांगों को बांटे उपकरण

**रायबरेली।** रही ब्लॉक परिसर में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सदर विधायक अदिति सिंह ने होली की सबको बधाई दी। वहीं दिव्यांगों को सहायता उपकरण बांटे। इसमें ब्लॉक के 161 से अधिक क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ग्राम प्रधान मौजूद रहे। इस मौके पर समाज कल्याण अधिकारी/ जिला दिव्यांगजन एवं सशक्तिकरण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, बीडीओ गौरी राठौर समेत सभी ब्लॉक के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।


बच्चों को गुलाल लगाती विधायक अदिति सिंह।

## क्षेत्र पंचायत की बैठक ने विकास पर चर्चा

**डीह (रायबरेली) अमृत विचार।** ब्लॉक स्थित सभागार ब्लॉक प्रमुख मिथलेश कुमारी की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत की सामान्य बैठक खंड विकास अधिकारी शिवाकांत बाजपेई की नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्र के ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यों के समक्ष क्षेत्र पंचायत द्वारा वित्तीय वर्ष में कराए गए कार्यो से अवगत कराया गया और नए कार्यों पर चर्चा की गई। खंड विकास अधिकारी शिवाकांत बाजपेई ने बताया कि पूर्व में चल रही महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में श्रमिकों को प्रतिवर्ष सौ दिन का ही कार्य मिलता था और उसका भुगतान कई महीनों बाद मिलता था। लेकिन अब सरकार द्वारा चलाई जा रही जी राम जी योजनांतर्गत श्रमिकों को प्रतिवर्ष एक सौ पच्चीस दिन का कार्य मिलेगा और भुगतान एक महीने के अंदर दिया जाएगा. बैठक में प्रधान संघ अध्यक्ष फूलचंद्र अग्रहरि, पूर्व प्रधान रंजीत सिंह, राजकुमार सिंह, अशोक यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजकुमार द्विवेदी, अखिलेश बहादुर सिंह, कमलेश सिंह बड़े बाबू अमरेंद्र सिंह, मनोज साहू, सोनू जायसवाल, पप्पू मिश्र रहे।

## आईमन अहमद ने मंदिर में शिवम से रचाया ब्याह

**लालगंज।** कोतवाली क्षेत्र की सेमरपहा गांव की आईमन अहमद ने हिंदू धर्म स्वीकार कर कृतिका नाम रखकर कोरिहरा गांव के शिवम से विवाह रचाया। बाल्हेश्वर मंदिर में सात फेरे लेकर जीवन भर साथ-साथ रहने की कसम खाई। इस अवसर पर आईमन अहमद उर्फ कृतिका ने बताया कि बचपन से ही वह हिंदू धर्म के विचारों से प्रभावित थी। अब जीवन भर हिंदू रीति रिवाज के अनुसार ही अपना जीवन यापन करेगी। कृतिका ने शिवम के साथ अग्नि के सात फेरे लेते हुए हिंदू धार्म के रीति रिवाज के अनुसार विवाह रचाया। ऐहार गांव के प्रसिद्ध विद्वान आचार्य ने मंत्रोच्चारण से दोनों का गठबंधन किया। शिवम ने कृतिका को वर माला व मंगलसूत्र पहनाते हुए मांग मे सिंदूर भर कर आपनी पत्नी स्वीकार किया। हिंदू रीति रिवाज के अनुसार विवाह के समय जेवर भी शिवम ने अपनी पत्नी को प्रदान किया। शिवम ने बताया कि यह उसकी लव मैरिज है। वह कई वर्षों से कृतिका से प्रभावित था। बालिग होने के बाद हम दोनों ने विवाह रचा लिया है। इस अवसर पर मौजूद लोगों ने दोनों को वैवाहिक संबंधों के लिए बधाई भी दी।

# हरित पहल में मिसाल बना प्रा. विद्यालय दौतरा

महराजगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग (एचएसवीआर) प्रतियोगिता 2025-26 के अंतर्गत विकास क्षेत्र महराजगंज के प्राथमिक विद्यालय दौतरा का राष्ट्रीय स्तर पर आकलन किया गया। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के निर्देशन में एनसीईआरटी नई दिल्ली एवं निर्माण रिसर्च एजेंसी मुंबई की दो अलग-अलग जाँच समितियों ने विद्यालय पहुँचकर निर्धारित मानकों के आधार पर निरीक्षण किया।


स्कूल में में बच्चों के साथ सेल्फी लेते शिक्षक। अमृत विचार

विद्यालय के शिक्षक आशीष प्रताप सिंह ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय दौतरा इससे पूर्व जनपद एवं राज्य स्तर पर निर्धारित 60 मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर चुका है, जिसके बाद विद्यालय का चयन राष्ट्रीय स्तर के आकलन हेतु किया गया। आकलन के दौरान एनसीईआर नई दिल्ली से आए नितेश तिवारी ने विद्यालय के भौतिक परिवेश का निरीक्षण किया और बच्चों से स्वच्छता एवं पर्यावरण से संबंधित प्रश्न पूछे। साथ ही विद्यालय के बच्चों एवं शिक्षकों विष्णु साहू, संजीव कुमार बाजपेई, सुषमा पाण्डेय एवं शेष दत्त गुप्ता से विद्यालय को और बेहतर बनाने के लिए सुझाव भी लिए।

इसी क्रम में निर्माण रिसर्ज एजेंसी, मुंबई से आए जीवन सिंह ने विद्यालय के स्वच्छता से संबंधित भौतिक संसाधनों का 200 से अधिक मानकों पर विस्तृत आकलन किया।

# लाखों के जेवरात चोरों ने किया पार, जांच जारी

छतोह (रायबरेली)

**अमृत विचार।** नसीराबाद थाना क्षेत्र ने चोरी की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही है। एक के बाद एक महीने भर में हुई दर्जनों चोरिया हो चुकी हैं। खुलासा एक का भी नहीं। सुजवरिया मजरे अशोक नगर मंजू देवी पत्नी हंसराज के घर से लाखों के जेवरात चोरों ने पार कर दिए। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

छतोह ब्लॉक के ग्राम सभा सुजवरिया मजरे अशोक नगर थाना नसीराबाद निवासिनी मंजू देवी पत्नी हंसराज ने नसीराबाद थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि बीती रात 10 मार्च को मैं अपने घर के अंदर सो रही थी। रात में करीब एक बजे उठी तो देखा कि घर के सारे दरवाजे खुले हुए थे। कमरे ने अंदर जाकर देखा तो सारा सामान बक्सा खुला पड़ा था। सामान अस्त-व्यस्त बिखरे हुए थे। बक्से का ताला टूटा हुआ था। चोरों ने हमारे घर का दरवाजा खोलकर घर में रखे कीमती सोना चांदी के जेवरात और 10 हजार रुपए व मोबाइल फोन चोरी कर ले गए। थाना अध्यक्ष पवन कुमार सोनकर ने बताया प्रार्थना पत्र मिला है। जांच की जा रही है।

## सचिवों का प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**डलमऊ, अमृत विचार।** विद्यालय प्रबंध समिति के सचिवों प्रधानाध्यापकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य परिषदीय विद्यालयों के प्रबंधन को और अधिक सुदृढ़ बनाना तथा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना है। खंड शिक्षा अधिकारी नंदलाल रजक की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि विद्यालय के विकास में प्रबंध समिति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। पारदर्शिता के साथ विकास कार्यों को गति देना सभी का प्राथमिक कर्तव्य है। कार्यक्रम में मुख्य संदर्भ दाताओं के रूप में उपस्थित विशेषज्ञों ने विभिन्न तकनीकी और प्रशासनिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। शिव प्रकाश, कपिल गुप्ता, शिवकुमार दीक्षित, शैलेंद्र कुमार ने विद्यालय विकास योजना बजट का सदुपयोग और सामुदायिक सहभागिता जैसे विषयों पर सचिवों को प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण के दौरान अकादमिक रिसोर्स पर्सन (एआरपी) वीरेंद्र सिंह एवं राजेश कुमार ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने और कक्षा-कक्ष शिक्षण को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए। इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक उपस्थित रहे।


प्रशिक्षण शिविर में मौजूद प्रधानाध्यापक और शिक्षक।

## सम्मेलन में शामिल होंगे बाल साहित्यकार

**ऊंचाहार।** प्रसिद्ध बाल साहित्यकार अरविंद कुमार साहू को मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय बाल साहित्य सम्मेलन में वक्तव्य देने के लिए आमंत्रित किया गया है। इस कार्यक्रम में पूरे देश के चुने हुए बाल साहित्यकारों, समीक्षकों, संपादकों व विषय विशेषज्ञों की उपस्थिति होगी। साहित्य अकादमी के सचिव राकेश सिंह ने बताया कि 13 व 14 मार्च को भोपाल शहर में आयोजित इस वृहद सम्मेलन में पूरे देश के चुने विद्वान लेखक आदि उपस्थित रहेंगे, जहां "बाल अवस्था के रचनाकारों की बाल साहित्य में भूमिका " विषय पर व्याख्यान देने के लिए अरविंद कुमार साहू को आमंत्रित किया गया है। उल्लेखनीय है कि अरविंद कुमार साहू राष्ट्रीय स्तर के बाल साहित्यकार व लेखक हैं। दर्जनों पुरस्कार प्राप्त इस लेखक की लगभग 24 पुस्तकें भी प्रकाशित हो चुकी हैं।

## आंगनबाड़ी केंद्र में चोरी, मुकदमा दर्ज

**अमावां।** मिल एरिया थाना क्षेत्र के दाऊदनगर द्वितीय स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में चोरी का मामला प्रकाश मे आया है। आंगनबाड़ी केंद्र प्राथमिक विद्यालय गड़िहा परिसर में संचालित है। आरोप है कि 24 फरवरी की रात अज्ञात चोरों ने आंगनबाड़ी कक्ष के स्टोर रूम का ताला तोड़कर सामान चोरी कर लिया। चोर एक बोरी चावल, 22 किलो चना दाल, 11 लीटर सोयाबीन तेल समेत अन्य सामान उठा ले गए। घटना की सूचना आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने पुलिस को दी।

आयोजन

हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

# बीएसए ने बेहतर कार्य पर शिक्षक-शिक्षिकाओं को किया सम्मानित

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, विद्याभवन, लखनऊ के निर्देश के क्रम में विकास क्षेत्र राही, रायबरेली का ब्लाक स्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र, दरियापुर, रायबरेली में किया गया। इस कार्यक्रम का उददेश्य 3 से 6 वर्ष के बच्चों को प्री प्राइमरी शिक्षा को लोकेटेड आगनबाड़ी केन्द्रों पर बढ़ावा देने के लिए है।



हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम में पुरस्कृत बच्चे व मौजूद अतिथि।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह एवं विशिष्ट अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी रोहनिया डा. सत्य प्रकाश यादव रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में प्रावि राजापुर, बेहटा खुर्द, कोडर जहानपुर के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। उप्रावि सराय मुगला के छात्रों के द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गयी। कार्यक्रम का संचालन स्वदेश रमण त्रिपाठी, एआरपी राही, रायबरेली द्वारा किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा बच्चों को नियमित आंगनबाड़ी केन्द्रों व प्री प्राइमरी विद्यालयों में भेजने के लिये प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में सम्मिलित हुए छात्रों को पुरुस्कार प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। चहक कार्यक्रम में बेहतर कार्य करने वाले वंदना प्रावि दिल्लीहार, ललिता बाजपेयी दरियापुर व बंदना राजापुर, अंजुल यादव विनोहरा, शिवानी सिंह बेहटाखुर्द, तृप्ति चौहान भैदपुर, कल्पना एकौना, अनुराग राठौर कचौदा मो०पुर, प्रीती वर्मा पुरे जमुनिहा, जावित्री यादव बेला भेला, शिवकली गोंदवारा, श्यामलली राजापुर व वंदना श्रीवास्तव आंगनबाड़ी कार्यकत्री बेहटा खुर्द को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में धर्मेन्द्र सिंह, आशीष कुमार साहू, दिलीप कुमार अजय सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव, ब्रजेश कुमार, राजकुमार त्रिपाठी, जतिन मौर्या, गिरजा शंकर, अमृतलाल आदि के लोगों ने सहयोग प्रदान किया गया।

## वार्षिकोत्सव में बच्चों ने खूब मचाया धमाल, मेधावी हुए पुरस्कृत

**लालगंज (रायबरेली)।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में प्री -प्राइमरी विंग के वार्षिकोत्सव का आयोजन बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि लालगंज क्षेत्राधिकारी अमित सिंह व एनएसपीएस त्रिपुला विद्यालय शाखा के प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर मां सरस्वती के पूजन के साथ किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से हुई। बच्चो की प्रस्तुती ने अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया। छात्र छात्रओ ने मनमोहक नृत्य, गीत तथा लघु नाटकों की प्रस्तुतियों से दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। मुख्य अतिथि सीओ अमित सिंह ने शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और अनुशासन के महत्व पर जोर देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एनएसपीएस त्रिपुला शाखा के प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने कहा कि शिक्षा कि गुणवत्ता व बच्चों के सही मार्गदर्शन के लिये शिक्षकों व अभिभावकों का जागरूक होना जरुरी हैं। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी, लालगंज कोतवाली निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, उपनिरीक्षक निखिल यादव, अजय मिश्रा, अमित कुमार, विद्यालय कोर्डिनेटर कविता शर्मा, शिक्षिका प्रकृति श्रीवास्तव, प्रियांशी गुप्ता आदि रहीं।


बच्चों के साथ क्षेत्राधिकारी लालगंज और प्रधानाचार्य।

न्यूज ब्रीफ

### अराजक तत्वों ने सीसीटीवी तोड़ा

**सिंहपुर (अमेठी) :** थाना क्षेत्र के तिलोई सेमरौता मार्ग की सीमा पर लगा सीसीटीवी कैमरा अराजक तत्वों मे मंगलवार की रात तोड़ दिया। एसओ दया शंकर मिश्रा ने बतायाकि मंगलवार की रात तिलोई रोड पर मोहन गंज थाने की सीमा पर लगा सीसीटीवी कैमरा तोड़ दिया हैं। कैमरा तोड़ने वाले अराजक तत्वों की पहचान के प्रयास किये जा रहे हैं। कैमारे को दुरुस्त कराने के लिए भेजा गया हैं। शीघ्र ही दुरुस्त कराकर लगवाया जायेगा।

### भंडारे में हुआ संत व महात्माओं का सम्मान

**मुसाफिरखाना (अमेठी) :** क्षेत्र के धरौली गांव स्थित आईटीआई परिसर में बने कबीर पंथ आश्रम पर आयोजित धार्मिक भंडारे में ब्लॉक अध्यक्ष राजू ओझा एवं कांग्रेस नेता राम मिलन यादव ने पहुंचकर संत-महात्माओं को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। भंडारे के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। सभी ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ प्राप्त किया। पूरे कार्यक्रम में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना रहा। इस अवसर पर कांग्रेस नेता राम मिलन यादव ने कहा कि संत-महात्मा समाज को सदैव सत्य, सेवा और सदाचार का मार्ग दिखाते हैं। उनके सान्निध्य से मानव जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक चेतना का संचार होता है। इसलिए ऐसे धार्मिक आयोजनों में संतों का सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है। भंडारे में उपस्थित संत-महात्माओं को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। संतों ने भी समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और सेवा की भावना को मजबूत बनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर राजू ओझा, राम सुख चौरसिया, रविंद्र सिंह, शेर बहादुर सिंह, सिद्धनाथ कोरी, शिवम यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### हजरत अली की शहादत की याद में निकाला गया जुलूस

**मुसाफिरखाना :** क्षेत्र के भनौली गांव में मंगलवार की देर रात हज़रत अली की शहादत की याद में ग़मगीन माहौल के बीच जुलूस निकाला गया। जुलूस जामा मस्जिद इमामबाग से शुरू होकर बड़े इमामबाड़े पर संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। जुलूस के दौरान अज़ादारों ने हज़रत अली का प्रतीकात्मक ताबूत उठाया और "या अली मौला, हैदर मौला" की सदाओं के साथ मातम किया। काले कपड़े पहने अज़ादारों ने ग़म का इज़हार करते हुए मौला अली की याद को ताज़ा किया। इस दौरान नौहख्वानों ने दर्द भरे नौहे पढ़कर माहौल को और भी ग़मगीन बना दिया। जुलूस रात लगभग 10 बजे जामा मस्जिद इमामबाग से निकलकर इसौली मार्ग से होते हुए देर रात करीब 2 बजे बड़े इमामबाड़े पहुंचा। वहां एक मजलिस का आयोजन किया गया, जिसमें मौलाना गौहर अब्बास ने ख़िताब करते हुए मौला अली के मसायब बयान किए और उनके जीवन तथा कुर्बानियों पर प्रकाश डाला। बुधवार देर रात एक जुलूस छोटी मस्जिद से छोटे इमामबाड़े तक निकाला गया। जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतज़ाम किए गए थे। क्षेत्राधिकारी और कोतवाल मुसाफिरखाना के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। गौरतलब है कि इस्लामी कैलेंडर के अनुसार 21 रमज़ान को शिया मुसलमानों के पहले इमाम और पैगंबर हज़रत मोहम्मद के दामाद हज़रत अली की शहादत हुई थी। उनकी याद में दुनिया भर के शिया मुसलमान काले कपड़े पहनकर अज़ादारी करते हैं और मजलिसों व जुलूसों के माध्यम से उन्हें ख़िराज-ए-अकीदत पेश करते हैं।

# रसोई गैस की किल्लत से लोग परेशान एजेंसी पर लग रहीं हैं लंबी कतारें

**बढ़ी मुसीबत: लोग बोले-उनके घरों में खाना बनाने की गंभीर समस्या खड़ी हो गई**

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** जिले में इन दिनों रसोई गैस की भारी किल्लत से आम लोग काफी परेशान हैं। उपभोक्ताओं को गैस सिलिंडर के लिए रोज सुबह से ही गैस एजेंसी के बाहर लंबी लाइनें लगानी पड़ रही हैं। गैस की दिक्कत के चलते कई लोगों को शाम तक निराश होकर खाली हाथ घर लौटना पड़ रहा है। इसके बावजूद जिला प्रशासन मौन हैं। वहीं अमेठी स्थित प्रकाश गैस एजेंसी के बाहर उपभोक्ताओं की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है।

परेशाना लोगों का कहना है कि पिछले कई दिनों से उन्हें गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। इससे उनके घरों में खाना बनाने की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। उपभोक्ता सुबह जल्दी एजेंसी पहुंचकर लाइन में लग जाते हैं, लेकिन पूरे दिन इंतजार करने के बाद भी गैस उपलब्ध नहीं हो पाती है। इस स्थिति से खासकर तो महिलाओं और बुजुर्गों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें घंटों धूप या गर्मी में खड़े रहना पड़ता है। परेशान स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस गंभीर समस्या पर ध्यान देने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि जल्द से जल्द गैस की आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए ताकि आम जनता को राहत मिल सके।


रसोई गैस के इंतजार में लाइन में लगे उपभोक्ता। अमृत विचार

वहीं इस बारे में प्रकाश गैस एजेंसी प्रबंधन ने अपनी स्थिति स्पष्ट की है। उनका कहना है कि छह मार्च से गैस का लोड नहीं आया है। जैसे ही गैस की सप्लाई पहुंचेगी, उपभोक्ताओं को प्राथमिकता के आधार पर सिलेंडर का वितरण किया जाएगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से धैर्य बनाए रखने की अपील की है।

**उपभोक्ताओं ने प्रशासन से निदान करने की लगाई गुहार:** उपभोक्ताओं को रोज सुबह से ही गैस सिलेंडर के लिए लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है। कई बार उन्हें पूरे दिन इंतजार के बाद भी खाली हाथ लौटना पड़ता है। इससे उनके दैनिक जीवन पर बुरा असर पड़ रहा है और भोजन पकाने में दिक्कतें आ रही हैं। खासकर महिलाओं और बुजुर्गों को शारीरिक रूप से अधिक कठिनाई हो रही है। वे प्रशासन से इस किल्लत को तुरंत खत्म करने की गुहार लगा रहे हैं। पूरे कालू तिवारी निवासी पवन कुमार तिवारी, अहिरावल निवासी रामसुख मिश्रा, आवास विकास अमेठी कॉलोनी निवासी राजकुमार विश्वकर्मा सहित दर्जनों नागरिकों ने घरेलू गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने की प्रशासन से मांग की है। पवन कुमार तिवारी ने बताया की जब गैस एजेंसी पर संपर्क किया जाता है तो मालिक साहित सभी कर्मचारियों का मोबाइल ऑफ रहता है सही कोई जानकारी नहीं दे रहा है कि गैस कब मिलेगी।

## नो स्मोकिंग डे पर गोष्ठी का हुआ आयोजन

**रायबरेली।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. नवीन चंद्रा के निर्देशन में तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत "नो स्मोकिंग डे" पर गोष्ठी एवं हस्ताक्षर अभियान का आयोजन सीएमओ कार्यालय में किया गया। कार्यशाला में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी/नोडल अधिकारी डा. अरुण कुमार द्वारा जनपद में जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के उद्देश्यों एवं लक्ष्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। कार्यशाला में कोटपा अधिनियम-2003 की धारा 4 सार्वजनिक स्थानों पर तम्बाकू धूम्रपान निषेध परिसर के बारे में बताया गया। जिला परामर्शदाता, तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ पूनम यादव द्वारा तम्बाकू के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में अवगत कराते हुए बताया कि जन-मानस में तम्बाव तम्बाकू का सेवन बहुत अधिक मात्रा में पुरुषों के साथ महिलाओं द्वारा भी किया जा रहा है। जिसके परिणाम बहुत ही गम्भीर है। तम्बाकू का धुआँ रहित या धुएं के साथ दोनों तरह का उपयोग समाज के लिए हानिकारक है। इस दौरान अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरविन्द कुमार, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. अम्बिका प्रसाद, जिला स्वास्थ्य शिक्षा सूचना अधिकारी डीएस अस्थाना, डीपीएम राकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## दो दिवसीय दौरे पर आज रायबरेली आएंगे राहुल गांधी

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** नेता प्रतिपक्ष एवं संसद राहुल गांधी 12 मार्च को फुरसतगंज एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से वे सीधे रायबरेली में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में शामिल होंगे। बैठक में विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों के साथ क्षेत्रीय विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगे। बैठक के उपरांत उनका रात्रि विश्राम भूएमऊ में निर्धारित है।

दौरे के दूसरे दिन 13 मार्च को सुबह राहुल गांधी जनता दर्शन कार्यक्रम में शामिल होकर क्षेत्र के लोगों से मुलाकात करेंगे तथा उनकी समस्याएं सुनेंगे। इसके बाद वे अमेठी जनपद के तिलोई विधानसभा क्षेत्र स्थित बहादुरपुर में नैना रिजॉर्ट पहुंचकर अमेठी संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक करेंगे। इस बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी रणनीति तथा क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। इसके बाद राहुल गांधी अमेठी के गौरीगंज क्षेत्र में कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष स्वर्गीय योगेंद्र मिश्रा के निवास पर आयोजित उनकी तेरहवीं (श्रद्धांजलि) संस्कार में शामिल होकर शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करेंगे। उसके बाद राहुल लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां से वे दिल्ली वापस चले जाएंगे।


नेता प्रतिपक्ष व सांसद राहुल गांधी।

### अमेठी में 13 को आएंगे राहुल गांधी

**अमेठी।** रायबरेली के सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का 13 को एक दिवसीय शुक्रवार को रहेगा। दौरे को लेकर स्थानीय कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने तैयारियां तेज कर दी हैं। 13 मार्च को राहुल गांधी अमेठी पहुंचेंगे। दौरे के दौरान राहुल गांधी अमेठी में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव योगेन्द्र मिश्रा की तेरहवीं कार्यक्रम में भी शामिल होंगे और शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर अपनी संवेदना व्यक्त करेंगे।

## तीन साल से एक ही हल्के में जमे सिपाही, उठ रहे सवाल

शुकुल बाजार (अमेठी)

- **कई दरोगा-सिपाहियों के तबादले के बाद भी नहीं बदली तैनाती**

**अमृत विचार।** इसे रसूख कहा जाए या जुगाड़ या कुछ और।थाना बाजार शुकुल में तैनात एक सिपाही की लंबे समय से एक ही हल्के में तैनाती को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। बताया जाता है कि सिपाही जंग बहादुर यादव करीब तीन वर्षों से एक ही चार नम्बर बीट में तैनात हैं। इस दौरान थाने में कई दरोगा, सिपाही और हेड मोहिर्रिर तक के तबादले हो चुके हैं, लेकिन उनकी तैनाती में अब तक कोई बदलाव नहीं हुआ।जबकि नियम कहता है कि तीन साल से अधिक कोई भी सिपाही या दारोगा एक ही थाने पर नहीं रह सकता है। आइजी ने भी ऐसे सिपाहियों की पहचान कर उन्हें स्थानांतरित करने के निर्देश एसपी को दिए थे।

बाजार शुकुल थाना क्षेत्र अमेठी, बाराबंकी और अयोध्या जनपदों की सीमाओं से जुड़ा हुआ है और यह इलाका जिले के बड़े वन क्षेत्रों में गिना जाता है। ऐसे में बीट प्रबंधन व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के लिए समय-समय पर हल्कों का परिवर्तन जरूरी माना जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय तक एक ही बीट या हल्के में तैनाती रहने से बीट प्रबंधन प्रणाली की पारदर्शिता और प्रभाव शीलता पर सवाल खड़े होते हैं। उनका कहना है कि समय-समय पर हल्का परिवर्तन होने से पुलिस व्यवस्था में संतुलन बना रहता है और जनता का भरोसा भी मजबूत होता है। क्षेत्र के कुछ लोग दबी जुबान में यह भी चर्चा करते हैं कि इलाके में हरे पेड़ों के कटान, खनन और कुछ अपराधियों से संभावित साठगांठ को लेकर भी तरह-तरह की बातें सामने आती रहती हैं।

वहीं एएसपी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस विभाग में समय-समय पर तबादले की प्रक्रिया चलती रहती है। यदि किसी सिपाही की लंबे समय से एक ही हल्के में तैनाती है तो इसकी उन्हें फिलहाल जानकारी नहीं है। शिकायत सामने आई है तो जांच करवाकर कार्रवाई की जाएगी।

## 308 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के सपनों को नई शुरुआत देने वाली मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत बुधवार को अमेठी में भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) गौरीगंज के पीछे स्थित मैदान में आयोजित इस समारोह में जिले के 13 विकासखंडों और चारों निकायों से आए 308 जोड़ों का विधि-विधान और धार्मिक परंपराओं के अनुसार विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह रहे। उनके साथ जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक सरवणन टी, मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को विवाह प्रमाण-पत्र और उपहार सामग्री भेंट कर उनके सुखद दांपत्य जीवन की कामना की। इस अवसर पर राज्यमंत्री मयंकेश्वर


विवाहित जोड़े को उपहार देते राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह व अन्य।

**सामूहिक विवाह समारोह**

शरण सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री की यह योजना गरीब परिवारों के लिए किसी आशीर्वाद से कम नहीं है। सरकार का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों का सम्मान और गरिमा के साथ विवाह कराना है, ताकि उनके जीवन की नई शुरुआत खुशियों के साथ हो सके।

जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से पहुंचे। सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों की बेटियों को सम्मानपूर्वक नया जीवन मिल रहा है। जिला समाज कल्याण अधिकारी शेर बहादुर ने बताया कि इस योजना के तहत प्रत्येक जोड़े को एक लाख रुपये की सहायता दी जाती है। इसमें 60 हजार रुपये कन्या के बैंक खाते में हस्तांतरित किए जाते हैं, जबकि 25 हजार रुपये की उपहार सामग्री के रूप में दी जाती है। साथ ही 15 हजार रुपये समारोह के आयोजन पर व्यय किए जाते हैं। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, डीसी एनआरएलएम प्रवीण शुक्ला, पीडी डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी और बड़ी संख्या में लाभार्थी परिवार उपस्थित रहे।

### हर बच्चा पढ़ाई में आगे बढ़े, यही सरकार की प्राथमिकता: सुरेश पासी

**शुकुल बाजार (अमेठी), अमृत विचार।** बुधवार को बीआरसी परिसर में ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यमंत्री व क्षेत्रीय विधायक सुरेश पासी शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन शिव कुश पाण्डे ने किया इसके बाद खंड शिक्षा अधिकारी शैलेन्द शुक्ला ने अतिथियों का बैज और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया तथा "निपुण लक्ष्य स्मृति" देकर उनका अभिनंदन किया। उन्होंने सरकार की विभिन्न शिक्षा योजनाओं की जानकारी देते हुए उनके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में विधायक सुरेश पासी ने कहा कि सरकार की मंशा है कि हर छात्र पढ़ाई में दक्ष बने। इसी उद्देश्य से निपुण भारत मिशन के तहत लक्ष्य तय किए गए हैं और शिक्षक उसी के अनुसार शिक्षण कार्य कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि निर्धारित समय में इस लक्ष्य को हासिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज में शिक्षक का स्थान हमेशा ऊंचा रहा है, इसलिए सभी शिक्षकों को समर्पण के साथ बच्चों को शिक्षित करना चाहिए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रधानाध्यापक विक्रमादित्य तिवारी अनूप तिवारी, राहुल पांडे ग्राम प्रधान, शिक्षक, शिक्षा विभाग के अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



विधायक सुरेश पासी का स्वागत करते अधिकारी।

### भागवत कथा से ही मनुष्य को मिल सकता है मोक्ष

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के विष्णु खेड़ा गांव में मां शीतला मंदिर में 6 मार्च से भागवत कथा चल रही है। अयोध्या से आए गुरु महाराज रवि शंकर शास्त्री भागवत कथा कह रहे हैं। व्यास गद्दी पर विराजमान रवि शंकर शास्त्री ने कहा कि कलयुग में भागवत कथा और श्री राम कथा सुनने से ही मनुष्य को मोक्ष मिल सकता है। उन्होंने भक्तों को बताया कि द्वापर युग में पांडवों के वंशज राजा परीक्षित को भागवत कथा सुनने से ही पुण्य लोक की प्राप्ति हुई थी। भागवत कथा और श्री राम कथा सत्संग का ही सार है। भागवत कथा में गीता, महापुराण, रामायण सभी कुछ देखने सुनने को मिलता है। समाजसेवी विजय सिंह ने बताया कि 12 मार्च को हवन एवं 13 मार्च को विशाल भंडारा होगा। भागवत कथा के आयोजक मंडल ने श्रद्धालुओं से भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

### इन्फ्लुवेरा अवॉड्र्स नाइट का हुआ आयोजन

**रायबरेली।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रोटरेक्ट क्लब रायबरेली इलाइट एवं शुक्ला विकास खादी ग्रामोद्योग संस्था द्वारा शहर के एक होटल में इन्फ्लुवेरा अवॉड्र्स नाइट का भव्य रूप से आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सिमहैंस हॉस्पिटल के एमडी डॉ. मनीष सिंह चौहान, पूर्व चेयरमैन नगर पालिका इलियास मन्नी भाई, कमला फाउंडेशन की अध्यक्ष पूनम सिंह, अंतरराष्ट्रीय कवि मारूफ खान, लखनऊ से आए रोट्रेक्ट रायबरेली के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान वरिष्ठ रोटरैक्ट अधिकारी तैय्यब जमील, भाजपा महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष तथा अन्य महिला पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में फुटवियर डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट से प्रवक्ता आयुषी श्रीवास्तव, हेमकुंड स्कूल की प्रिंसिपल आस्था सिंह, किड्स फन स्कूल से पूजा श्रीवास्तव, नैनो किड्स स्कूल की प्रिंसिपल अर्चना श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। साथ ही रायबरेली जिला न्यायालय की महिला अधिवक्ताओं की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही। इस अवसर पर शुक्ला विकास खादी ग्रामोद्योग संस्था की अध्यक्ष एवं अधिवक्ता सारिका शुक्ला और रोटरेक्ट क्लब रायबरेली इलाइट के अध्यक्ष तारिक खान ने सभी अतिथि एवं प्रतिभागी महिलाओं को बुके, मेमेंटो एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। डॉ. मनीष सिंह चौहान ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम महिलाओं को आगे बढ़ने और समाज में अपनी पहचान बनाने के लिए प्रेरित करते हैं। वहीं पूर्व चेयरमैन मो. इलियास ने भी अपने हाथों से प्रमाण पत्र एवं मेमेंटो प्रदान कर महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। पूनम सिंह ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए तारिक खान का आभार व्यक्त किया तथा अंतरराष्ट्रीय शायर मारूफ खान को भी विशेष धन्यवाद दिया। इस अवसर पर राजकुमारी सिंह, विमलेश मिश्रा, प्रियंका कक्कड़ आदि मौजूद रहीं। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट आलोक श्रीवास्तव ने किया।

### कथा सुन श्रद्धालुओं की आंखें हुईं नम

**कमरौली (अमेठी) अमृत विचार।** जगदीशपुर क्षेत्र के सिन्दूरवा स्थित बाबा गंगादास कुटी में आयोजित श्रीराम कथा के पांचवें दिन भगवान श्रीराम के वनवास के दौरान घटित केवट प्रसंग का अत्यंत मार्मिक और भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा वाचक महाराज राजेश निर्मोही ने जब केवट की सच्ची भक्ति और प्रभु के प्रति उसके निष्काम प्रेम का प्रसंग सुनाया, तो पंडाल में बैठे श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और कई लोगों की आंखें नम हो गईं। कथा वाचक ने बताया कि वनवास के दौरान भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण गंगा तट पर पहुंचे। उन्हें नदी पार करनी थी, इसलिए केवट को नाव लेकर बुलाया गया। केवट ने बड़ी विनम्रता से प्रभु के सामने हाथ जोड़कर निवेदन किया कि पहले वह उनके चरण धोएगा, तभी नाव पर बैठाएगा। उसने कहा कि प्रभु के चरणों की धूल से पत्थर भी नारी बन गया था, इसलिए यदि बिना चरण धोए प्रभु को नाव पर बैठा लिया तो उसकी नाव भी कहीं रूप बदलकर स्त्री न बन जाए। केवट की यह सरल और प्रेमभरी बात सुनकर वहां उपस्थित सभी लोग भावुक हो उठे। केवट ने बड़े प्रेम और श्रद्धा से भगवान श्रीराम के चरण धोए और फिर उन्हें नाव में बैठाकर गंगा पार कराई। कथा वाचक ने बताया कि केवट का यह प्रसंग सच्ची भक्ति, समर्पण और भगवान के प्रति निष्काम प्रेम का अद्भुत उदाहरण है। कथा के दौरान भजन-कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा और श्रद्धालु देर रात तक कथा का रसपान करते रहे। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख राजेश विक्रम सिंह, महंत गुरु बक्श दास, अंजनी मिश्रा, दिनेश लोधी, राममिलन जिला पंचायत सदस्य सोनू यज्ञसैनी, तथा हैदरगढ़ के चेयरमैन आलोक तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## युवाओं ने विरोध में निकाला कैंडल मार्च

कमरौली (अमेठी)

**अमृत विचार।** दिल्ली में होली के दिन हुए तरुण हत्याकांड के विरोध में मंगलवार की शाम औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर रोड नंबर-1 पर युवाओं और विभिन्न हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने कैंडल मार्च निकालकर आक्रोश जताया। लोगों ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर शांतिपूर्ण मार्च किया और दिवंगत तरुण को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की शुरुआत हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ से हुई। इसके बाद सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत तरुण की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। श्रद्धांजलि स्वरूप कार्यक्रम स्थल पर दीपमाला भी सजाई गई और दीप जलाकर उन्हें नमन किया गया।


कैंडल मार्च निकालते लोग। अमृत विचार

इस दौरान युवाओं ने "तरुण को न्याय दो, हत्यारों को सजा दो" और "जब तक न्याय नहीं मिलेगा, संघर्ष जारी रहेगा" जैसे नारे लगाते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर पवन तिवारी, अधिवक्ता संदीप पाण्डेय, मनमोहन तिवारी, सौरभ मिश्रा, मनीष सिंह, संजय शुक्ला, शुभम जी, दीपेंद्र पाठक, संतोष पाण्डेय, एस.एन. तिवारी, दीपक उपाध्याय, मनीष त्रिपाठी, डॉ. अनूप कुमार रहे।

## आपसी भाई चारे के साथ ईद का पर्व मनाने की अपील

डीह (रायबरेली)

**अमृत विचार।** आगामी ईद के त्योहार को लेकर थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र मोहन सरोज की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक की गई। बैठक में क्षेत्र के मौलानाओं व सम्भ्रांत व्यक्तियों की उपस्थिति में आगामी ईद त्यौहार पर उपस्थित मौलानाओं को दिशा निर्देश देते हुए बताया गया कि शांतिपूर्वक अपने ईद ग़ाहों पर पहुंचकर नमाज आद करें।

प्रभारी निरीक्षक ने सड़कों पर कतई नमाज अदा न करे और प्रेम पूर्वक भाई चारे के साथ सभी अपना त्यौहार मनाए। अगर कोई समस्या हो तो उसे पुलिस को बताए। यदि कोई भी व्यक्ति अराजकता फैलाने की कोशिश करेगा तो उसे बक्सा नहीं जाएगा ।इस अवसर पर पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष रंजीत सिंह, वर्तमान प्रधान संघ अध्यक्ष फूलचंद्र अग्रहरि, प्रधान संतलाल पासी, अब्दुल वहीद खान, रामू मिश्रा, मौलाना लतीफ मुस्तकीम, मुख्तार अहमद, मनीष तिवारी आदि मौजूद रहे।

आयोजन

**महोत्सव में जोगापुर, थगैंचा, बढ़इन का पुरवा, मदईखेड़ा, हसनापुर, गौतमन खेड़ा आदि गांवों की टीमों ने लिया भाग**

# मदईखेड़ा में फाग कलाकारों ने बांधा समां, खूब उड़ा अबीर-गुलाल

सरेनी (रायबरेली)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के मदईखेड़ा गांव में स्थित मां कालका देवी के मंदिर परिसर में वार्षिक फाग महोत्सव एवं मेले का आयोजन किया गया। इसमें लगभग एक दर्जन गांवों की फाग टीमों ने हिस्सा लिया। मंदिर परिसर में यह महोत्सव सैकड़ों वर्षों से चैत्र मास की अष्टमी को सम्पन्न होता आ रहा है।

जानकारी के मुताबिक श्रद्धालु आकर मंदिरों में पूजा-अर्चना करते हैं और फाग गायन का आनंद उठाते हैं। मेले में लोग जरूरी सामग्रियों की खरीद फरोख्त भी करते हैं। इस बार देर रात तक चलने वाले इस महोत्सव में जोगापुर, थगैंचा, बढ़इन का पुरवा, मदईखेड़ा, हसनापुर, गौतमन खेड़ा आदि गांवों की टीमों ने भाग लिया।


मदईखेड़ा में वार्षिक फाग महोत्सव में शामिल लोग। अमृत विचार

मेले के आयोजक ग्राम प्रधान सुनील कुमार व व्यवस्थापक विष्णु प्रताप मिश्र ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व से ही महोत्सव की तैयारियां शुरू कर दी गई थी। मंदिर की पुताई कराई गई व परिसर की सफाई भी की गई। इस अवसर पर ऋतुराज सिंह, गिरिजाशंकर, शम्भु, भंवर पाल सिंह, गयाबक्श सिंह, महेंद्र सिंह, सूर्यबहादुर, पूर्व भाजपा अध्यक्ष रामू सिंह, सर्वेश प्रधान लखनापुर, रामनारायण, बंशी मिश्रा, शिवओम सिंह, अरविन्द मिश्रा, देवेश साहू आदि मौजूद रहे।


भंडारा में प्रसाद छकते श्रद्धालु। अमृत विचार

**कबिरादान बाबा मंदिर में उमड़े श्रद्धालु, छका प्रसाद, शिवगढ़ :** क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैंती स्थित प्रसिद्ध श्री कबीरादान बाबा के मंदिर प्रांगण में बाबा का वार्षिक विशाल भंडारा सम्पन्न हुआ। शिवगढ़ सीएचसी अधीक्षक डा.प्रेमशरन, स्वास्थ्य शिक्षाधिकारी जयराम यादव, एएनएम रश्मि रावत,वार्ड बॉय प्रेम सहित हजारों श्रद्धालुओं ने मंदिर में माथा टेका व प्रसाद ग्रहण कर मनोकामना मांगी।

कबीरादान बाबा सेवा समिति अध्यक्ष अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि कबीरादान बाबा के मंदिर में करीब 500 वर्षों से हर साल होली के बाद अष्टमी को कबीरादान बाबा सेवा समिति एवं ग्रामीणों के सामूहिक सहयोग से तीन दिवसीय विशेष धार्मिक आयोजन किया जाता है। पहले दिन श्री रामचरितमानस पाठ, दूसरे दिन विशाल भंडारा आयोजित किया जाता है। मंगलवार को दोपहर में शुरू हुआ भंडारा देर रात तक चला, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर सचिव कमल किशोर रावत, शिवराज, एडवोकेट गौरव मिश्रा, अजय यादव, टीनू, रजत, विजय, रामशंकर,जामवन्त, रामफेर, रामधन, राहुल, मायाराम रावत, सर्वेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# अमृत विचार

गुरुवार, 12 मार्च 2026




लोगों से मुलाकातें ही जीवन को जीने लायक बनाती हैं।
–गाइ दे मोपासां, फ्रेंच लेखक



## सामाजिक सहमति जरूरी

सुप्रीम कोर्ट ने 1937 के शरिया कानून के प्रावधानों को मुस्लिम महिलाओं के साथ भेदभावपूर्ण बताते हुए इसे निरस्त करने के अनुरोध वाली याचिका पर टिप्पणी करते हुए कहा कि अब 'समान नागरिक संहिता' लागू करने का समय आ गया है। शीर्ष अदालत की यह टिप्पणी वास्तव में अत्यधिक समीचीन है कि सभी धर्मों की महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए अब एक समान कानून की जरूरत विधायिका यानी सरकार को महसूस होनी ही चाहिए।

देश में विवाह, तलाक, गोद लेना, उत्तराधिकार और संपत्ति जैसे व्यक्तिगत मामलों में विभिन्न धार्मिक समुदायों के अलग-अलग व्यक्तिगत कानून लागू होते हैं। यही विविधता समय-समय पर न्यायिक और सामाजिक विवादों का कारण बनती रही है। साफ सी बात है कि पर्सनल लॉ में लैंगिक असमानता बनी रहती है, तो उसका स्थायी समाधान समान नागरिक संहिता ही हो सकती है। जब समान नागरिक संहिता का विचार भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 में निहित है और जो राज्य को यह प्रयास करने का निर्देश देता है कि पूरे देश में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक कानून लागू हों, तब इसे बनाने और लागू करने में क्या हर्ज है, गोवा और उत्तराखंड जैसे राज्यों में लागू हो चुके कानून को देशव्यापी बनाने में क्या कोई राजनीतिक रोड़ा है? यूसीसी से कानून के समक्ष समानता और लैंगिक न्याय को मजबूती मिलेगी। अलग-अलग धार्मिक कानूनों के कारण विवाह, तलाक और संपत्ति अधिकारों में महिलाओं के साथ असमान व्यवहार की शिकायतें दूर हो जाएंगी। एक समान नागरिक कानून विभिन्न धर्मों के बीच कई असमानताओं को समाप्त कर नागरिकता की समान अवधारणा को मजबूत कर सकता है। इसके अतिरिक्त इससे राष्ट्रीय एकता और धर्मनिरपेक्ष शासन व्यवस्था को भी बल मिलेगा, हालांकि इस कानून के निर्माण में इसका ध्यान रखना पड़ेगा कि देश की सामाजिक-सांस्कृतिक विविधता अत्यंत व्यापक है और अनेक समुदाय अपने व्यक्तिगत कानूनों को अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा मानते हैं। ऐसे में एक समान कानून लागू करने को कुछ लोग धार्मिक स्वतंत्रता में हस्तक्षेप के रूप में देख सकते हैं। यदि विधायिका ने इसे ध्यान में रखे बिना कानून बनाया और लागू करने की प्रक्रिया में सामाजिक संवाद और सहमति को शामिल नहीं किया तो इससे सामाजिक तनाव भी पैदा हो सकता है। आखिर संविधान निर्माताओं ने यूसीसी को मौलिक अधिकारों के बजाय नीति निर्देशक तत्वों में इसीलिए रखा था, ताकि इसे समय और सामाजिक परिपक्वता के अनुसार लागू किया जा सके। आजादी के बाद से इस विषय पर अनेक आयोग, बहसें और न्यायिक टिप्पणियां हुईं, किंतु अभी तक दो राज्यों के अलावा राष्ट्रीय स्तर पर इसे लागू नहीं किया जा सका है। कई नजरिये से यह स्पष्ट है कि समान नागरिक संहिता केवल कानूनी सुधार का प्रश्न नहीं, बल्कि सामाजिक सहमति का भी विषय है।

यदि इसका उद्देश्य वास्तव में लैंगिक न्याय, समानता और आधुनिक नागरिकता की भावना को मजबूत करना है, तो इसे जल्दबाजी के बजाय व्यापक संवाद, संवेदनशीलता और चरणबद्ध सुधारों के साथ आगे बढ़ाया जाना चाहिए।

### प्रसंगवश

## पीढ़ियों का स्वभाव संसाधन व संस्कृति

'बेबी बूमर्स', 'मिलेनियल्स', 'जेन ज़ी' और अब 'जेन अल्फा', मीडिया, विज्ञापन उद्योग, शोध संस्थानों और सोशल मीडिया की भाषा में ये शब्द अब आम हो चुके हैं। इनके आधार पर पूरी पीढ़ियों के स्वभाव, आदतों और मानसिकता का विश्लेषण किया जाता है, मानो किसी विशेष वर्ष के बाद जन्म लेने वाले लोग अचानक अलग किस्म की मानसिकता के इंसान बन जाते हों, लेकिन इस प्रवृत्ति को थोड़ा ठहरकर देखा जाए तो एक बुनियादी प्रश्न सामने आता है- क्या किसी पीढ़ी का स्वभाव उसके नाम से तय होता है, या उन परिस्थितियों से जिनमें वह पली-बढ़ी होती है?

असल में 'बेबी बूमर', 'मिलेनियल' या 'जेन ज़ी' जैसे नाम समाज शास्त्रीय वर्गीकरण भर हैं। ये अध्ययन को आसान बनाते हैं, पर जीवन और समाज की जटिलताओं को पूरी तरह नहीं पकड़ पाते। किसी भी पीढ़ी को समझने के लिए यह जानना अधिक महत्वपूर्ण है कि वह किन सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक संदर्भों में बड़ी हुई, क्योंकि वही संदर्भ उसके मानस और व्यवहार का असली खाका तैयार करते हैं।




डॉ. शिवम् भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर


मनुष्य का व्यक्तित्व कई तत्वों से निर्मित होता है। संसाधनों की उपलब्धता, परिवार की संरचना, शिक्षा का स्वरूप, सांस्कृतिक मूल्य और समय की तकनीकी परिस्थितियां। यही तत्व मिलकर तय करते हैं कि कोई पीढ़ी दुनिया को कैसे देखेगी और समाज के प्रति उसका व्यवहार कैसा होगा। यदि किसी समाज में संसाधन सीमित हों, तो वहां पली-बढ़ी पीढ़ी स्वाभाविक रूप से मितव्ययिता, धैर्य और प्रतीक्षा का अभ्यास सीखती है। इसके विपरीत, जहां अवसर और सुविधाएं अधिक हों, वहां की पीढ़ी अपेक्षाकृत अधिक आत्मविश्वासी और प्रयोगधर्मी होती है। यह अंतर पीढ़ी के नाम से नहीं, बल्कि उसके परिवेश से पैदा होता है।

परिवार की संरचना भी इस प्रक्रिया को गहराई से प्रभावित करती है। संयुक्त परिवारों में बच्चे विभिन्न आयु, अनुभव और स्वभाव वाले लोगों के बीच बड़े होते हैं, जहां संवाद, धैर्य, साझा जिम्मेदारी और सामूहिकता स्वाभाविक रूप से विकसित होती है। छोटे या एकल परिवारों में बच्चों का अनुभव अपेक्षाकृत सीमित दायरे में आकार लेता है; यहां स्वतंत्र निर्णय क्षमता जल्दी विकसित होती है, लेकिन सामाजिक बातचीत का व्यावहारिक प्रशिक्षण उतना व्यापक नहीं हो पाता। दोनों स्थितियां अलग-अलग जीवन दृष्टि और सामाजिक व्यवहार को जन्म देती हैं।

तकनीक ने भी हर पीढ़ी के अनुभव को बदल दिया है। रेडियो के दौर में दुनिया की जानकारी सीमित माध्यमों से मिलती थी। टेलीविजन ने दुनिया को घर के भीतर ला दिया। इंटरनेट और स्मार्टफोन ने सूचना, संवाद और मनोरंजन की पूरी संरचना ही बदल दी, लेकिन तकनीक स्वयं किसी पीढ़ी का स्वभाव तय नहीं करती। वह केवल वातावरण बदलती है। उस वातावरण में व्यक्तित्व किस दिशा में विकसित होगा, यह परवरिश और सामाजिक मूल्यों पर निर्भर करता है।

इसी कारण एक ही नाम से पहचानी जाने वाली पीढ़ी अलग-अलग समाजों में बिल्कुल अलग स्वभाव की दिखाई देती है। किसी विकसित देश का युवा और किसी विकासशील देश का युवा एक ही वर्ष में जन्म ले सकते हैं, पर उनके जीवन अनुभव, सुरक्षा बोध, अवसरों की प्रकृति और चिंताएं एक-दूसरे से बहुत अलग होती हैं। इससे साफ़ है कि पीढ़ी का नाम नहीं, बल्कि उसका सामाजिक संदर्भ उसके व्यवहार को आकार देता है। समस्या तब शुरू होती है, जब इन नामों को अंतिम सच मान लिया जाता है। जब हम कहते हैं कि 'नई पीढ़ी ऐसी है' या 'पुरानी पीढ़ी वैसी थी', तो हम समाज की जटिल वास्तविकताओं को एक आसान लेबल में समेट देते हैं; इससे समझ कम और पूर्वाग्रह अधिक पैदा होते हैं। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# हिमालयी बुरांश के अस्तित्व पर संकट के बादल






अमित शर्मा
हल्द्वानी


उत्तराखंड अपनी प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है। इस हिमालयी राज्य में विविध प्रकार की अनुपम वनस्पतियां भी प्रचुरता में मिलती हैं, जो शायद ही इस धरती पर कहीं और मिलती होंगी। उत्तराखंड का राज्य वृक्ष बुरांश, देवदार और चीड़ के घने वृक्ष, उच्च हिमालयी क्षेत्रों में प्रमुख औषधीय पौधे केदारनाथ और दुर्लभ व सुंदर फूल ब्रह्म कमल या फिर विश्व धरोहर स्थल फूलों की घाटी के रंगीन फूल और प्रमुख झाड़ी रेडोडेंड्रॉन व जूनिपर, लेकिन चिंताजनक बात यह है कि जलवायु परिवर्तन का असर प्रकृति के इन अमूल्य उपहारों पर भारी पड़ता दिखाई दे रहा है।

हम बुरांश की बात करें, तो जहां इसकी सीरत के साथ बेपनाह खूबसूरती भी जुड़ी है, वहीं इसके अस्तित्व पर भी संकट पैदा हो रहा है। दरअसल, हिमालय जितना सुंदर है, उससे कहीं अधिक गुणकारी भी है। इसकी जमीन का हर फूल-पत्ता नैसर्गिक सुंदरता में चार चांद लगाता है, तो बेहतर स्वास्थ्य के कुदरती इलाज इसके भीतर छिपे हैं। इसकी सबसे बड़ी मिसाल बुरांश का पुष्प है। अनेक गुणों से सम्पन्न इस फूल को यूं ही राज्य पुष्प का दर्जा नहीं मिला है।

बुरांश के लाल फूल फरवरी मध्य और मार्च शुरू में खिलने शुरू होते हैं, जो अप्रैल माह तक अपने खिले हुए लाल रंगों से पहाड़ों की शोभा बढ़ाते हैं। लाल, गुलाबी, काला और सफेद रंग में रंगा यह पुष्प पर्वतों की ऊंचाई के साथ अपना रंग भी बदल लेता है। उत्तराखंड, हिमाचल और पड़ोसी राज्य नेपाल की वादियों में बहुतायत से खिलता है। स्वाद में कुछ खट्टा तो इसकी पंखुड़ी में समाया रस उतना ही मीठा होता है, जिसने भी इसका स्वाद चखा हो, वह इसके स्वाद को कभी भूल नहीं सकता। यह कहा जाए कि सेहत निखारने में इसका कोई सानी नहीं, तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। यही वजह है कि जूस, शरबत, जैम, जैली और चटनी के रूप में इसे लोग खूब पसंद करते हैं।

> हिमालयी क्षेत्र का बुरांश जितना सुंदर है, उससे कहीं अधिक गुणकारी भी है। इसे राज्य पुष्प का दर्जा भी मिला हुआ है। आज इसके अस्तित्व पर संकट पैदा हो रहा है।

यह फूल न केवल सौंदर्य का सरताज है, बल्कि पोषण और औषधीय गुणों से भरपूर है। बुरांश की देश भर में करीब 80 प्रजातियां पाई जाती हैं। इसमें से रोडोडेंड्रान आरबोरियम प्रजाति का फूल सबसे अधिक खूबसूरत होता है। विशेषज्ञ भी बताते हैं कि औषधियुक्त पुष्प बुरांश का कोई सानी नहीं है। इम्यूनिटी बढ़ाने में यह असीम ताकतवर है। हार्ट अटैक, रक्तचाप, कोलेस्ट्रॉल समेत कई रोगों की मारकशक्ति रखता है, जिसके चलते बुरांश उत्तराखंड राज्य में रोजगार का बड़ा जरिया भी बना है।

चिंताजनक पहलू यह है कि पर्यावरण में हो रहे बदलाव के कारण अब इस खूबसूरत फूल पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। एक आंकड़े के अनुसार, राज्य में हर साल इसका उत्पादन 20 से 30 प्रतिशत कम हो रहा है। इसके खिलने के बाद यह 10-15 दिनों में सूख भी जा रहा है। इसका कारण जलवायु परिवर्तन, बढ़ता तापमान, कम बर्फबारी और चीड़ के पेड़ों के बढ़ने से बुरांश की संख्या कम होना माना जा सकता है। जलवायु परिवर्तन का ही यह असर है कि अब बुरांश का समय से पहले खिलना भी बड़ी चिंता का विषय माना जा रहा है।

पहाड़ की ठंडी तासीर का फूल बुरांश जलवायु परिवर्तन और बढ़ते ताप की मार से पहले ही जूझ रहा है। वहीं, पहाड़ों में ठंडे क्षेत्रों के जंगलों में पैर पसारता चीड़ का कुनबा और कुरी झाड़ी का मकड़जाल दोनों ही बुरांश पर दोहरी मार कर रहे हैं। पहाड़ों में चीड़ का बढ़ता जंगल न केवल बुरांश व अन्य वनस्पतियों के लिए अभिशाप है, वहीं चीड़ की घनी पत्तियां जमीन में अन्य पेड़ों के बीजों को पनपने नहीं देती। वहीं, ग्रीष्म काल में जंगलों में लगने वाली आग में घी डालने का काम करती हैं।

चीड़ की ज्वलनशील लीसा पत्ती और इसके फल कई हफ़्तों तक जंगल में सुलगते रहते हैं, जिससे नए पौधे पनप नहीं पाते और पुनर्जनन प्रभावित होता है। पिछले कई वर्षों से उतराखंड के पहाड़ी राज्यों में बढ़ती वनाग्नि की घटनाओं में बुरांश व अन्य वनस्पति को खासा नुकसान पहुंचा है। नए पौधे वनों की आग में मारे गए, जिससे बड़े वृक्षों को झुलसना पड़ा। चीड़ का कुनबा कम ताप वाले जंगलों में फैलने से रोका नहीं गया, तो बुरांश के अस्तित्व पर खतरा साल दर साल बढ़ता ही जाएगा।

कुमाऊं विश्वविद्यालय डीएसबी परिसर के वनस्पति विज्ञान के प्रोफेसर ललित तिवारी कहते हैं कि बुरांश का फूल समय से पहले खिलने के कारण इसका पुनर्जनन प्रभावित हो चला है। इसके असर से भविष्य में इसके अस्तित्व के खतरे की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। मुख्यतः बुरांश का फूल खिलने का समय फरवरी व मार्च में होता है, लेकिन अब यह दिसंबर में खिलने लगा है। पिछले 15 वर्षों से इस फूल के खिलने के समय पर नजर रखी जा रही है। साल 2024 में यह 15 दिसंबर को खिल गया था, जबकि पिछले वर्ष यानी इस सीजन में 22 दिसंबर में ही खिल गया था। जलवायु परिवर्तन इसका मुख्य कारण है। तापमान में निरंतर वृद्धि से कुदरत के इस नायाब तोहफे के खिलने का समय बदल गया है। हालांकि हिमालय क्षेत्र की विभिन्न वनस्पतियों को जलवायु ने प्रभावित किया है। उनमें बुरांश भी सर्वाधिक प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि इस फूल के समय से पहले खिलने के कारण रीजनरेशन यानी पुनर्जनन प्रभावित हुआ है, जिस कारण पुनर्जनन की समस्या खड़ी हो गई है। इस पुष्प पर निरंतर अध्ययन जारी है।

प्रभागीय वनाधिकारी आकाश गंगवार का भी कहना है कि वन विभाग भी बुरांश के पुष्प के उत्पादन पर नजर रखे हुए है। इस फूल का समय से पहले खिलना आम हो चला है, साथ ही इसके क्षेत्र में भी बदलाव आया है, हालांकि इस फूल के पूर्णतः खिलने में परिवर्तन नहीं आया है, लेकिन यह भी देखा गया है कि अब यह कम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में होने लगा है। इस पुष्प के उत्पादन के लिए वन विभाग पौधरोपण करवा रहा है।

### आमने सामने



यह ट्रॉफी हर धर्म के 140 करोड़ भारतीयों की है। यह किसी एक धर्म की जीत का जश्न नहीं है। हमने 1983 में कपिल देव की कप्तानी में वर्ल्ड कप जीता था। हमारी टीम में हिंदू, मुस्लिम, ईसाई और सिख थे। हम ट्रॉफी को अपनी मातृभूमि भारत लेकर आए थे।
–कीर्ति आजाद
पूर्व क्रिकेटर

इस तरह के बयान खिलाड़ियों की उपलब्धि को कम करते हैं। खिलाड़ियों ने इस टूर्नामेंट में काफी दबाव झेला है और ऐसे समय में इस तरह की टिप्पणी करना सही नहीं है। अगर आप ऐसे बयान देते हैं, तो आप अपने ही खिलाड़ियों और अपनी ही टीम को गिरा रहे हैं।
–गौतम गंभीर, मुख्य कोच
भारतीय क्रिकेट टीम



# खाड़ी देशों में 'पानी' पर हमले के निहितार्थ




प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार


ईरान के परमाणु हथियारों को लेकर शुरू हुई लड़ाई अब पानी पर हमले और उसकी सुरक्षा के उपायों तक पहुंच गई है। ईरान के विदेश मंत्री ने आरोप लगाया है कि अमेरिकी हमले में होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट क्रेशम द्वीप स्थित खारे पानी को मीठा बनाने वाला जल (डिसेलिनेशन प्लांट) संयंत्र क्षतिग्रस्त हुआ है, इससे 30 ग्रामों की जल आपूर्ति प्रभावित हुई है। इसके बाद ईरान ने बहरीन के संयंत्र को निशाना बनाया। इन हमलों ने बता दिया कि ईरान-अमेरिका का यह युद्ध अब सिर्फ सैन्य या तेल प्रतिष्ठानों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि खाड़ी देशों के जल संयंत्रों के विनाश तक पहुंच गया है। इस परिप्रेक्ष्य में चिंता की बड़ी बात है कि खाड़ी देशों की आबादी की बड़ी संख्या पीने के शुद्ध पानी के लिए इन्हीं जल संयंत्रों पर आश्रित है। इन पर आक्रमण समूचे खाड़ी क्षेत्र में जल संकट पैदा कर सकता है।

पूरे मध्य एशिया में युद्ध की भयानक स्थिति देखने में आ रही है, उससे लगता है पानी के लिए युद्ध छिड़ गया है। पानी की सुरक्षा को सबसे बड़ा संकट माना जा रहा है। हालात इतने गंभीर हो गए हैं कि खाड़ी के देशों ने अपने समुद्री पानी को मीठा बनाने वाले संयंत्रों को तेल प्रतिष्ठानों से कहीं अधिक बड़ी सुरक्षा दे दी है। यहां तक की ड्रोन और मिसाइलें भी तैनात कर दी हैं, जिससे किसी भी आसमानी हमले को तुरंत आसमान में ही नष्ट कर दिया जाए। संयंत्रों के साथ बिजली घर भी जुड़े होते हैं। ऐसे में विद्युत ढांचों पर हमले भी पानी के उत्पादन को प्रभावित कर सकते हैं। यदि किसी बड़े संयंत्र को गंभीर नुकसान होता है, तो कई नगर कुछ ही दिनों में पेयजल संकट से जूझ जाएंगे। इस कारण ड्रोन और मिसाइलें भी तैनात कर दिए गए हैं, जिससे किसी भी आसमानी हमले को तुरंत आसमान में ही नष्ट कर दिया जाए।

> युद्ध में पानी संयंत्रों को भी निशाना बनाया जा रहा है। इन हमलों ने बता दिया है कि युद्ध अब सिर्फ सैन्य या तेल प्रतिष्ठानों तक सीमित नहीं रह गया है।

अमेरिका और इजरायल ने लड़ाकू विमानों लेबनान की राजधानी तेरहान में केमिकल टॉक्सिक बमों से भीषण हमला किया है। इस कारण तेहरान के 30 बड़े तेल भंडार तबाह हो गए हैं। तेहरान आग की लपटों से धधक उठा है। बादल धुंआ से भर गए हैं। टॉक्सिक हाइड्रो कार्बन और सल्फर से तेहरान में तेल की अम्लीय बारिश देखी गई। प्राकृतिक जल की सतहों पर तेल की परत जम गई है, ऐसे में नए हमले होते हैं, तो यह तेल जल उठेगा। इस कारण 90 लाख की आबादी वाले तेहरान में अघोषित कर्फ्यू के हालात बन गए हैं।

दूषित पानी हो जाने के कारण सप्लाई ठप है। बिजली भी बंद कर दी गई है। ये बम लेबनान में ईरान समर्थक आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह के ठिकानों पर पटके गए हैं। इन टॉक्सिक बमों में घातक रसायन होते हैं। ये फसलों को बर्बाद करने के साथ पानी को भी पूरी तरह दूषित कर देते है। संयुक्त अरब आमीरात, सऊदी अरब, कुवैत, ओमान कतर जैसे खाड़ी देशों में 90 फीसदी समुद्री खारे पानी को मीठे में बदलकर आपूर्ति जल संयंत्रों से की जाती है। 10 बड़े जल संयंत्रों को ईरान निशाना बना सकता है।

एक पुराने अमेरिकी कूटनीति दस्तावेज में चेतावनी दी गई थी कि यदि सऊदी अरब के जुबेल जल संयंत्र और उसकी पाइपलाइन को नुकसान होता है, तो राजधानी रियात को एक सप्ताह के भीतर खाली करना होगा, हालांकि सऊदी अरब और संयुक्त अरब आमीरात ने अपने तलाबों और सप्लाई लाइन में बड़ा निवेश किया हुआ है।,इसलिए वह जल संकट का सामना एक बार कर सकता है, किंतु बहरीन, कतर और कुवैत जैसे छोटे देशों के पास वैकल्पिक साधन कम है, इसलिए इन देशों के संयंत्र लड़ाई में प्रभावित हुए तो पानी के लिए घरेलू स्तर पर भी जंग छिड़ सकती है।

ईरान के लिए यह अच्छी बात है कि वे खुद जल संयंत्रों पर अधिक निर्भर नहीं हैं। ईरान में ज्यादातर पेयजल की सप्लाई नदियों, बांधों और भूगर्भीय जल से होती है, इसलिए वह सीमित समय के लिए संकट झेलने में सक्षम हैं, लेकिन कई साल से सूखा के चलते तेहरान के तलाबों का पानी खतरनाक स्तर तक घट गया है। अतएव ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने कहा है कि हालात नहीं सुधरे, तो तेहरान को खाली करना पड़ सकता है, लेकिन इतनी बड़ी आबादी को आखिर जल उपलब्ध होगा कहां से?

इजराइल भी समुद्र के खारे पानी को मीठा बनाने की तकनीक पर निर्भर है। इस परिप्रेक्ष्य में संयुक्त राष्ट्र ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि 2050 तक, जब विश्व की 40 फीसदी आबादी जल संकट भोग रही होगी, तब भी इजराइल में पीने के पानी का संकट नहीं होगा। इजराइल न सिर्फ हथियारों, बल्कि पानी के मामले में भी महाशक्ति बनकर उभरा है। इजरायल की राजधानी तेल अवीव के डोर तट पर समुद्र के पानी को तत्काल पीने लायक बनाने वाले संयंत्र लगे हुए हैं। ये संयंत्र 'गेलमोबाइल वॉटर फिल्ट्रेशन प्लांट' कहलाते हैं। यह चलित फिल्टर प्लांट है। कई संयंत्र जीपों पर भी स्थापित हैं। इन्हें 'फ्यूचर जीप' कहते हैं। प्राकृतिक या युद्ध संबंधी आपदा के वक्त यह संयंत्र बेहद उपयोगी हो जाते हैं। इसे संकटग्रस्त इलाकों में पहुंचाकर पेयजल की सुविधा उपलब्ध करा दी जाती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## यूपीएससी का हौवा

हमने यूपीएससी को हौसला नहीं, हौवा बना दिया है। कब हुआ यह? किसने तय किया, पता नहीं, लेकिन धीरे-धीरे हमारे घरों में, हमारे समाज में, हमारी कन्वर्सेशन में ये बात सेटल हो गई कि सफलता मतलब यूपीएससी। पढ़ाई मतलब यूपीएससी। ज़िंदगी का मतलब यूपीएससी। जिस घर में कोई आईएस या आईपीएस निकलता है, उस घर की इज़्ज़त पूरे मोहल्ले में बढ़ जाती है। ये गर्व स्वाभाविक है, लेकिन इसी के साथ एक और मैसेज जाता है कि जो नहीं निकला, वो कम है और यही वो मैसेज है, जो लाखों बच्चों को तोड़ रहा है।




ऋचा शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार


आज एक 18-19 साल के बच्चे से पूछो, यूपीएससी क्यों करना है? बहुत कम जवाब होंगे जो गवर्नेंस, पॉलिसी या पब्लिक सर्विस से जुड़े होंगे। ज़्यादातर जवाब होंगे, वो यूनिफार्म देखी थी। वो सेस्पेक्ट देखी थी। एक वीडियो देखी थी, जिसमें आईपीएस ऑफिसर कितनी कॉन्फिडेंटली बोल रहे थे।

आईएस, आईपीएस बनने का सपना अब रील्स से आता है। एक वायरल वीडियो, एक शानदार यूनिफार्म, एक 'कलेक्टर साहब' वाला शॉट और एक 20 साल का बच्चा तय कर लेता है कि बस यही करना है। ये ड्रीम नहीं है, ये एस्थेटिक है। उस इमेज के पीछे की असली ज़िम्मेदारी रात दो बजे किसी फ्लड अफेक्टेड ज़िले में काम करना, सिस्टम की ब्यूरोक्रेसी से लड़ना, पॉलिटिकल प्रेशर झेलना वो रील्स में नहीं आती। यूपीएससी के रिजल्ट में हिंदी का रिप्रजेंटेशन हर साल गिरता जा रहा है। पर इस पर कोई बात नहीं करेगा।

वो बच्चे जो सबसे ज़्यादा मेहनत करते हैं, जिनके लिए इंगलिश पहली बाधा है, कॉन्टेंट दूसरी और कोचिंग फीस तीसरी। जो पटना, इलाहाबाद, रीवा के किसी कमरे में बैठकर दिन-रात पढ़ते हैं और आईरनी ये है कि आईएएस, आईपीएस का काम आम जनता से होता है। वो जनता जो हिंदी में सोचती है, भोजपुरी में बोलती है, मैथिली में रोती है। पब्लिक सर्वेंट की भाषा और पब्लिश की भाषा के बीच ये खाई सिस्टम की देन है, मेधा की नहीं। जिस अधिकारी को उनकी भाषा समझनी है, उनकी ज़िंदगी समझनी है, उसे चुनने के प्रॉसेस में उसी भाषा को कमज़ोर माना जा रहा है। शायद किसी ने नहीं, क्योंकि उसके पास वो यूनिफार्म नहीं है। वो 'साहब' नहीं कहलाता, लेकिन देश उससे भी चलता है। उससे भी बनता है और आने वाले वक्त में शायद उनसे ज्यादा बनेगा।

–फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## आंकड़ों के पीछे छिपी त्रासदी और समाज की चुनौती

भारत में लापता बच्चों का मुद्दा लगातार गंभीर सामाजिक चिंता का विषय बनता जा रहा है। हाल ही में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की 'मिसिंग चिल्ड्रन' रिपोर्ट ने इस समस्या की भयावहता को एक बार फिर उजागर कर दिया है। रिपोर्ट के अनुसार पहली जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2026 के बीच देश में कुल 33,577 बच्चे लापता हुए। इनमें से 25,800 बच्चों को खोज लिया गया, लेकिन 7,777 बच्चे अब भी लापता हैं। यह आंकड़ा केवल एक संख्या नहीं, बल्कि हजारों परिवारों की पीड़ा, असुरक्षा और इंतजार की कहानी है।

भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में बच्चों की सुरक्षा एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। महानगरों और तेजी से विकसित हो रहे शहरी क्षेत्रों में बच्चों के लापता होने की घटनाएं अधिक सामने आती हैं। महानगरों की बात करें तो राजधानी दिल्ली में साल दर साल सबसे ज्यादा बच्चे लापता होने के मामले दर्ज हो रहे हैं। अकेले 2025 में ही राजधानी में लगभग 5717 नाबालिगों के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज की गई। दिल्ली से सिर्फ 2026 के शुरुआती 27 दिनों में ही 137 बच्चे लापता हुए हैं, जिन्हें अभी तक ढूंढा नहीं जा सका है। साल दर साल बढ़ते ये आंकड़े यह संकेत देते हैं कि बाल सुरक्षा व्यवस्था में अभी भी कई कमियां मौजूद हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि लापता बच्चों में लगभग 75 प्रतिशत लड़कियां होती हैं, जो इस समस्या को और गंभीर बना देता है।




देवेंद्र सिंह
वरिष्ठ पत्रकार


राज्यवार आंकड़ों पर नजर डालें तो पश्चिम बंगाल इस सूची में सबसे ऊपर है। यहां एक साल 19,145 बच्चे लापता हुए। इनमें से 15,465 बच्चों को ढूंढ़ लिया गया, लेकिन 3,680 बच्चे अब भी नहीं मिले। इसके बाद मध्यप्रदेश दूसरे स्थान पर है, जहां 4,256 बच्चे लापता हुए और इनमें से 1,059 बच्चों का अब तक कोई सुराग नहीं मिला। तीसरे स्थान पर हरियाणा है, जहां जनवरी 2025 से जनवरी 2026 के बीच 2,209 बच्चे लापता हुए और 353 बच्चे अभी भी लापता हैं। हरियाणा में यह संख्या पड़ोसी राज्यों पंजाब, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ की तुलना में कई गुना अधिक है। हिमाचल प्रदेश का एक चौंकाने वाला तथ्य यह भी है कि वहां लापता हुए आठ बच्चों में से एक भी अब तक नहीं मिला।

राजस्थान इस सूची में आठवें स्थान पर है। यहां पिछले एक वर्ष में 745 बच्चे लापता हुए, जिनमें से 499 बच्चों को उनके परिवारों तक पहुंचा दिया गया, जबकि 246 बच्चे अब भी लापता हैं। वहीं सकारात्मक पहलू यह भी है कि कुछ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लापता बच्चों की कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई। नगालैंड, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, त्रिपुरा, गुजरात, लक्षद्वीप तथा दादरा और नगर हवेली में इस अवधि के दौरान बच्चों के लापता होने का कोई मामला दर्ज नहीं किया गया।


पूरी दुनिया में हर वर्ष लगभग 80 लाख बच्चे लापता होने की रिपोर्ट दर्ज होती है। अमेरिका में करीब 4.6 लाख, ब्रिटेन में 1.12 लाख और जर्मनी में लगभग एक लाख बच्चों के हर साल गायब होने की रिपोर्ट दर्ज होती है। यूरोप में भी स्थिति चिंताजनक है। वर्ष 2021 से 2023 के बीच वहां 51,000 से अधिक नाबालिग बच्चे, जो बिना अभिभावकों के यात्रा कर रहे थे, लापता हो गए। आंकड़ों का गहन विश्लेषण यह भी बताता है कि लापता होने वाले बच्चों में 12 से 17 वर्ष की आयु के किशोर सबसे अधिक होते हैं। कई मामलों में लड़कियां नौकरी, शादी या बेहतर जीवन के झूठे झांसों में फंस जाती हैं और मानव तस्करी के नेटवर्क का शिकार बन जाती हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 25/16-ए, जापलिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## वर्ड स्मिथ

### कैसे बना रेडियो शब्द



रेडियो एक छोटा-सा शब्द है, पर अपने भीतर विज्ञान और संचार की लंबी यात्रा समेटे हुए। इस शब्द की जड़ें लैटिन भाषा के शब्द 'रेडियस' में मिलती हैं, जिसका अर्थ है किरण। 19 वीं सदी के उत्तरार्ध में जब वैज्ञानिक अदृश्य तरंगों की दुनिया को समझने की कोशिश कर रहे थे, तब इन तरंगों का व्यवहार प्रकाश की किरणों जैसा प्रतीत हुआ। यही कारण था कि इनके प्रसार को 'किरणों' की तरह समझा गया और धीरे-धीरे 'रेडियो' शब्द का प्रचलन शुरू हुआ।

1880 के दशक में जर्मन भौतिक विज्ञानी हेनरिक हट्र्ज़ ने यह सिद्ध कर दिया कि हवा में अदृश्य विद्युतचुंबकीय तरंगें फैल सकती हैं। इन्हीं तरंगों को आगे चलकर हट्रि्ज़यन तरंगें या रेडियो तरंगें कहा गया। उस समय इनका उपयोग तार के बिना संदेश भेजने के लिए होने लगा, इसलिए आरंभ में इसे 'वायरलेस' अर्थात ताररहित संचार कहा जाता था। समय के साथ विज्ञान आगे बढ़ा और संचार की यह अदृश्य धारा दुनिया को जोड़ने लगी। 1906 में बर्लिन में आयोजित रेडियोटेलीग्राफिक सम्मेलन में 'रेडियो' शब्द को अंतर्राष्ट्रीय मान्यता मिली। फिर 1920 के दशक में जब आवाज और संगीत का प्रसारण शुरू हुआ, तब यह तकनीक केवल वैज्ञानिक प्रयोग नहीं रही, बल्कि जनजीवन का हिस्सा बन गई। धीरे-धीरे 'वायरलेस' शब्द पीछे छूट गया और 'रेडियो' लोगों की जुबान पर बस गया। एक ऐसी अदृश्य किरण, जो दूरियों को मिटाकर दुनिया को एक ही ध्वनि में जोड़ देती है।

## नोटिस बोर्ड

- जिला सेवायोजन कार्यालय, कासगंज में 12 मार्च को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले में 18 से 25 वर्ष की आयु के हाईस्कूल, इंटर, स्नातक, आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। रोजगार मेले में साक्षात्कार के माध्यम से लगभग एक हजार रिक्त पद भरे जाएंगे। मेले में 40 कंपनियां अपनी कंपनी के लिए अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। रोजगार मेले में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को वेबसाइट पर अपना पंजीयन कराना होगा। अभ्यर्थी पोर्टल पर प्रदर्शित किसी भी कंपनी में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।



- ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की ओर से स्नातक व परास्नातक में प्रवेश हेतु 15 मार्च से आवेदन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इच्छुक विद्यार्थी आवेदन के लिए समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण करा सकेंगे। इस संबंध में कुलपति ने बताया कि एक सप्ताह पहले कोर्सवार सीटों की संख्या वेबसाइट पर अपलोड करवा दी गई थी। समर्थ पोर्टल 15 मार्च से खुल जाएगा। यह आवेदन प्रक्रिया 45 दिनों तक चलेगी। इच्छुक विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://kmclu.ac.in पर समर्थ पोर्टल का लिंक पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।



# डिजिटल एजुकेशन के अगुआ देश लौट रहे किताबों की ओर



बीते डेढ़ दशक में स्कूलों और विश्वविद्यालयों में स्मार्ट क्लासरूम और ऑनलाइन कंटेंट को आधुनिक शिक्षा का पर्याय मान लिया गया। यह माना गया कि अगर बच्चों को बचपन से ही डिजिटल माध्यमों से पढ़ाया जाएगा, तो वे भविष्य की टेक्नोलॉजी आधारित दुनिया के लिए बेहतर तैयार होंगे। दुनिया जिस डिजिटल शिक्षा मॉडल को भविष्य मान रही थी, वही मॉडल अब पुनर्मूल्यांकन के दौर से गुजर रहा है। दुनिया की सबसे अधिक डिजिटल शिक्षा प्रणालियों में अग्रणी स्वीडन और फिनलैंड जैसे देश फिर से किताब, कागज और पेन की ओर लौट रहे हैं। यह बदलाव अचानक नहीं आया, बल्कि पिछले कुछ वर्षों में सामने आए शोध और अनुभव, जिसने शिक्षा नीति-निर्माताओं को सोचने पर मजबूर किया है।



राजेश जैन
लेखक

### हाइब्रिड मॉडल: शिक्षा का नया रास्ता

आज कई विशेषज्ञ इस निष्कर्ष पर पहुंच रहे हैं कि शिक्षा का भविष्य न तो पूरी तरह डिजिटल है और न ही पूरी तरह पारंपरिक। दोनों का संतुलित मिश्रण ही सबसे प्रभावी मॉडल हो सकता है। उदाहरण के लिए, जटिल वैज्ञानिक प्रयोगों, डेटा विश्लेषण और कोडिंग सीखने में डिजिटल उपकरण बेहद उपयोगी हैं। वहीं साहित्य, इतिहास या भाषा जैसे विषयों में किताबों के माध्यम से पढ़ना अधिक प्रभावी हो सकता है। इसलिए कई देश अब 'हाइब्रिड लर्निंग मॉडल' की ओर बढ़ रहे हैं, जिसमें किताब और तकनीक दोनों का संतुलित उपयोग हो।

### डिजिटल शिक्षा

करीब 15 साल पहले दुनिया के कई विकसित देशों ने शिक्षा के डिजिटल भविष्य की परिकल्पना की। इस सोच के पीछे कई तर्क थे। पहला, तकनीक से पढ़ाई को अधिक रोचक और इंटरैक्टिव बनाया जा सकता है। दूसरा, इंटरनेट के माध्यम से बच्चों को वैश्विक ज्ञान तक तुरंत पहुंच मिल सकती है। तीसरा, डिजिटल उपकरणों के जरिए शिक्षा को अधिक व्यक्तिगत यानी पर्सनलाइज लर्निंग बनाया जा सकता है। स्वीडन उन देशों में था, जिसने सबसे पहले स्कूलों में डिजिटल माध्यमों को बड़े पैमाने पर अपनाया। 2009 के आसपास वहां के स्कूलों में टैबलेट और कंप्यूटर को पाठ्यपुस्तकों का विकल्प बनाने की शुरुआत हुई। धीरे-धीरे कई स्कूलों में किताबों की जगह डिजिटल उपकरणों ने ले ली। फिनलैंड, जो अपनी शिक्षा प्रणाली के लिए दुनिया में सबसे अधिक प्रशंसित देशों में से एक है, वहां भी स्कूलों में डिजिटल उपकरणों को बड़े उत्साह के साथ अपनाया गया। कई जगह छात्रों को मुफ्त लैपटॉप दिए गए और पढ़ाई का बड़ा हिस्सा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर स्थानांतरित कर दिया गया। उस समय यह मॉडल इतना आकर्षक लगा कि दुनिया के कई देशों ने इसे अपनाने की कोशिश की। भारत में भी डिजिटल क्लासरूम और स्मार्ट एजुकेशन जैसे शब्द शिक्षा सुधार के प्रमुख नारे बन गए।



### स्वीडन की नीति में बड़ा बदलाव

स्वीडन ने अपनी शिक्षा नीति में बड़ा बदलाव किया है। सरकार ने स्कूलों में फिर से मुद्रित पाठ्यपुस्तकों को प्राथमिकता देते हुए करोड़ों यूरो का निवेश किया है ताकि हर छात्र तक किताबें पहुंचाई जा सकें। सरकार छह साल से कम उम्र के बच्चों के लिए डिजिटल टूल्स के उपयोग को समाप्त करने की योजना पर भी विचार कर रही है। वहां कई स्कूलों में फिर से शांत पठन समय, हस्तलेखन अभ्यास और पारंपरिक बोर्ड आधारित शिक्षण को बढ़ावा दिया जा रहा है।

### तकनीक का विरोध नहीं, संतुलन की खोज

यह समझना जरूरी है कि यह बदलाव तकनीक के खिलाफ कोई आंदोलन नहीं है। अधिकांश शिक्षाविद् यह मानते हैं कि तकनीक शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसे पूरी तरह नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। असल बहस तकनीक के उपयोग की सीमा और संतुलन को लेकर है। यूनेस्को की एक रिपोर्ट भी यही चेतावनी देती है कि शिक्षा में तकनीक का इस्तेमाल इस तरह होना चाहिए कि वह शिक्षक-केंद्रित शिक्षा का विकल्प न बन जाए। तकनीक एक साधन है, लक्ष्य नहीं।

### जब डिजिटल मॉडल पर उठने लगे सवाल

लगभग एक दशक तक डिजिटल शिक्षा के प्रयोग के बाद कुछ समस्याएं धीरे-धीरे सामने आने लगीं। शिक्षकों, अभिभावकों और शोधकर्ताओं ने पाया कि तकनीक ने पढ़ाई को आसान तो बनाया है, लेकिन कई बुनियादी कौशल कमजोर भी कर दिए हैं। स्वीडन में किए गए अध्ययनों में पाया गया कि स्क्रीन पर पढ़ने वाले छात्रों की एकाग्रता और गहराई से समझने की क्षमता कम हो रही है। चौथी कक्षा के छात्रों की पढ़ने की क्षमता का आकलन करने वाले अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन प्रोग्रेस इन इंटरनेशनल रीडिंग लिटरेसी स्टडी में 2016 और 2021 के बीच स्वीडन के बच्चों के पढ़ने के स्कोर में गिरावट दर्ज की गई। शिक्षाविदों ने देखा कि जब बच्चे टैबलेट या लैपटॉप पर पढ़ते हैं, तो उनका ध्यान जल्दी भटकता है। एक क्लिक में गेम, सोशल मीडिया या अन्य वेबसाइटों तक पहुंच उन्हें पढ़ाई से दूर कर देती है। डिजिटल उपकरण पढ़ाई के साथ-साथ मनोरंजन का भी माध्यम हैं, इसलिए उनमें विचलन की संभावना अधिक होती है।

### स्क्रीन का मन और मस्तिष्क पर प्रभाव

नई डिजिटल शिक्षा पर सवाल उठने के पीछे सबसे बड़ा कारण बच्चों के मस्तिष्क और व्यवहार पर स्क्रीन के प्रभाव को लेकर बढ़ती चिंता है। नॉर्वे और अमेरिका के कई शोध बताते हैं कि जब बच्चे हाथ से लिखते हैं, तो उनके मस्तिष्क के कई हिस्से एक साथ सक्रिय होते हैं। अक्षर बनाने की प्रक्रिया, उंगलियों का दबाव और लिखावट की संरचना दिमाग में मजबूत स्मृति चिन्ह (मेमोरी ट्रेस) बनाते हैं। इसके विपरीत, कीबोर्ड पर टाइपिंग अपेक्षाकृत एक यांत्रिक प्रक्रिया है। इसमें मस्तिष्क जानकारी को उतनी गहराई से प्रोसेस नहीं करता। यही कारण है कि हाथ से नोट्स लिखने वाले छात्र विषयों को अधिक गहराई से समझते हैं। इसके अलावा लगातार स्क्रीन देखने से आंखों पर तनाव, नींद की समस्या और मानसिक बेचैनी भी बढ़ने की आशंका रहती है। फिनलैंड के कुछ अध्ययन बताते हैं कि किशोर औसतन प्रतिदिन लगभग छह घंटे स्क्रीन पर बिताते हैं, जो मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों के लिए चिंताजनक है।

### भारत के लिए सबक

भारत में डिजिटल शिक्षा तेजी से विस्तार कर रही है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और स्मार्ट क्लासरूम शिक्षा के नए प्रतीक बन चुके हैं। अगर डिजिटल माध्यमों को बिना सोचे-समझे अपनाया गया, तो इसके दुष्परिणाम भी सामने आ सकते हैं। देश में जहां पहले से ही बच्चों का स्क्रीन टाइम तेजी से बढ़ रहा है, वहां स्कूलों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है।

### शिक्षा का मूल उद्देश्य

दरअसल, शिक्षा का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं है, बल्कि सोचने, समझने और विश्लेषण करने की क्षमता विकसित करना है। किताब पढ़ना इस प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह हमें धीमी गति से सोचने व गहराई से समझने के लिए प्रेरित करता है। पिछले दशक में दुनिया ने शिक्षा में तकनीक का व्यापक प्रयोग किया और उससे जुड़े अनुभव भी प्राप्त किए। अब वही अनुभव नीति-निर्माताओं को संतुलित दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। भविष्य की कक्षा शायद ऐसी होगी, जहां स्मार्ट बोर्ड भी होगा और ब्लैकबोर्ड भी, टैबलेट भी होगा और किताब भी, एआई भी होगा और शिक्षक का मार्गदर्शन भी।


## कैंपस में पहला दिन — अभी भी याद है पहली बार मेस में खाना

नैनीताल की शांत वादियों में मेरा बचपन बीता। पहाड़ों की उस निश्चल दुनिया से निकलकर जब मैं सन् 1977 में लाला लाजपत राय स्मारक चिकित्सा महाविद्यालय, मेरठ पहुंचा, तो मन में एक अजीब सी कशमकश और अनजाना भय था। उन दिनों मेडिकल कॉलेजों में रैगिंग के किस्से आम थे, इसलिए सीनियरों के व्यवहार को लेकर मन में कई नकारात्मक भ्रम पाल रखे थे, लेकिन कॉलेज की देहरी पर कदम रखते ही पहले ही दिन वे सारे डर काफूर हो गए।



डॉ. अरुण जोशी
मेडिकल सुपरिंडेंट
राजकीय अस्पताल, हल्द्वानी

कैंपस का वातावरण उम्मीद से बिल्कुल उलट था। मुझे आज भी अचंभित कर देता है कि उन सीनियरों ने, जिन्हें लेकर मैं डरा हुआ था, पहले ही दिन से न केवल मेरा, बल्कि सभी नए छात्रों का हाथ थाम लिया। वहां रैगिंग नहीं, बल्कि एक बड़े भाई जैसा अपनत्व और सहयोग था। जीवन का वह पहला अनुभव जब मैं घर की सुख-सुविधा छोड़कर मेस में खाना खाने पहुंचा, तो भावुक हो गया। मैंने कभी कल्पना नहीं की थी कि परिवार से दूर, बिल्कुल अजनबियों के साथ एक ही टेबल पर बैठकर भोजन करूंगा, लेकिन वह मेस की टेबल केवल खाना खाने की जगह नहीं थी, बल्कि रिश्तों की पाठशाला थी। हंसी-मजाक के उस दौर के बीच खाने का वह स्वाद आज भी मेरी जुबान पर ताजा है। वहीं से सहपाठियों के साथ परिचय का सिलसिला शुरू हुआ, जो धीरे-धीरे अटूट



दोस्ती में बदल गया। हॉस्टल की पहली रात और वॉर्डन द्वारा समझाए गए कड़े नियमों ने एहसास कराया कि अब आजाद पंछी को अनुशासन के पिंजरे में खुद को ढालना होगा। वह अनुशासन ही था, जिसने हमें सिखाया कि समय की कीमत क्या होती है और एक डॉक्टर के जीवन में नैतिकता का क्या महत्व है। पहाड़ की मासूमियत और मेरठ की इस अनुशासित मेधा ने मिलकर मेरे भीतर एक नए इंसान को जन्म दिया। वह सफेद कोट पहनना केवल एक करियर की शुरुआत नहीं थी, बल्कि सेवा और समर्पण के उस सफर का आगाज था, जिसकी नींव उसी साल मेरठ की मिट्टी में रखी गई थी। आज पीछे मुड़कर देखता हूं, तो वे यादें जीवन की सबसे अनमोल थाती लगती हैं।

## करेंट अफेयर्स

- हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में भारत की पहली रिंग मेट्रो का उद्घाटन किया। मजलिस पार्क-मौजपुर-बाबरपुर कॉरिडोर के शुरू होने से पिंक लाइन की सर्कुलर कनेक्टिविटी पूरी हो गई है, जिससे यह राष्ट्रीय राजधानी के चारों ओर पूरी तरह से संचालित रिंग रूट बन गई है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने दीपाली चौक-मजलिस पार्क कॉरिडोर (मैजेंटा लाइन विस्तार) का भी उद्घाटन किया। इसके साथ ही दिल्ली मेट्रो फेज-5 के तहत नए मेट्रो कॉरिडोर की आधारशिला रखी।
- हाल ही में आईसीसी पुरुष टी-20 क्रिकेट विश्व कप 2026 के फाइनल में भारत ने न्यूजीलैंड को अहमदाबाद में हरा दिया। इस जीत के साथ भारत तीन बार टी-20 विश्व कप जीतने वाला पहला देश बन गया। साथ ही खिताब को सफलतापूर्वक डिफेंड करने वाली पहली टीम भी बना।
- हाल ही में सबा शॉल को जम्मू-कश्मीर की उच्च सुरक्षा वाली सुधारात्मक संस्था सेंट्रल जेल श्रीनगर की पहली कश्मीरी महिला प्रमुख नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति गृह विभाग द्वारा जारी सरकारी आदेश के तहत की गई। इस निर्णय के साथ जम्मू-कश्मीर कारागार विभाग में एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक फेरबदल लागू हुआ है।
- हाल ही में दीपक गुप्ता ने गेल (India) Limited के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) का पदभार संभाला है। उन्होंने संदीप कुमार गुप्ता का स्थान लिया, जो 28 फरवरी को सेवानिवृत्त हुए।
- हाल ही में ईरान ने मोजतबा खामेनेई को सुप्रीम लीडर चुना है। मोजतबा इजरायली हमले में मारे गए अपने पिता अली खामेनेई की जगह इस पद को संभालेंगे। यह फैसला 1989 के बाद इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान में नेतृत्व परिवर्तन की सबसे महत्वपूर्ण घटनाओं में से एक माना जा रहा है।
- हाल ही में मध्य प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान में मादा चीता ज्वाला ने पांच शावकों को जन्म दिया। भारत अब चीता की संख्या बढ़कर 53 हो गई है। इन शावकों के जन्म के बाद भारत में जन्मे चीता शावकों की संख्या बढ़कर 33 हो गई है। यह घटना भारत में चीते का 10 वां सफल लिटर (जन्म समूह) भी दर्शाती है, जो यह संकेत देती है कि देश में चीता पुनर्स्थापन कार्यक्रम धीरे-धीरे सफल होता जा रहा है और भारत की वन्यजीव संरक्षण यात्रा को नई मजबूती मिल रही है।

## जॉब अलर्ट



### आईडीबीआई बैंक

- पद का नाम-सहायक प्रबंधक ग्रेड 'ए'
- पदों की संख्या- 200
- शैक्षणिक योग्यता-स्नातक और अमुभव
- आयु सीमा -21-30 वर्ष
- आवेदन की अंतिम तिथि- 19 मार्च 2026
- वेबसाइट-idbi.bank.in

### भारतीय नौसेना

- पद का नाम- अग्निवीर एसएसआर, एमआर और एसएसआर (मेडिकल)
- शैक्षणिक योग्यता- साइंस (पीसीबी) में 50% अंक
- वेतन-14,600 रुपये ( प्रशिक्षण के दौरान वजीफा)
- आयु सीमा -उम्मीदवारों का जन्म 01 मई 2005 और 31 अक्टूबर 2009 के बीच होना चाहिए
- आवेदन की अंतिम तिथि- 6 अप्रैल 2026
- वेबसाइट- joinindiannavy.gov.in

### इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड


- पद का नाम- ट्रेड अप्रेंटिस, टेक्नीशियन अप्रेंटिस और ग्रेजुएट अप्रेंटिस
- पदों की संख्या- 405 (पश्चिमी क्षेत्र के सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में
- विज्ञापन नंबर - आईओसीएल/एमकेटीजी/डब्ल्यूआर/एपीपीआर/3/2025-26
- भत्ता- शिक्षुता अधिनियम, 1961/1973 और शिक्षुता नियम 1992/2019/2025 के अनुसार निर्धारित
- शैक्षणिक योग्यता - मैट्रिक + आईटीआई / कक्षा 12 वीं / इंजीनियरिंग में डिप्लोमा / कोई भी स्नातक डिग्री (विषय के अनुसार)
- आयु सीमा - 18 वर्ष से अधिकतम आयु 24 वर्ष (दिनांक 28.02.2026 तक)
- आवेदन की अंतिम तिथि- 26 मार्च 2026
- वेबसाइट- www.iocl.com

# इन विषयों पर मजबूत पकड़ से सरकारी नौकरी करें पक्की

सरकारी नौकरी आज भी देश के लाखों युवाओं का सपना है। हर साल बड़ी संख्या में अभ्यर्थी रेलवे, बैंकिंग, एसएससी और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटते हैं, लेकिन अक्सर छात्रों के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह होती है कि वे अपनी पढ़ाई का फोकस किन विषयों पर रखें? कई बार सीमित समय और विशाल सिलेबस के कारण तैयारी बिखर जाती है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर अभ्यर्थी कुछ प्रमुख विषयों पर मजबूत पकड़ बना लें, तो सफलता की संभावना काफी बढ़ जाती है, जो अधिकांश सरकारी परीक्षाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आइए आज आपको बताते हैं, कौन से हैं वे विषय, जिन पर नियमित अभ्यास और सही रणनीति के साथ तैयारी करने से प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन किया जा सकता है।



नवनीत तिवारी
करियर काउंसर




### रीजनिंग

रीजनिंग विषय अभ्यर्थियों की तार्किक सोच और विश्लेषण क्षमता को परखता है। इसमें पजल, सीरीज, कोडिंग-डिकोडिंग और एनॉलिटिकल प्रश्न पूछे जाते हैं। लगातार अभ्यास से रीजनिंग में गति और सटीकता दोनों बढ़ाई जा सकती है, जो परीक्षा हाई स्कोरिंग में मदद करेगी।

### गणित

गणित लगभग हर प्रतियोगी परीक्षा का अहम हिस्सा होता है। बेसिक मैथ्स के टॉपिक जैसे दशमलव, भिन्न, प्रतिशत, लाभ-हानि आदि पर अच्छी पकड़ होने से अभ्यर्थी आसानी से अच्छे अंक प्राप्त कर सकते हैं। नियमित अभ्यास से गणित में गति और सटीकता दोनों बढ़ती हैं।

### करेंट अफेयर्स

करेंट अफेयर भी प्रतियोगी परीक्षाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है। देश-दुनिया की प्रमुख घटनाएं, सरकारी योजनाएं, खेल और पुरस्कार से जुड़े सवाल अक्सर पूछे जाते हैं। इसके लिए रोजाना अखबार पढ़ना और करेंट अफेयर के नियमित नोट्स बनाना काफी उपयोगी साबित होता है।

### एडवांस मैथ्स

कई प्रतियोगी परीक्षाओं में एडवांस मैथ्स से भी प्रश्न पूछे जाते हैं। इसमें एल्जेब्रा, त्रिकोणमिति और ज्यामिति जैसे टॉपिक शामिल होते हैं। इन विषयों की अच्छी समझ होने पर रेलवे,एसएससी और अन्य सरकारी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करना आसान हो जाता है।

### जनरल स्टडी

किसी भी सरकारी परीक्षा में जनरल स्टडीज की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसमें इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र और विज्ञान जैसे विषय शामिल होते हैं। यदि छात्र रोज थोड़ा-थोड़ा पढ़कर इन विषयों की बुनियादी समझ मजबूत करें, तो परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।



| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 76,863.71 | 23,866.85 |
| बढ़त | 1342.27 | 394.75 |
| प्रतिशत में | 1.72 | 1.63 |

सोना 1,65,000 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,75,000 प्रति किलो

अमृत विचार

लखनऊ, गुरुवार, 12 मार्च 2026

www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### फोनपे का 'ऑन-द-गो' कार्ड लांच, इंटरनेट के बिना होगा भुगतान

**नयी दिल्ली।** डिजिटल भुगतान एवं वित्तीय सेवा मंच फोनपे ने 'फोनपे रूपे ऑन-द-गो कार्ड' पेश करने की घोषणा की है। यह एक राष्ट्रीय सार्वजनिक परिवहन कार्ड (एनसीएमसी) है। इससे मेट्रो, बस, ट्रेन, टोल और पार्किंग जैसी सभी एनसीएमसी-सक्षम सेवाओं पर त्वरित 'स्पर्श कर भुगतान' (टैप एंड पे) के माध्यम से लेन-देन किया जा सकेगा। इस कार्ड की शुरुआत फिलहाल हैदराबाद मेट्रो से की जा रही है। उपयोगकर्ता इस कार्ड में अधिकतम 2,000 रुपये तक की राशि जमा कर सकते हैं जबकि एक बार में बिना इंटरनेट के भुगतान की अधिकतम सीमा 500 रुपये है।

### ताकेशी हिरानो बने इसुजु मोटर्स इंडिया के डिप्टी एमडी

**नयी दिल्ली।** इसुजु मोटर्स इंडिया ने ताकेशी हिरानो को कंपनी का उप प्रबंध निदेशक नियुक्त करने की बुधवार को घोषणा की। जापान की इसुजु मोटर्स लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी ने बताया कि हिरानो, तोरू किशिमोतो का स्थान लेंगे। किशिमोतो अब मूल कंपनी में नई जिम्मेदारी संभालेंगे। कंपनी के अनुसार हिरानो के पास वैश्विक बाजारों में वितरण एवं विपणन के क्षेत्र में दो दशक से अधिक का अनुभव है। उन्होंने इसुजु के लिए विभिन्न भूमिकाओं में काम करते हुए अलग-अलग बाजारों में संचालन का नेतृत्व किया है।

### अशोक लेलैंड बैटरी पैक विनिर्माण में करेगी 500 करोड़ का निवेश

**नयी दिल्ली।** हिंदुजा समूह की वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता कंपनी अशोक लेलैंड ने बुधवार को चेन्नई के पास एक नयी बैटरी पैक विनिर्माण सुविधा में 500 करोड़ रुपये तक के निवेश की घोषणा की। अशोक लेलैंड ने बयान में कहा कि कंपनी ने चेन्नई के पास पिल्लैपक्कम में नई बैटरी पैक विनिर्माण सुविधा के लिए भूमि पूजन समारोह आयोजित किया। कंपनी ने बताया कि इस परियोजना पर 400-500 करोड़ रुपये का निवेश होगा। यह सितंबर, 2025 में हस्ताक्षरित एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत हिंदुजा समूह के निवेश का हिस्सा है।

### सेल ने पहले 11 महीने की बिक्री का बनाया नया रिकॉर्ड

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी इस्पात उत्पादक और महारत्न कंपनी भारतीय इस्पात प्राधिकरण (सेल) ने चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीने में बिक्री का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कंपनी की प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल-फरवरी के दौरान उसने 1.82 करोड़ टन इस्पात की बिक्री की जो किसी भी वित्त वर्ष के पहले 11 महीने में सबसे अधिक है। यह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि से 14 प्रतिशत ज्यादा है।

### मेटा प्लेटफॉर्म्स करेगी 'मोल्टबुक' का अधिग्रहण

**लॉस एंजिलिस (अमेरिका)।** मेटा प्लेटफॉर्म्स ने 'मोल्टबुक' का अधिग्रहण करने की योजना की जानकारी दी है। मोल्टबुक एक ऐसा सामाजिक नेटवर्क है जिसे विशेष रूप से कृत्रिम मेधा एजेंट के लिए बनाया गया है, जहां वे संदेश प्रकाशित कर सकते हैं और एक-दूसरे के साथ बातचीत कर सकते हैं।

# घरेलू प्राकृतिक संसाधनों के प्रोत्साहन की जरूरत: वेदांता

**● प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है भारत की भूगर्भीय संरचना**

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

वेदांता लिमिटेड के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कहा है कि देश की ऊर्जा और खनिज सुरक्षा को मजबूत करने के लिए घरेलू प्राकृतिक संसाधनों की क्षमता का पूर्ण उपयोग करने की जरूरत है।

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं प्रभावित होने और भारत के ऊर्जा आयात पर असर पड़ने के बीच उन्होंने यह बात कही। अग्रवाल ने सोशल मीडिया मंच पर लिखा है कि वैश्विक संघर्ष का सीधा असर उन देशों पर पड़ता है जो आयात पर निर्भर हैं। इसलिए भारत को विदेशी संसाधनों पर निर्भरता कम कर घरेलू उत्पादन को बढ़ाकर आत्मनिर्भरता हासिल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह दुखद है कि भारत उस युद्ध के प्रतिकूल प्रभाव झेल रहा है, जिससे उसका कोई संबंध नहीं है। अग्रवाल ने कहा कि भारत अपनी जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है। देश लगभग 90 प्रतिशत तेल, 95 प्रतिशत तांबा और 99.5 प्रतिशत सोना आयात करता है जबकि भारत की भूगर्भीय संरचना प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है। खनिज, धातु एवं तेल उद्योग में चार दशकों से अधिक के अनुभव का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि यदि इन संसाधनों का कुशलता से विकास किया जाए तो आयात निर्भरता कम हो सकती है। साथ ही रोजगार, उद्योग एवं निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा।

# डिजिटल लुटेरा: यूपीआई सुरक्षा को चकमा दे रहे साइबर ठग

## साइबर खुफिया कंपनी क्लाउडसेक ने रिपोर्ट में किया दावा-टेलीग्राम पर सक्रिय हैं 20 ग्रुप

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

ऑनलाइन ठग नई प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) अनुप्रयोगों की सुरक्षा प्रणाली को चकमा देकर वित्तीय लेनदेन को अंजाम दे रहे हैं। साइबर खुफिया कंपनी क्लाउडसेक की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। कंपनी ने संदेश भेजने से जुड़े मंच टेलीग्राम पर कम से कम 20 सक्रिय समूहों की पहचान की है। प्रत्येक समूह में 100 से अधिक सदस्य हैं जहां 'डिजिटल लुटेरा' नामक टूलकिट पर चर्चा कर उसे शेयर और उसका उपयोग भी किया जा रहा है।

क्लाउडसेक के अनुसंधानकर्ता (खतरा) शोभित मिश्रा ने कहा कि यह केवल यूपीआई से जुड़ा एक और हानिकारक सॉफ्टवेयर नहीं है। डिजिटल लुटेरा उपकरण प्रणाली पर भरोसे की संरचना पर हमला करता है। जब संचालन तंत्र ही प्रभावित हो जाता है तो 'सिम-बाइंडिंग' और हस्ताक्षर जांच जैसी पारंपरिक सुरक्षा व्यवस्थाएं भरोसेमंद नहीं रहतीं। यदि इसे नहीं रोका गया तो यह डिजिटल भुगतान प्रणाली में बड़े पैमाने पर खातों पर पकड़ बनाने की घटनाओं को बढ़ावा दे सकता है।

'सिम बाइंडिंग' एक ऐसी सुरक्षा प्रौद्योगिकी है जो व्हाट्सऐप, टेलीग्राम जैसे मैसेजिंग ऐप को केवल उसी रजिस्टर्ड सिम कार्ड से चलाने की अनुमति देती है जो फोन में लगा हो। क्लाउडसेक ने बताया कि उसने ऐसे ही एक समूह के विश्लेषण में पाया कि केवल दो दिन में करीब 25 से 30 लाख रुपये के लेनदेन किए गए। इससे पता चलता है कि धोखाधड़ी



का यह तरीका कितनी तेजी से फैल रहा है और कितने लोगों को प्रभावित कर रहा है। इस संबंध में नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया को भेजे गए ईमेल का कोई जवाब नहीं मिला है। 'सिम-बाइंडिंग' को इस बात का प्रमाण माना जाता रहा है कि कोई बैंक खाता किसी विशेष उपकरण से सुरक्षित रूप से जुड़ा हुआ है। यूपीआई अनुप्रयोग लेनदेन से पहले उस फोन नंबर के सिम का सत्यापन करते हैं जिसके साथ खाता मोबाइल फोन में पंजीकृत होता है। क्लाउडसेक ने बताया कि यह हमला आमतौर पर तब शुरू होता है जब उपयोगकर्ता अनजाने में एक हानिकारक एपीके फोन में डाल लेते हैं, जो किसी सामान्य सूचना (जैसे यातायात चालान या शादी के निमंत्रण) के रूप में दिखाई देती है।

एक बार इसके फोन में आ जाने पर यह हानिकारक सॉफ्टवेयर पीड़ित के फोन में संदेश पढ़ने की अनुमति प्राप्त कर लेता है। 'डिजिटल लुटेरा' टूलकिट स्थापित होने के बाद हमलावर अपने उपकरण पर एक विशेष एंड्रॉयड ढांचे के उपकरण का उपयोग कर प्रणाली स्तर की पहचान एवं संदेशों के हेरफेर करते हैं। इसके बाद बैंक के लिए भेजे जाने वाले पंजीकरण संदेशों को बीच में ही पकड़ लिया जाता है और 'वन टाइम पासवर्ड' चुपचाप हमलावरों द्वारा नियंत्रित टेलीग्राम ग्रुप पर भेज दिए जाते हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि फोन के संदेश अभिलेख में 'भेजा गया' जैसे नकली संदेश भी जोड़ दिए जाते हैं ताकि सब कुछ सामान्य दिखाई दे।

इसका परिणाम यह होता है कि पीड़ित का यूपीआई खाता किसी दूसरे उपकरण पर पंजीकृत और नियंत्रित किया जा सकता है जबकि असली सिम कार्ड पीड़ित के फोन में ही रहता है। साइबर खुफिया कंपनी ने कहा कि एंड्रॉयड उपकरण में इस प्रकार की हेरफेर के बाद यूपीआई अनुप्रयोग को यह विश्वास हो जाता है कि सत्यापन के लिए भेजे गए संदेश वास्तव में उसी फोन से भेजे गए हैं।

# कच्चा तेल उछलने से फिसला बाजार, सेंसेक्स 1,342 अंक टूटा, 5.14 लाख करोड़ डूबे

## निफ्टी भी 24000 से नीचे आया, विदेशी निवेशकों की निकासी और बैंकों के शेयरों की बिकवाली से बना दबाव

**मुंबई, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच कच्चे तेल के दाम में तेजी से शेयर बाजारों में बुधवार को बड़ी गिरावट आई। बीएसई सेंसेक्स ने 1,342 अंक का गोता लगाया और एनएसई निफ्टी फिसलकर 24,000 अंक के नीचे आ गया। यह गिरावट एक दिन की बढ़त के बाद आई है। इसके चलते निवेशकों की पूंजी में बुधवार को 5.14 लाख करोड़ रुपये की कमी आई

कारोबारियों ने कहा कि इसके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और प्रमुख बैंकों के शेयरों में बिकवाली दबाव से भी बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,342.27 अंक यानी 1.72 प्रतिशत लुढ़क कर 76,863.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसमें 1,446.72 अंक तक की गिरावट आई थी।

बीएसई में सूचीबद्ध 2,380 शेयरों में गिरावट आई जबकि




1,881 शेयर लाभ में रहे। वहीं 153 शेयर के भाव अपरिवर्तित रहे। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 394.75 अंक यानी 1.63 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,866.85 अंक पर बंद हुआ। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण वैश्विक बाजारों में अस्थिरता बनी हुई है और उतार-चढ़ाव भी बढ़ा है, जिससे निवेशकों का भरोसा कमजोर बना हुआ है।

उन्होंने कहा कि कच्चे तेल की आपूर्ति में प्रभावित होने की आशंका, बढ़ती मुद्रास्फीति और आर्थिक वृद्धि पर इसके संभावित प्रभाव को लेकर चिंताएं निवेशकों को सतर्क बनाए हुए हैं। इसके अलावा, विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा लगातार बिकवाली और रुपये में कमजोर रुख ने जोखिम लेने की प्रवृत्ति को और कम कर दिया है।

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में बजाज फाइनेंस में सबसे ज्यादा 5.01 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, ट्रेंट, भारती एयरटेल और कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से

**● बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, ट्रेंट, भारती एयरटेल और कोटक महिंद्रा बैंक में रही गिरावट**

**● सेंसेक्स मंगलवार को 639.82 अंक चढ़कर 78,205.98 अंक पर बंद हुआ था और निफ्टी भी 233.55 अंक बढ़कर 24,261.60 अंक पर रहा था**

नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ केवल दो शेयर सन फार्मा और एनटीपीसी लाभ में रहे।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के शोध प्रमुख (संपत्ति प्रबंधन) सिद्धार्थ खेमका ने कहा किपिछले सत्र में उछाल के बाद बाजार में फिर से गिरावट शुरू हो गई है। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार निकासी और बैंक, वित्तीय सेवाओं और वाहन शेयरों में बिकवाली के चलते मानक सूचकांक पर दबाव रहा।

मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक में 1.55 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप 0.61 प्रतिशत के नुकसान में रहा। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि आने वाले समय में, बाजार में सतर्क रुख अपनाये जाने संभावना है।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 5.76 प्रतिशत बढ़कर 92.86 डॉलर प्रति बैरल हो गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 4,672.64 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 6,333.26 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। एशिया के अन्य बाजारों में, जापान का निक्की, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट सकारात्मक दायरे में बंद हुए। जबकि हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुआ। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिका बाजार मंगलवार को स्थिर रुख के साथ बंद हुए थे।

# सिंगापुर एयरलाइंस की सेल किराया 5,800 रुपये से शुरू

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

सिंगापुर एयरलाइंस की सहायक कंपनी स्कूट ने ''मार्च थीमैटिक सेल'' की घोषणा की है जो 15 मार्च तक चलेगी। ऑफर के तहत भारत से सिंगापुर के लिए इकोनॉमी क्लास का एक तरफ का किराया मात्र 5,800 रुपये से शुरू होता है। सिंगापुर से आगे एशिया-पैसिफिक और अन्य लोकप्रिय शहरों के लिए भी कनेक्टिंग उड़ानें उपलब्ध हैं। ऑफर के तहत हर गंतव्य के लिए अलग-अलग अंतराल होंगे जो 01 अप्रैल से 16 दिसंबर के बीच हैं।

किफायती विमान सेवा कंपनी स्कूट एयर ने बताया कि चेन्नई से सिंगापुर का किराया 5,800 रुपये से शुरू हो रहा है।

तिरुचिरापल्ली से फुकेट का किराया 8,500 रुपये से, तिरुवनंतपुरम से सिडनी का 15,000 रुपये से और विशाखापत्तनम से बैंकॉक का 7,900 रुपये से शुरू होगा। अमृतसर से सेबू का टिकट 11,500 रुपये से और कोयंबटूर से ना त्रांग का 10,500 रुपये से मिलेगा।

अमृतसर और चेन्नई से यात्रा करने वाले यात्री अब स्कूट के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमानों में 'स्कूटप्लस' का बेहतर अनुभव भी ले सकते हैं।

### मलेशिया एयरलाइंस की भारतीयों के लिए विशेष पेशकश

**नयी दिल्ली।** मलेशिया एयरलाइंस ने भारत के यात्रियों के लिए विशेष किराये का घोषणा की है। एयरलाइंस की प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि ऑफर के तहत 10 मार्च से 23 मार्च तक बुकिंग करायी जा सकती है। यह बुकिंग 18 दिसंबर 2026 तक की यात्रा के लिए होगी। ऑफर के तहत इकोनॉमी क्लास का रिटर्न किराया 20,599 रुपये से शुरू होगा। यात्री मलेशिया एयरलाइंस के नेटवर्क पर कुआलालंपुर, सिंगापुर, ऑकलैंड, सिडनी और अन्य गंतव्यों के लिए टिकट बुक करा सकेंगे।

इसके लिए टिकट मात्र 12,900 से शुरू हो रहा है। 'स्कूटप्लस' के अंतर्गत यात्रियों को कई अतिरिक्त सुविधाएं मिलती हैं, जिनमें प्राथमिकता के आधार पर चेक-इन और बोर्डिंग, ज्यादा लेगरूम वाली आरामदायक सीटें, 15 किलोग्राम केबिन बैगेज और 30 किलोग्राम चेक-इन बैगेज की अनुमति शामिल है। अमृतसर से जाने वाले यात्रियों को ऑफर का लाभ 27 अप्रैल से 04 जून और बाद में 06 जुलाई से 24 अक्टूबर तक की यात्रा पर मिलेगा।

# एआईएफ के लिए नियामक मंजूरी प्रक्रिया में तेजी लाने को रुपरेखा बना रहा सेबी: पांडेय

**मुंबई, एजेंसी**

सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने बुधवार को कहा कि वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) के लिए एक नए नियामकीय ढांचे पर विचार किया जा रहा है। इससे एआईएफ योजनाओं की पेशकश में तेजी आ सकती है। प्रस्तावित 'लॉज एंड लॉन्च' मॉडल के तहत कुछ एआईएफ योजनाओं को मर्चेंट बैंकर द्वारा जारी जांच-परख प्रमाणपत्रों के आधार पर पेश किया जा सकेगा, जिससे नियामक मंजूरी में लगने वाला समय कम होगा। पांडेय ने आईवीसीए कॉन्क्लेव-2026 में कहा कि इस ढांचे का उद्देश्य कारोबार को सुगम बनाना,



एआईएफ पेशकश में तेजी लाना और निजी पूंजी के तेजी से जुटाने में सहायता करना है।

उन्होंने कहा कि प्रस्तावित प्रणाली के तहत, कुछ विशिष्ट एआईएफ योजनाएं जांच-परख प्रमाणन के लिए मर्चेंट बैंकर पर निर्भर हो सकती हैं, जबकि केवल मान्यता प्राप्त निवेशकों के लिए योजनाओं को लाकर, एआईएफ प्रबंधक खुलासा संबंधी जांच-परख सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होगा। नियामक ने कहा कि वह इस प्रस्ताव पर उद्योग जगत से परामर्श करेगा।

भारत में एआईएफ उद्योग का हाल के वर्षों में तेजी से विस्तार हुआ है। देश में अब 1,700 से अधिक पंजीकृत एआईएफ हैं, जिनकी कुल प्रतिबद्धताएं लगभग 15.74 लाख करोड़ रुपये और निवेश लगभग 6.45 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह दिसंबर, 2025 तक पिछले पांच वर्षों में लगभग 30 प्रतिशत की संचयी सालाना वृद्धि है। साथ ही, सेबी प्रमुख ने उद्योग के लिए प्रमुख चुनौतियों के रूप में 'गलत बिक्री' और 'उपयुक्त उत्पाद' का जिक्र किया।

# एफएसीटी को मिल जल्दी सकता है 'मिनी रत्न' का दर्जा

कोच्चि (केरल), एजेंसी। आजादी से पहले गठित देश की प्रमुख उर्वरक आपूर्तिकर्ता कंपनी, उर्वरक और रसायन त्रावणकोर (एफएसीटी) को जल्द 'मिनी रत्न' का दर्जा मिल सकता है।

कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि 66 साल पहले सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी (सीपीएसयू) बनी एफएसीटी को मिनी रत्न का दर्जा मिलने में सिर्फ 'प्रक्रियात्मक जरूरतें' बाकी रह गई हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी के वित्तीय पुनर्गठन (फाइनेंशियल रिस्ट्रक्चरिंग) का काम भी प्रगति पर है, जिसके पूरा होते ही से उसे यह दर्जा मिलने का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा।

# भर्ती के समय अंग्रेजी दक्षता के आकलन से बढ़ती है कार्यक्षमता: रिपोर्ट

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारत में 98 प्रतिशत मानव संसाधन (एचआर) प्रमुखों का मानना है कि यदि भर्ती के दौरान अंग्रेजी कौशल का बेहतर आकलन किया जाए, तो संगठन अधिक कुशल होंगे। एजुकेशनल टेस्टिंग सर्विसेज (ईटीएस) की टीओईआईसी ग्लोबल इंग्लिश स्किल्स रिपोर्ट यह भी कहती है कि कृत्रिम मेधा (एआई) खराब अंग्रेजी दक्षता की भरपाई नहीं कर सकता। टोफेल और जीआरई जैसी परीक्षाएं आयोजित करने वाली प्रिंसटन स्थित संस्था ईटीएस ने यह रिपोर्ट भारत में 87 शीर्ष एचआर अधिकारियों के सर्वेक्षण के आधार




पर तैयार की है। यह शोध 17 देशों के 1,325 एचआर अधिकारियों पर किए गए व्यापक सर्वेक्षण का हिस्सा है, जिसमें ब्राजील, चीन, फ्रांस, जर्मनी, इंडोनेशिया, भारत, जापान, मेक्सिको, मोरोक्को, सऊदी अरब, दक्षिण कोरिया, स्पेन, ताइवान, थाइलैंड, तुर्किये, संयुक्त अरब अमीरात और वियतनाम शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में ज्यादातर नियोक्ताओं का मानना है कि पांच साल पहले की तुलना में अब अंग्रेजी दक्षता अधिक महत्वपूर्ण हो गई है, हालांकि इसके मूल्यांकन की गुणवत्ता और लागत जैसी बाधाएं अब भी बनी हुई हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अधिकांश एचआर प्रमुखों का मानना है कि एआई खराब अंग्रेजी दक्षता का विकल्प नहीं हो सकता, जिससे विश्वसनीय मूल्यांकन की जरूरत और बढ़ जाती है। भारत में 94 प्रतिशत एचआर प्रमुखों का कहना है कि बढ़ते वैश्विक सहयोग ने अंग्रेजी की आवश्यकता को बढ़ा दिया है, जबकि 84 प्रतिशत का मानना है कि अंग्रेजी की कमी प्रतिस्पर्धा में पिछड़ने का कारण बनती है।

# युवा उद्यमी योजना : जॉब सीकर से जॉब क्रिएटर बनने का मौका

युवा अब जॉब सीकर नहीं जॉब क्रिएटर बनकर देश के विकास में सक्रिय सहभागिता करना चाहता है। युवा अब उद्यमी बनना चाहता है। युवाओं की इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने युवाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान शुरू किया है। इस योजना का उद्देश्य ऐसे युवाओं की मदद करना है जो पूंजी के अभाव में अपना व्यवसाय शुरू नहीं कर पा रहे हैं। यदि जानते हैं इस योजना से जुड़ी सभी जरूरी बातें-

**योजना की मुख्य विशेषताएं:** इसके तहत 21 से 40 वर्ष तक के युवाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए बिना गारंटी और ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाता है। अगले दस वर्षों में लगभग 10 लाख युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ना है। इसके तहत हर वर्ष करीब एक लाख युवाओं को इस योजना का लाभ देने की योजना बनाई गई है।

**दो चरणों में मिलेगी वित्तीय सहायता:** योजना को दो चरणों में लागू किया गया है। पहले चरण में अधिकतम 5 लाख रुपये की परियोजना के लिए करीब 4.5 लाख रुपये तक का ऋण दिया जाता है। खास बात यह है कि ऋण चुकाने की प्रक्रिया में शुरुआती छह महीने तक राहत दी जाती है।

यदि लाभार्थी पहले चरण का ऋण समय पर चुका देता है, तो दूसरे चरण में उसे 10 लाख रुपये तक का ऋण मिल सकता है। इस चरण में ब्याज पर 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी का प्रावधान भी है।

**जानकारी**



### किसे मिलेगा योजना का लाभ

1-आवेदक उत्तर प्रदेश का स्थायी निवासी होना चाहिए।

2- उम्र 21 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

3-कम से कम आठवीं कक्षा पास होना आवश्यक है।

4-कोई स्किल सर्टिफिकेट, डिप्लोमा या डिग्री होना चाहिए।

इसके अलावा योजना में लाभार्थी को अपनी श्रेणी के अनुसार कुछ अंशदान भी करना होता है। सामान्य वर्ग के लिए 15 प्रतिशत, ओबीसी के लिए 12 .5 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति-जनजाति और दिव्यांग वर्ग के लिए 10 प्रतिशत योगदान तय किया गया है।

### कैसे और कहां करें आवेदन

सीएम युवा उद्यमी योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन आधिकारिक पोर्टल msme.cmyuva.org.in पर किया जा सकता है।

**वेबसाइट पर जाएं:** उत्तर प्रदेश (CMYUVA) के आधिकारिक उद्यमी पोर्टल पर जाएं।

**पंजीकरण:** पंजीकरण/लॉग इन पर क्लिक करें और आधार नंबर दर्ज करके पासवर्ड बनाएं।

**फॉर्म भरें:** व्यक्तिगत, शैक्षणिक और व्यावसायिक जानकारी (जैसे परियोजना रिपोर्ट) सही-सही भरें।

**दस्तावेज अपलोड करें:** आधार, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), 8वीं पास मार्कशीट, पैन कार्ड, फोटो, और बैंक पासबुक की स्कैन की गई प्रतियां अपलोड करें।

**सबमिट और ट्रैकिंग:** फॉर्म को 'फाइनल सबमिट' करें और आवेदन संख्या यानी एप्लीकेशन नम्बर को भविष्य के लिए सुरक्षित रखें।

**प्रशिक्षण और मार्गदर्शन भी देगी सरकार:** सरकार इस योजना के तहत केवल वित्तीय सहायता ही नहीं देती, बल्कि व्यवसाय शुरू करने और उसे सफल बनाने के लिए प्रशिक्षण और मार्गदर्शन की व्यवस्था भी करती है। अधिक जानकारी के लिए अपने जिले के जिला उद्योग केंद्र से संपर्क करें।

# भारत में गूगल क्रोम में मिलेंगी अंतर्निहित एआई सुविधाएं

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** गूगल ने भारत में उपयोगकर्ताओं के लिए 'गूगल क्रोम' में अंतर्निहित कृत्रिम मेधा (एआई) सुविधाओं को जोड़ने की बुधवार को घोषणा की। कंपनी ने कहा कि इससे इंटरनेट पर खोज का अनुभव उपयोगकर्ताओं के लिए अधिक सहज, सुरक्षित एवं उपयोगी बनेगा। ये 50 से अधिक भाषाओं में उपलब्ध होंगी जिनमें हिंदी, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, तेलुगु और तमिल जैसी भारतीय भाषाएं भी शामिल हैं।गूगल आज क्रोम की कई नवीनतम कृत्रिम मेधा सुविधाओं (जिनमें क्रोम में जेमिनी भी शामिल है) को भारत के उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध कराने की घोषणा करता है। इसमें कहा गया कि ये सुविधाएं कंपनी के नवीनतम जेमिनी 3.1 मॉडल पर आधारित हैं।

# राजकोषीय घाटे के मानकों का पालन करें राज्य : नीति आयोग

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

सरकारी शोध संस्थान नीति आयोग ने बुधवार को राज्यों से राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन (एफआरबीएम) अधिनियम के तहत राजकोषीय घाटे से संबंधित मानकों का पालन करने का आग्रह किया। इसके लिए व्यय प्रबंधन में अनुशासन, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) आधार बढ़ाने और कर क्षमता बढ़ाने को कहा गया है। नीति आयोग की ''राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक (एफएचआई) 2026'' रिपोर्ट में कहा गया है कि जिन राज्यों का राजस्व घाटा बढ़ रहा है उन्हें अपने राजस्व व्यय को टिकाऊ राजस्व वृद्धि के अनुरूप रखना चाहिए। वित्त वर्ष 2023-24 के आंकड़ों पर आधारित इस रिपोर्ट के मुताबिक, राजकोषीय स्थिति के आधार पर शीर्ष 10 राज्यों में ओडिशा, गोवा, झारखंड, गुजरात, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और मध्य प्रदेश शामिल हैं।

वहीं बिहार, कर्नाटक एवं तेलंगाना ने मामूली सुधार दर्ज किया जबकि पंजाब, पश्चिम बंगाल एवं केरल इस सूचकांक में निचले स्थान पर रहे हैं। पूर्वोत्तर और हिमालयी राज्यों में अरुणाचल प्रदेश शीर्ष पर रहा। इसके बाद उत्तराखंड, त्रिपुरा, मेघालय, असम और मिजोरम का स्थान रहा। नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर अंतरराष्ट्रीय और घरेलू दोनों तरह के आर्थिक झटके आते हैं, इसलिए मजबूत राजकोषीय स्थिति बनाए रखना जरूरी है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### स्विट्जरलैंड : बस में लगाई आग, छह की मौत, तीन गंभीर

**जिनेवा।** स्विट्जरलैंड की राजधानी बर्न के पश्चिम में स्थित एक शहर में बस में आग लग जाने से छह लोगों की मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। फ्राइबर्ग क्षेत्र के पुलिस प्रवक्ता फ्रेडरिक पापो ने बताया कि बर्न से लगभग 25 किलोमीटर पश्चिम में स्थित केर्जर्स शहर में मंगलवार शाम हुई यह घटना जानबूझकर किया गया कृत्य हो सकती है। यह क्षेत्रीय परिवहन बस पोस्टबस द्वारा संचालित की जाती है जो राष्ट्रीय डाक सेवा से संबद्ध है। मीडिया में प्रसारित घटनास्थल की तस्वीरों में बस आग की लपटों से घिरी नजर आ रही है। क्षेत्रीय सरकार ने कहा, मौके पर पहुंचे बचाव दलों ने पाया कि वाहन आग की लपटों में घिरा हुआ था। हेलीकॉप्टर दलों ने तीन गंभीर घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

### अमेरिका : पत्नी के हत्यारोपी भारतीय पर 10 लाख डॉलर इनाम

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने पत्नी की हत्या के आरोपी भारतीय नागरिक के बारे में सूचना देने वाले को 10 लाख अमेरिकी डॉलर का इनाम देने की घोषणा की है। उस पर पहले 2.5 लाख अमेरिकी डॉलर का इनाम घोषित था। भद्रेशकुमार चेतनभाई पटेल (35) पर आरोप है कि उसने 12 अप्रैल 2015 को मैरीलैंड के हैनोवर में चाकू से कई बार वार कर अपनी पत्नी पलक पटेल (21) की हत्या कर दी। यह वारदात उस दुकान में हुई जहां दोनों काम करते थे। जांचकर्ताओं का मानना है कि पटेल ने देर रात दुकान के पिछले कमरे में अपनी पत्नी पर कई बार चाकू से वार किया और फिर पीछे के दरवाजे से भाग गया। भद्रेश एफबीआई की 10 सर्वाधिक वांछित अपराधियों की सूची में शामिल है।

### सूडान : स्कूल पर ड्रोन हमले में 17 की मौत अधिकतर छात्राएं

**काहिरा।** दक्षिणी सूडान के एक माध्यमिक विद्यालय और एक स्वास्थ्य केंद्र पर बुधवार को एक विस्फोटक से भरे ड्रोन हमले में 17 से ज्यादा लोग मारे गए। मरने वालों में अधिकतर स्कूली छात्राएं थीं। अस्पताल के एक अधिकारी और एक चिकित्सा समूह ने यह जानकारी दी। गांव के सबसे नजदीक स्थित प्रमुख चिकित्सा सुविधा केंद्र दुइम अस्पताल के निदेशक डॉ. मूसा अल-मजेरी के अनुसार, हमले में 10 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं जिन्हें अस्पतालों में भर्ती कराकर चिकित्सीय सुविधा दी जा रही है। अभी यह साफ नहीं किया गया है कि हमला किसने किया। अधिकारियों के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है।

# नेपाल: आरएसपी को पीआर श्रेणी में भी सर्वाधिक वोट

- एक करोड़ से ज्यादा वोटों में से पार्टी को मिले 50% से ज्यादा

**काठमांडू।** नेपाल में आनुपातिक प्रतिनिधित्व श्रेणी (पीआर) के तहत मतों की गिनती बुधवार को समाप्त हो गई, जिसमें राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) को सबसे अधिक मत मिले। निर्वाचन आयोग की बुधवार को इस संबंध में आंकड़े साझा किए गए।

नेपाल की प्रतिनिधि सभा में 275 सीट हैं। इनमें से 165 सदस्य प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली और 110 सदस्य आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के माध्यम से चुने जाते हैं। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने कहा, मतगणना पूरी हो चुकी है। हालांकि, अंतिम परिणाम अभी प्रकाशित नहीं किए गए हैं क्योंकि आंकड़े दर्ज किए जाने का काम अभी जारी है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, कुल 1,07,85,876 मतों की गिनती हुई। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को 51,57,130 वोट मिले, जबकि नेपाली कांग्रेस को 17,55,872 मत प्राप्त हुए। सीपीएन (यूएमएल) को 14,52,758 मत जबकि नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी को 8,09,577 मत मिले। श्रम संस्कृति पार्टी को 3,85,741 मत और राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी को 3,30,268 मत मिले। नेपाल में पांच मार्च को हुए प्रत्यक्ष मतदान में आरएसपी ने 165 में से 125 सीट जीतकर इतिहास रच दिया। नेपाली कांग्रेस ने 18, सीपीएन (यूएमएल) ने नौ, नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी ने सात, श्रम संस्कृति पार्टी ने तीन, राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी ने एक और निर्दलीय ने एक सीट जीती।

## सफेद फॉस्फोरस का युद्ध में प्रयोग

ईरान और अमेरिका-इजराइल युद्ध के बीच इजराइल की ओर से लेबनान में सफेद फॉस्फोरस के इस्तेमाल दुनिया भर में युद्धों में बढ़ती क्रूरता को लेकर फिर नई चिंता पैदा की है। अंतर्राष्ट्रीय नियमों की अनदेखी कर युद्धों में क्रूरता दिखाने के मामले नए नहीं हैं। इसी युद्ध में ईरान के मिनाब शहर में बच्चियों के एक स्कूल पर मिसाइल हमला भी ऐसी ही क्रूरता का एक उदाहरण है, जिसमें पांच से 12 साल की 165 बच्चियों की मौत हो गई थी। अतीत में भी सैन्य संघर्षों के दौरान कई बार क्रूरता की हदें पार करके मानवता को शर्मसार किया गया है। विडंबना यह है कि क्रूरता को रोकने और इसके लिए जिम्मेदार देशों की जवाबदेही तय करने वाली अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं का प्रभाव भी हाल के वर्षों में काफी कम हुआ है। इन परिस्थितियों ने दुनिया के सामने एक नए तरह का खतरा पैदा किया है।

# युद्धों में बढ़ती क्रूरता



### सफेद फॉस्फोरस का प्रयोग

- सफेद फॉस्फोरस का प्रयोग नागरिक आबादी वाले क्षेत्रों में 'कन्वेंशन ऑन सर्टेन कन्वेंशनल वेपन्स' के प्रोटोकॉल के तहत कड़ाई से नियंत्रित है।
- इसका प्रयोग पहले भी कई और सैन्य संघर्षों में हुआ है और दुनिया के मानवाधिकार संगठनों ने समय-समय पर इस पर गंभीर चिंता जताई है।
- सफेद फॉस्फोरस रासायनिक पदार्थ है जो ऑक्सीजन के संपर्क में आने पर स्वत: जल उठता है और बहुत उच्च तापमान पैदा करता है।
- इसके संपर्क में आने पर गहरे घाव हो सकते हैं, आंतरिक अंगों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसका धुआं फेफड़ों-आंखों के लिए खतरनाक।

### क्रूरता के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय ढांचा

- जिनेवा कन्वेंशन युद्ध के दौरान घायलों, बीमारों, युद्धबंदियों और नागरिकों की सुरक्षा के लिए बुनियादी नियम निर्धारित करता है।
- अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय नरसंहार, युद्ध अपराधों और मानवता के खिलाफ अपराधों के लिए जवाबदेही तय करता है।
- रासायनिक हथियार कन्वेंशन युद्ध में उन हथियारों के उपयोग को प्रतिबंधित करते हैं जो अनावश्यक पीड़ा का कारण बनते हैं।
- रोम स्टैच्यूट संधि युद्ध अपराधों को परिभाषित करती है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर न्याय सुनिश्चित करने का आधार प्रदान करती है।
- संयुक्त राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय जैसी संस्थाएं काम करती हैं, दोषियों पर युद्ध अपराध का मुकदमा चलाती हैं।

### अमानवीय

महिलाओं-बच्चों के खिलाफ यौन हिंसा को युद्ध की रणनीति के रूप में इस्तेमाल करना। सार्वजनिक रूप से हत्या करना और प्राचीन स्मारकों, पुस्तकालयों, धार्मिक स्थलों को नष्ट करना।

### युद्ध में नए प्रयोग

- सीरिया, यूक्रेन, गाजा में अस्पतालों स्कूलों पर हवाई हमले जो नागरिकों के लिए अंतिम शरणस्थली थे।
- सीरिया में सरीन गैस का इस्तेमाल या घनी आबादी वाले क्षेत्रों में क्लस्टर बम, सफेद फॉस्फोरस का प्रयोग।
- भोजन, पानी, दवाइयों की आपूर्ति काट देना ताकि भुखमरी को हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा सके।

### दुनिया में ऐतिहासिक नरसंहार

- द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी ने लाखों यहूदियों और अल्पसंख्यकों का कत्लेआम किया, जो क्रूरता का सबसे वीभत्स उदाहरण माना जाता है।
- जापान की सेना ने 1937 में चीनी नागरिकों के साथ अत्यधिक बर्बरता के साथ सामूहिक हत्याएं की थीं जो नानजिंग के नरसंहार के नाम से मशहूर है।
- वर्ष 1994 में हुआ रवांडा नरसंहार जिसमें मात्र 100 दिनों के भीतर 8 लाख लोगों की नृशंस हत्या की गई, पड़ोसियों ने ही एक-दूसरे पर हमला किया।

# एलपीजी : कमी न होने के दावों के बीच देश भर में हाहाकार

## सिलेंडर के लिए कहीं लंबी कतारें तो कहीं ब्लैक के आरोप, विपक्ष ने लगाए सरकार पर गुमराह करने के आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्र सरकार की ओर से घरेलू गैस (एलपीजी) और पेट्रोलियम पदार्थों की कोई कमी न होने के लगातार दावों के बीच देश भर में हाहाकार मचा हुआ है। एलपीजी संकट के कारण एक तरफ होटल और रेस्टोरेंट उद्योग ठप होने के कगार पर पहुंच गया है तो दूसरी तरफ घरेलू सिलेंडरों के लिए गैस एजेंसियों पर लंबी कतारें लग रही हैं। लोग घरेलू गैस की ब्लैक के भी आरोप लगा रहे हैं।

भारतीय राष्ट्रीय रेस्तरां एसोसिएशन ने कहा है कि दिल्ली में नियमित एलपीजी आपूर्ति न होने से कुछ रेस्टोरेंट पाइप से होने वाली रसोई गैस आपूर्ति और इंडक्शन कुकिंग जैसे विकल्प अपना रहे हैं। कई रेस्तरां ऐसे व्यंजन को बढ़ावा दे रहे हैं जिनमें कम गैस खपत होती है। कोलकाता और पश्चिम बंगाल के कई शहरों में बुधवार को रसोई गैस एजेंसियों के कार्यालयों और ऑटो के लिए एलपीजी गैस भरवाने वाले केंद्रों पर लंबी कतारें नजर आईं। रांची समेत झारखंड के भी कई जिलों में यही हाल है। गैस एजेंसियों के ऑफिस में सिलेंडर की बुकिंग के लिए लोगों की भीड़ लगी हुई है। यहां सुबह से ही लंबी कतारें लग गई थीं। गैस सिलेंडर को लेकर एजेंसी और उपभोक्ताओं के बीच नोकझोंक भी हो रही है।

केरल में कई शहरों में होटलों को बंद कर दिया गया है। कर्नाटक सरकार ने बुधवार को एलपीजी वितरकों और डीलरों को कालाबाजारी या उपभोक्ताओं को 'ब्लैकमेल' करने के खिलाफ कड़ी चेतावनी दी। दरअसल, सरकार को शिकायतें मिली हैं कि कुछ एलपीजी डीलर डिलीवरी में देरी करके हालात का फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में भी खाद्य सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले ने सभी ऑयल कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें निर्देश दिए कि राज्य में एलपीजी संकट न होने दिया जाए।



प्रयागराज में एक गैस एजेंसी के बाहर बुधवार को सिलेंडर रिफिल कराने वालों की कतार।

### देश में एकाएक कई गुना बढ़ी बिजली के चूल्हों और केतलियों की बिक्री

**नई दिल्ली।** रसोई गैस के संकट के बीच देश में बिजली के चूल्हों (इंडक्शन) और इलेक्ट्रिक केतली की बिक्री में भारी उछाल आया है। टाटा समूह की कंपनी क्रोमा ने पिछले कुछ दिनों में चूल्हों की मांग में तीन गुना वृद्धि दर्ज की है, जबकि 'पिजन' ब्रांड बनाने वाली कंपनी स्टोवक्राफ्ट लिमिटेड की औसत साप्ताहिक ऑनलाइन बिक्री चार गुना बढ़ गई है। इन्फिनिटी रिटेल लिमिटेड (क्रोमा) के सीईओ और एमडी शिबाशीष रॉय ने कहा, पिछले कुछ दिन में बिजली के चूल्हों की मांग में अचानक तेजी आई है जो लगभग तीन गुना बढ़ गई है। ग्राहक एक बार में कई चूल्हे खरीद रहे हैं। इलेक्ट्रिक केतली की मांग भी लगभग दोगुनी हो गई है। अमेजन इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि दो दिन में इंडक्शन चूल्हों की बिक्री 30 गुना बढ़ गई है, जबकि चावल पकाने वाला कुकर और इलेक्ट्रिक प्रेशर कुकर की बिक्री में चार गुना उछाल आया है। एयर फ्रायर और इलेक्ट्रिक केतली की बिक्री भी दोगुनी हो गई है।



रांची में बच्चे के साथ सिलेंडर लेने आई महिला।

### चेन्नई में होटलों-रेस्तरां ने छुट्टी घोषित की

**चेन्नई।** चेन्नई और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में संचालित होटलों और रेस्तरां के एक वर्ग ने वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति न होने के कारण बुधवार को छुट्टी घोषित कर दी। सुबह-सुबह चाय-कॉफी के लिए पहुंचे ग्राहक होटलों के बंद होने पर निराश हो गए। शहर के एक लोकप्रिय होटल में बुधवार को लगे नोटिस में लिखा था, एलपीजी आपूर्ति न होने के कारण 11 मार्च 2026 को छुट्टी घोषित की गई है। वहां कॉफी पीने आए एक निवासी ने तियागराया नगर स्थित होटल में छुट्टी घोषित होने के बाद कहा, अगर वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति की यही स्थिति रही तो घरेलू एलपीजी आपूर्ति पर भी इसका असर पड़ सकता है।

### पुडुचेरी के होटलों में शुरू हुआ लकड़ी का चूल्हा

**पुडुचेरी।** एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध नहीं होने के कारण पुडुचेरी में होटलों के बंद होने का खतरा पैदा हो गया है क्योंकि इस पर्यटन केंद्र में वैकल्पिक कदम हालात से निपटने में मददगार नहीं हो सकते। होटल्स एसोसिएशन के एक प्रवक्ता ने कहा कि अब असहाय स्थिति हो गई है। अधिकतर होटल ने या तो लकड़ी जलाकर खाना बनाना शुरू कर दिया है या कामकाज के घंटे कम कर दिए हैं और कुछ होटल इलेक्ट्रिक कुकर का इस्तेमाल कर रहे हैं।

### रसोई गैस संकट पर संसद में चर्चा हो, प्रधानमंत्री जवाब दें: खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को कहा कि पश्चिम एशिया युद्ध और देश में रसोई गैस के कथित संकट को लेकर संसद में चर्चा कराई जानी चाहिए तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सदन में इस पर जवाब दें। उन्होंने यह भी कहा कि देश को सच जानने का अधिकार है। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मोदी सरकार के नकली सूत्र आधारित आश्वासन उसकी पूर्ण अक्षमता को उजागर करते हैं। पश्चिम एशिया में युद्ध के बारे में पूर्वानुमान था। फिर भी सरकार ने भारत की ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित करने के लिए कुछ नहीं किया। अब संकट गहराता जा रहा है और आम लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने दावा किया कि ईंधन की कमी से कृषि और उर्वरक आपूर्ति प्रभावित होने से सबसे पहले किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है, रसोई गैस सिलेंडर का सीमित वितरण, गैस भरवाने के लिए लंबी कतारें, वाणिज्यिक सिलेंडर की भारी कमी और घरेलू सिलेंडर के लिए 25 दिन तक की प्रतीक्षा की स्थिति पैदा हो गई है।

### ममता ने कहा- योजना बनाए बगैर केंद्र ने लगाए प्रतिबंध

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि केंद्र सरकार को ऊर्जा आपूर्ति में मौजूदा व्यवधानों के मद्देनजर पाबंदी लगाने से पहले देश में एलपीजी, तेल और गैस के पर्याप्त भंडार सुनिश्चित करने चाहिए थे। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार को पहले एलपीजी, तेल और गैस के पर्याप्त भंडार सुनिश्चित करने चाहिए थे। उन्होंने स्थिति से निपटने के लिए उचित योजना बनाए बिना प्रतिबंध लगा दिए हैं। केंद्र ऊर्जा संकट को सुलझाने के बजाय राजनीति पर अधिक ध्यान दे रहा है।

### एक करोड़ लोगों के बेरोजगार होने का खतरा : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पूरे देश में एलपीजी गैस की भारी किल्लत है और इस वजह से एक करोड़ से ज्यादा लोगों के बेरोजगार होने का खतरा है। केजरीवाल ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश बहुत गंभीर संकट से गुजर रहा है। पूरे देश में एलपीजी गैस की भारी किल्लत हो गई है। हमारे देश में एलपीजी के उत्पादन में 50 फीसदी की कमी आ गई है। देश में एलपीजी का 60 फीसदी आयात होता है। इसमें 90 फीसदी एलपीजी स्टेट ऑफ हॉर्मुज से आती है जो भारत के लिए बंद कर दिया गया है। इस संकट का सबसे बड़ा खामियाजा रेस्टोरेंटों, होटलों को भुगतना पड़ रहा है।

# विपक्ष अब ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए देगा नोटिस

## लोकसभा के 120, राज्यसभा के 60 सदस्यों ने किए हस्ताक्षर, पक्षपात और भेदभाव का लगाया आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के बाद मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को पक्षपात और भेदभाव करने सहित कई आरोपों को लेकर पद से हटाने का प्रस्ताव लाने संबंधी नोटिस के लिए विपक्ष ने आवश्यक हस्ताक्षर एकत्र किए हैं और अगले एक-दो दिन में संसद के दोनों सदनों में इसे पेश करने की तैयारी है।

एक वरिष्ठ सांसद ने बताया कि हस्ताक्षर एकत्र करने का काम पूरा कर लिया गया है और नोटिस बृहस्पतिवार को दिए जाने की संभावना है। विपक्ष के एक अन्य वरिष्ठ नेता ने कहा कि नोटिस बृहस्पतिवार या शुक्रवार को दोनों सदनों में दिया जा सकता है। सूत्रों ने बताया कि बुधवार शाम तक लगभग 120 सांसदों ने लोकसभा में दिए जाने वाले नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं और लगभग 60 सांसदों ने उच्च सदन में दिए जाने वाले नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं। नियमों के मुताबिक, लोकसभा में कम से कम 100 सदस्यों के हस्ताक्षर वाला नोटिस और राज्यसभा में कम से कम 50 सदस्यों के हस्ताक्षर नोटिस देना होता है।

सूत्रों ने बताया कि नोटिस पर 'इंडिया' गठबंधन के सभी घटक दलों के सदस्यों ने हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी के सांसदों ने भी नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं, जबकि वह अब आधिकारिक तौर पर इस गठबंधन का हिस्सा नहीं है।



- इंडिया गठबंधन में शामिल न होने के बावजूद आप ने भी किए हस्ताक्षर

### किसी सीईसी को हटाने के लिए पहली बार प्रस्ताव

यह पहली बार है जब मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पद से हटाने के लिए कोई नोटिस दिया जा रहा है। विपक्षी दलों ने कई मौकों पर सीईसी पर सत्तारूढ़ भाजपा की मदद करने का आरोप लगाया है। विपक्ष एसआईआर की कवायद को लेकर पिछले कुछ महीनों से उन पर लगातार निशाना साधता रहा है। विपक्ष का आरोप है कि एसआईआर का उद्देश्य भाजपा की मदद करना है। सीईसी को पद से हटाने का नोटिस संसद के किसी भी सदन में दिया जा सकता है और इसे अवश्य ही विशेष बहुमत से पारित किया जाना चाहिए, जो सदन की कुल सदस्यता का बहुमत और उपस्थित एवं मतदान में हिस्सा लेने वाले सदस्यों का दो-तिहाई बहुमत होना चाहिए।

# अमेरिका में 300 अरब डॉलर की पहली रिफाइनरी में साझेदार होगी रिलायंस

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है उनके देश में पचास साल बाद बनने वाली 300 अरब डॉलर की पहली तेल रिफाइनरी में भारत की रिलायंस इंडस्ट्रीज समूह साझेदार होगी। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया पेज ट्रुथ सोशल पर यह जानकारी दी है।

उन्होंने कहा, इस ज़बरदस्त निवेश के लिए भारत में हमारे साझेदार और उनकी सबसे बड़ी निजी ऊर्जा कंपनी, रिलायंस को धन्यवाद। ट्रंप ने कहा, अमेरिका असली ऊर्जा प्रभुत्व की ओर लौट रहा है, मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि अमेरिका फर्स्ट रिफाइनिंग, ब्राउन्सविले, टेक्सास में 50 साल में पहली नई अमरीकी तेल रिफाइनरी खोल रही है। यह एक ऐतिहासिक 300 अरब डॉलर की डील है, अमरीकी इतिहास की सबसे बड़ी, अमेरिकी लोगों, ऊर्जा और दक्षिण टेक्सास के लोगों के लिए एक बड़ी जीत।

उन्होंने कहा, यह हमारे अमेरिका फर्स्ट एजेंडा, परमिट को आसान बनाने और कर कम करने की वजह से है, हमारे देश में अरबों डॉलर की डील वापस आ रही हैं। उन्होंने कहा कि ब्राउन्सविले पोर्ट पर एक नई रिफाइनरी, अमरीकी बाजार को बढ़ावा देगी।

- ट्रंप ने कहा- अमेरिका फर्स्ट के एजेंडे के तहत ऐतिहासिक डील

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज आपके काम अपेक्षाकृत तीव्र गति से पूर्ण होंगे। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। बच्चों की प्रगति से उत्साहित रहेंगे।

**तुला** – आज व्यर्थ की गतिविधियों में समय बर्बाद न करें। आलस्य के कारण काम बिगड़ सकते हैं। शुगर के रोगी अपने खानपान पर ध्यान दें।

**वृष** – आज स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम सा हो सकता है। सफलता प्राप्त करने हेतु शॉर्टकट अपना सकते हैं। कुछ लोग आपकी आलोचना करेंगे।

**वृश्चिक** – आज आपका स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा। अपनी मेहनत और क्षमताओं पर विश्वास रखें। प्रेम विवाह को पारिवारिक सहमति मिल सकती है।

**मिथुन** – आज आप काफी नए विचारों के प्रभाव में रहेंगे। विवाह संबंधी चर्चाएं कर सकते हैं। बैंकिंग से जुड़े लोगों को प्रमोशन मिल सकता है।

**धनु** – आज आपकी आय के स्रोत बढ़ सकते हैं। संतान की प्रगति से उत्साहित रहेंगे। आपके ऊपर काम का अत्यधिक दबाव रहेगा।

**कर्क** – आज आपके काम की गुणवत्ता बढ़ेगी। नई विधाओं को सीखने का प्रयास करें। पुराने लंबित मामलों में जीत मिल सकती है।

**मकर** – आज उधार लेन-देन से आपको बचना चाहिए। किसी से अधिक बहस न करें। अटका हुआ धन आपको मिल सकता है।

**सिंह** – आज कारोबार में बड़ा लाभ अर्जित कर सकते हैं। अधिकारों में वृद्धि होगी। भविष्य को लेकर योजना बना सकते हैं।

**कुंभ** – आज कार्यक्षेत्र में आपके लिए परिस्थितियां अनुकूल रहने वाली हैं। किसी समस्या का समाधान मिलेगा। दूसरों पर निर्भर न रहे।

**कन्या** – आज लेखन व मीडिया से जुड़े कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक तनाव में कमी आएगी। काम की बारीकियों में ध्यान देंगे।

**मीन** – आज नए व्यवसाय पर धन निवेश कर सकते हैं। अपने कर्म पर विश्वास रखें। आय और व्यय में संतुलन रहेगा।

# उत्तर कोरिया ने किया क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण

**प्योंगयांग, एजेंसी**

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने देश के नए युद्धपोत से किए गए क्रूज मिसाइल परीक्षण का निरीक्षण किया। यह परीक्षण ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका और दक्षिण कोरिया से 11 दिन का संयुक्त सैन्य अभ्यास 'फ्रीडम शील्ड' शुरू किया है।

उत्तर कोरिया इस सैन्य अभ्यास का कड़ा विरोध कर रहा है। सरकारी मीडिया के अनुसार, मिसाइलों का प्रक्षेपण नए 5,000 टन वर्ग के ''चोए ह्योन'' विध्वंसक युद्धपोत से नाम्पो तट के पास किया गया, जहां जहाज के प्रदर्शन परीक्षण चल रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, मिसाइलें करीब 2 घंटे 50 मिनट तक तय मार्ग पर उड़ती रहीं और कोरियाई प्रायद्वीप के पश्चिमी तट के पास पीले सागर के ऊपर से गुजरते हुए अपने निर्धारित लक्ष्यों को भेद दिया। समाचार एजेंसी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी के अनुसार, किम जोंग उन ने अपनी किशोर बेटी के साथ एक गुप्त स्थान से वीडियो लिंक के जरिए इस परीक्षण को देखा।

क्रूज मिसाइलें पीले सागर के ऊपर निर्धारित उड़ान मार्ग से गुजरते हुए अपने तय लक्ष्यों पर सफलतापूर्वक पहुंचीं। एजेंसी के मुताबिक, उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने कहा कि देश की युद्ध प्रतिरोध क्षमता के विभिन्न घटकों को अब लगातार और तेज गति से एक अत्याधुनिक परिचालन प्रणाली में शामिल किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि देश की परमाणु ताकत अब बहुआयामी संचालन के नए चरण में प्रवेश कर चुकी है।



- अमेरिका-दक्षिण कोरिया संयुक्त सैन्य अभ्यास पर नाराजगी

# बाल से 10 गुना पतला, स्टील से 10 गुना मजबूत फाइबर

**बीजिंग।** चीन ने घरेलू स्तर पर विकसित और बेहद शक्तिशाली टी1200 कार्बन फाइबर बना लिया है। इसका अंतरिक्ष और मानव रोबोट क्षेत्र में इस्तेमाल किया जाएगा।

इस फाइबर का व्यास मानव बाल के दसवें हिस्से से भी कम है, फिर भी इसकी मजबूती स्टील की तुलना में 10 गुना अधिक है और इसका घनत्व स्टील के घनत्व का एक-चौथाई है। हाई-टेक उद्योगों में इसे अपनाने की गति तेज होने की उम्मीद है। इसके निर्माता 'चीन नेशनल बिल्डिंग मटेरियल ग्रुप कंपनी लिमिटेड' के अनुसार, कंपनी इस केबल के सौ टन की वार्षिक उत्पादन की क्षमता हासिल कर ली है। इसके साथ ही चीन इस स्तर के फाइबर का इतने बड़े पैमाने पर उत्पादन करने वाला पहला देश बन गया है।

- चीन ने बेहद शक्तिशाली कार्बन फाइबर पेश किया

**ऐतिहासिक फैसला** — वर्ष 2013 में चौथी मंजिल से गिरकर घायल हुए थे 32 वर्षीय हर्ष, कोमा में हैं 12 साल से

# देश में पहली बार निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने निष्क्रिय इच्छामृत्यु (पैसिव युथनेसिया) की पहली बार स्वीकृति देते हुए 32 वर्षीय उस व्यक्ति की कृत्रिम जीवन रक्षक प्रणाली हटाने की बुधवार को अनुमति दे दी जो 12 साल से अधिक समय से कोमा में है। निष्क्रिय इच्छामृत्यु का अर्थ है कि नाजुक स्थिति वाले किसी मरीज को जीवित रखने वाली चिकित्सा सहायता को रोकने की अनुमति देना ताकि उसकी स्वाभाविक मौत हो सके।

इस फैसले के साथ ही कोर्ट ने केंद्र सरकार से निष्क्रिय इच्छामृत्यु पर एक व्यापक कानून बनाने पर विचार करने का आग्रह किया ताकि इससे उन मामलों में स्पष्टता मिलेगी जो बेहद व्यावहारिक और भावनात्मक रूप से संवेदनशील हैं। कोर्ट ने कहा कि कानून के अभाव के कारण, उसे हस्तक्षेप करने और दिशानिर्देश देने के लिए विवश होना पड़ा क्योंकि यह संस्थागत वरीयता का मामला नहीं बल्कि संवैधानिक आवश्यकता का मामला है, ताकि मौलिक अधिकारों की शुचिता, विशेष रूप से गरिमापूर्ण जीवन के अधिकार की रक्षा की जा सके। गाजियाबाद निवासी हर्ष राणा 2013 में एक इमारत की चौथी मंजिल से गिरने के कारण सिर में चोट लगने से घायल हो गए थे और तभी से कोमा में हैं। दुर्घटना के वक्त हर्ष राणा पंजाब विश्वविद्यालय के छात्र थे।

### एम्स को निर्देश, मृत्यु की गरिमा बरकरार रहे

न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को राणा को उपशामक देखभाल इकाई में भर्ती करने का निर्देश दिया ताकि चिकित्सकीय उपचार बंद किया जा सके। पीठ ने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि उपचार एक सुनियोजित तरीके से बंद किया जाए ताकि गरिमा बनी रहे। निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति देने वाला यह आदेश 2023 में संशोधित किए गए 2018 के उस फैसले के अनुरूप है जिसमें गरिमा के साथ मृत्यु के मौलिक अधिकार को मान्यता दी गई थी।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 12 मार्च, गुरुवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, नवमी पूर्ण रात्रि तक।

**दिशाशूल**- दक्षिण, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- मूल 13 मार्च 00.43 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

### सुडोकू - 85 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 4 | 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 3 | 7 |
| 6 | 3 | 7 | 2 | 8 | 1 | 4 | 9 | 5 |
| 7 | 8 | 3 | 1 | 9 | 6 | 5 | 4 | 2 |
| 2 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 6 | 1 | 3 |
| 5 | 1 | 6 | 4 | 2 | 3 | 9 | 7 | 8 |
| 3 | 4 | 2 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 6 | 3 | 9 | 2 | 5 | 4 |
| 9 | 6 | 5 | 7 | 4 | 2 | 3 | 8 | 1 |

### सुडोकू -86

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | | 2 | | |
| 1 | | | 8 | | 5 | | 3 | |
| | 9 | | | 3 | 4 | | | |
| | 2 | | 9 | | | 6 | | |
| 6 | | 3 | | | | | | 4 |
| | | | | 6 | 1 | | 2 | |
| | | | 7 | | | | | 6 |
| | 4 | | 1 | | 6 | | | |
| | | 6 | | | | 9 | | |



"मुझे फीफा ईरान की राष्ट्रीय टीम को अमेरिका आने और लगभग तीन महीने में शुरू होने वाले विश्व कप में खेलने की अनुमति देगा, भले ही दोनों देशों के बीच युद्ध जारी हो। विश्व कप 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में खेला जाएगा। ऐसे में ईरान को रोकना गलत होगा। – जियानी इन्फेंटिनो


# स्टेडियम

लखनऊ, गुरुवार, 12 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### 2025 बीसीबी चुनावों की जांच के लिए कमेटी बनाई गई

**ढाका, एजेंसी :** नेशनल स्पोर्ट्स काउंसिल (एनएससी) ने बुधवार को बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड के 2025 के चुनाव में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियों के आरोपों की जांच के लिए पांच सदस्यों वाली एक इंडिपेंडेंट जांच कमेटी बनाई। एनएससी ने एक ऑफिशियल नोटिफिकेशन के जरिए इस फैसले की घोषणा तमीम इकबाल द्वारा पिछले साल के बीसीबी चुनावों की जांच के लिए एक रिक्वेस्ट करने के कुछ दिनों बाद की, जिसमें दावा किया गया था कि राजधानी के 76 में से 50 क्लबों ने जांच की मांग का समर्थन किया था। र सालेह अकरम सम्राट हैं। कमेटी शिकायतों से जुड़े डॉक्यूमेंट और सबूत इकट्ठा करेगी और चुनाव प्रक्रिया में शामिल संबंधित लोगों और ऑर्गनाइज़ेशन से बयान लेगी। यह जांच करेगी कि क्या काउंसलर नॉमिनेशन प्रक्रिया बीसीबी संविधान और लागू कानूनों और नियमों के अनुसार की गई थी।

### देवेंद्र फडणवीस ने सूर्यकुमार- शिवम दुबे को सम्मानित किया

**मुम्बई, एजेंसी :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप में भारत के रिकॉर्ड तीसरे टाइटल जीतने के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव और ऑलराउंडर शिवम दुबे को सम्मानित किया। मुंबई क्रिकेट संघ के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक भी इस मौके पर मौजूद थे, जब मुंबई की इस जोड़ी को टाइटल जीतने वाले कैंपेन में उनके शानदार योगदान के लिए सम्मानित किया गया। भारत ने गत रविवार को अहमदाबाद में फ़ाइनल में न्यूज़ीलैंड को 96 रन से हराकर तीसरी बार खिताब जीता था। शिवम दुबे के लिए मुंबई पहुंचना एक दिलचस्प घटना रही। हवाई यात्रा उपलब्ध न होने के कारण शिवम थ्री टियर एसी से सफर कर मुंबई पहुंचे।

### ईरान की महिला फुटबॉल टीम की दो और सदस्यों को शरण

**गोल्ड कोस्ट (ऑस्ट्रेलिया), एजेंसी :** ऑस्ट्रेलिया के गृह मंत्री टोनी बर्क ने बुधवार को कहा कि ईरान की महिला फुटबॉल टीम की दो और सदस्यों को ऑस्ट्रेलिया में शरण दी गई है। बर्क ने कैनबरा में पत्रकारों को बताया कि ईरान की पांच खिलाड़ियों को पहले ही मानवीय आधार पर वीजा दिया गया था। अब इन महिला सदस्यों की संख्या बढ़कर सात हो गई है। उन्होंने कहा कि टीम की जिन नयी दो सदस्यों को शरण दी गई है उनमें एक खिलाड़ी और एक सहयोगी स्टाफ की सदस्य है। इन दोनों ने उनकी टीम के अन्य सदस्यों को हवाई अड्डा ले जाने से पहले ही शरण मांगी थी। टीम के बाकी सदस्य सिडनी से ईरान जाने वाली उड़ान में मंगलवार देर रात सवार हुए। इस बीच टीम के होटल में काफी गहमागहमी रही। यहां बता दें कि ट्रंप नें कुछ दिन पहले आस्ट्रेलिया से इरान की इच्छुक महिला खिलाड़यों को शरण देने के लिए कहा था।

# टी-20 रैंकिंग : अभिषेक और किशन बल्लेबाजी में पहले दो स्थान पर, वरुण गेंदबाजी में शीर्ष से हटे

## अफगानिस्तान के राशिद खान 753 अंकों के साथ विश्व के नंबर एक गेंदबाज बने

**दुबई, एजेंसी**

अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से क्रिकेट प्रेमियों को मंत्रमुग्ध करने वाले ईशान किशन ने टी20 विश्व कप में अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर बुधवार को जारी की गई खेल के छोटे प्रारूप की अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है और वह शीर्ष पर काबिज अभिषेक शर्मा से केवल चार अंक पीछे हैं।

टी20 विश्व कप के फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ अर्धशतक लगाने वाले अभिषेक दुनिया के पहले नंबर के बल्लेबाज बने हुए हैं। उनके साथी बाएं हाथ के बल्लेबाज किशन टूर्नामेंट में 317 रन बनाने के बाद दो पायदान ऊपर दूसरे स्थान पर आ गए हैं।

अब वह अभिषेक के सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वी बन गए हैं। किशन (871 अंक) ने अपने करियर की नई सर्वोच्च रेटिंग हासिल की और अब वह अभिषेक (875 अंक) से सिर्फ चार रेटिंग अंक पीछे हैं। न्यूजीलैंड के टिम सीफर्ट (चार पायदान ऊपर छठे स्थान पर) और इंग्लैंड के जैकब बेथेल (17 पायदान ऊपर 16वें स्थान पर) ने भी टी20 विश्व कप में कुछ शानदार पारियों के दम पर अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की। न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज फिन एलन (सात पायदान की छलांग से 20वें स्थान पर) को भी फायदा हुआ जिन्होंने सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 33 गेंदों में शतक बनाकर पुरुष टी20 विश्व कप में अब तक के सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड तोड़ा। वहीं भारतीय सलामी बल्लेबाज और विकेटकीपर संजू सैमसन (18 पायदान की छलांग से 22वें स्थान पर) और शिवम दुबे (चार पायदान ऊपर 27वें स्थान पर) ने भी टूर्नामेंट में शानदार पारियों की बदौलत बल्लेबाजी रैंकिंग में काफी सुधार किया। गेंदबाजों की रैंकिंग में हालांकि बदलाव आया है। टी20 विश्व कप में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पहले स्थान से हट गए हैं और उनकी जगह अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बन गए हैं। चक्रवर्ती के 740 रेटिंग अंक है और वह राशिद (753) के बाद दूसरे स्थान पर हैं, जिनकी टीम अफगानिस्तान ग्रुप चरण में ही टूर्नामेंट से बाहर हो गई थी। इसके बावजूद वह चक्रवर्ती की जगह पहला स्थान हासिल करने में सफल रहे।



टी-20 विश्व कप की विजेता भारतीय टीम की धमाकेदार जोड़ी ईशान किशन और अभिषेक शर्मा। ● एजेंसी

विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद जिन अन्य गेंदबाजों की रैंकिंग में सुधार हुआ है उनमें आदिल रशीद (एक पायदान ऊपर चौथे स्थान पर), जसप्रीत बुमराह (एक पायदान ऊपर छठे स्थान पर) और अक्षर पटेल (छह पायदान ऊपर 17वें स्थान पर) शामिल हैं। टी20 में ऑलराउंडरों की रैंकिंग में भी मुकाबला काफी कड़ा है। जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा और भारत के स्टार खिलाड़ी हार्दिक पंड्या ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की और वे पहले दो स्थान पर काबिज हैं। शिवम दुबे दो पायदान नीचे खिसककर 11वें स्थान पर आ गए हैं।

## भारत को मिली 25 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि

**दुबई, एजेंसी।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पुरुषों के टी20 विश्व कप समाप्त होने के बाद बुधवार को खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि की घोषणा की जो रिकॉर्ड 1.125 करोड़ अमेरिकी डॉलर है जिसमें घरेलू मैदान पर चैंपियन बनी भारतीय टीम को सबसे बड़ा हिस्सा 2,639,423 डॉलर (लगभग 25 करोड़ रुपये) मिला। उपविजेता न्यूजीलैंड को 14,22,692 अमेरिकी डॉलर (लगभग 13 करोड़ रुपये) मिले जबकि सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड को क्रमशः लगभग 9.24 करोड़ रुपये और 8.96 करोड़ रुपये प्राप्त हुए।

अन्य शीर्ष टीमों में वेस्टइंडीज को 5,38,269 अमेरिकी डॉलर मिले जबकि अपने सभी मैच श्रीलंका में खेलने वाली पाकिस्तान टीम को 5,22,692 अमेरिकी डॉलर मिले। जिम्बाब्वे को 4,91,538 अमेरिकी डॉलर और श्रीलंका को 4,75,962 अमेरिकी डॉलर दिए गए। सुपर आठ चरण में बाहर हुई अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका की टीमों को प्रत्येक 3,09,808 अमेरिकी डॉलर मिले। स्कॉटलैंड को 2,78,654 अमेरिकी डॉलर और आयरलैंड को 2,71,731 अमेरिकी डॉलर जबकि चार अन्य टीम इटली, नीदरलैंड, संयुक्त अरब अमीरात और नेपाल प्रत्येक 2,56,154 अमेरिकी डॉलर दिए गए। कनाडा, नामीबिया और ओमान प्रत्येक को 2,25,000 अमेरिकी डॉलर मिले।

## यानिक सिनर क्वार्टर फाइनल में

**इंडियन वेल्स, एजेंसी:** दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी यानिक सिनर ने उभरते ब्राजीलियाई स्टार जोआओ फोन्सेका की कड़ी चुनौती पर काबू पाते हुए रोमांचक मुकाबले में 7-6(6), 7-6(4) से जीत के साथ बीएनपी परीबा ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। सिनर ने शुरूआती सेट के टाई-ब्रेक में तीन सेट प्वाइंट बचाए और बाद में दूसरे सेट में 5-2 पर मैच बंद करने में नाकाम रहने के बाद वापसी की।

## केर की हैट्रिक, न्यूजीलैंड ने जिम्बाब्वे का किया सूपड़ा साफ

**डुनेडिन, एजेंसी**

अमेलिया केर (80 रन /पांच विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड की महिला टीम ने बुधवार को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में जिम्बाब्वे को 200 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप किया। प्लेयर ऑफ द मैच अमेलिया केर ने हैट्रिक बनाई। केर ने यूनिवर्सिटी ओवल में जबरदस्त ऑल-राउंड प्रदर्शन किया, उन्होंने 80 रन बनाए जिससे न्यूजीलैंड ने पहले



बल्लेबाजी करते हुए 303/6 का बड़ा स्कोर बनाया। केर के अलावा मैडी ग्रीन ने 73 गेंदों में (94), ब्रूक हॉलीडे ने (40) रनों का योगदान दिया। जिम्बाब्वे के लिए क्रिस्टाबेल चैटोंजवा ने 48 रन देकर 2 विकेट लिए, जबकि टेंडाई मकुशा, एडेल ज़िमुनु और प्रेशियस मारेंज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

अमेलिया केर ने फिर गेंदबाजी करते हुए हैट्रिक लगाकर जिम्बाब्वे के पांच विकेट झटके। पिछले मैच में उन्होंने शानदार सात विकेट लिए थे। न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने जिम्बाब्वे को 27.1 ओवर में 103 रनों पर समेट कर 200 रनों से यह मुकाबला अपने नाम किया। न्यूजीलैंड के लिए अमेलिया केर ने 3.1 ओवर में 22 रन देकर पांच विकेट लिये। रोजमेरी मैयर को दो विकेट मिले। जेस केर और ब्री इलिंग ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। कुल मिलाकर, केर महिला एकदिवसीय इतिहास में हैट्रिक लेने वाली 14वीं गेंदबाज बन गईं। इससे पहले इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम की चार्ली डीन ने 2024 में दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ ऐसा किया था, और दक्षिण अफ्रीका की क्लो ट्रायोन ने 2025 में श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ यह कारनामा किया था।

## बायर्न म्यूनिख और एटलेटिको मैड्रिड की बड़ी जीत, लिवरपूल हारा, बार्सिलोना ने ड्रॉ खेला

**पेरिस, एजेंसी**

बायर्न म्यूनिख और एटलेटिको मैड्रिड ने बड़ी जीत हासिल करके चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए लेकिन लिवरपूल और बार्सिलोना को अब भी कड़ी मेहनत करनी होगी। बायर्न म्यूनिख ने अटलांटा को 6-1 से करारी शिकस्त दी, जबकि टीम के शीर्ष गोल स्कोरर हैरी केन इस मैच में नहीं खेल रहे थे। इस सत्र में अब तक 47 गोल करने वाले केन इस मैच में खेलने के लिए फिट नहीं थे। उनकी अनुपस्थिति में माइकल ओलिस ने दो गोल किए।




सर्ज ग्नाब्री, निकोलस जैक्सन, जोसिप स्टैनिसिक और जमाल मुसियाला ने एक-एक गोल किया। दूसरी तरफ एटलेटिको मैड्रिड ने टॉटनहम को 5-2 से पराजित किया। टॉटनहम के कोच इगोर ट्यूडर ने पहले नंबर के गोलकीपर गुगिलएल्मो विकारियो को बाहर रखने का फैसला किया जो टीम को भारी पड़ा क्योंकि एटलेटिको ने 15 मिनट के भीतर ही 3-0 की बढ़त बना ली थी। लिवरपूल को गैलाटासराय ने 1-0 से हराया। उसे अब अगले सप्ताह एनफील्ड में होने वाले दूसरे चरण के मैच में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। बार्सिलोना की टीम भी जूझती हुई नजर आईं। उसने खेल के अंतिम क्षणों में लामिन यामल के पेनल्टी पर किए गोल की मदद से न्यूकैसल के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला।

## ओसाका को परास्त कर आर्यना सबालेंका क्वार्टरफाइनल में

**कैलिफ़ोर्निया, एजेंसी**

दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने नाओमी ओसाका को हराकर इंडियन वेल्स के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। 27 साल की बेलारुस की सबालेंका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जापान की ओसाका को 80 मिनट चले मुकाबले में 6-2, 6-4 से हरा कर टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया। जुलाई 2023 में बेटी शाई के जन्म के बाद 14 महीनों के बाद वापसी कर रही ओसाका ने मैच की शुरुआत एक कॉन्फिडेंट



ओपनिंग सर्विस गेम से की। हालांकि, सबालेंका ने जल्द ही अपनी रिदम पकड़ ली और 28 साल की जापानी खिलाड़ी की सर्विस तोड़कर 2-1 की बढ़त बना ली। बेलारूसी खिलाड़ी ने कई दमदार बैकहैंड मारकर अपनी पकड़ मजबूत की और 5-2 की बढ़त बना ली, फिर एक ऐस के साथ आराम से सेट जीत लिया। ओसाका और सबालेंका दोनों ने दूसरे सेट की शुरुआत में सर्विस बनाए रखी, फिर सबालेंका ने 4-2 से कंट्रोल हासिल किया और फिर एक अहम ब्रेक के साथ मैच जीत लिया। मैच के बाद सबालेंका ने कहा कि यह पागलपन है, इतने सालों में हमने सिर्फ एक बार खेला। मुझे पूरा यकीन है कि हम और भी कई मैच खेलेंगे। वह शानदार टेनिस खेलकर वापस आ रही है। मैं नतीसे से बहुत खुश हूं। पिछली बार से बहुत बेहतर। मुझे खुशी है कि मैंने आज उन पर इतना प्रेशर डाला, कि मैं कोर्ट में वैरायटी लेकर आई। मेरी सर्विस ने अच्छा काम किया। रिटर्न पर मैंने सच में बहुत अच्छा टेनिस खेला। ऑस्ट्रेलिया की टालिया गिब्सन ने इटली की दुनिया की नंबर सात जैस्मीन पाओलिनी को 7-5, 2-6, 6-1 से हराकर अपने करियर की सबसे बड़ी जीत हासिल की,। 21 साल की गिब्सन, जो दुनिया में 112वें नंबर पर हैं और अपना पहला डब्ल्यूटीए 1000 मेन ड्रॉ खेल रही हैं, 11 साल में टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली पहली क्वालिफायर भी बनीं।

## अफगानिस्तान-श्रीलंका के बीच सीरीज स्थगित

**काबुल, एजेंसी**

- सैन्य विवाद के कारण फैसला लिया गया
- दोनों टीमों के बीच सीरीज 13 मार्च से शुरू होनी थी

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों ने मंगलवार को कन्फ़र्म किया कि उन्होंने मिडिल ईस्ट में अमेरिका, इज़राइल और ईरान के बीच चल रहे सैन्य विवाद की वजह से श्रीलंका के ख़िलाफ अपनी आने वाली सीरीज़, जो यूनाइटेड अरब अमीरात में होनी थी, स्थगित कर दी है। दोनों टीमों को 13 से 25 मार्च तक तीन वनडे और इतने ही टी20 खेलने थे। एसीबी के चीफ़ एग्ज़ीक्यूटिव नसीब खान ने मंगलवार को क्रिकबज को बताया कि हां श्रीलंका के ख़िलाफ़ व्हाइट-बॉल सीरीज़ स्थगित कर दी गई है।

उन्होंने कहा कि फ्लाइट्स, लॉजिस्टिक्स और इलाके की स्थिति को लेकर कुछ दिक्कतें थीं। हमने इन मैचों को श्रीलंका में कराने के लिए दूसरा ऑप्शन भी देखा और श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के लगातार संपर्क में रहे। हालांकि, उस समय यूएई से श्रीलंका के लिए कोई फ्लाइट उपलब्ध नहीं थी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, इतने कम समय में प्रोडक्शन, होटल, ग्राउंड बुकिंग और सिक्योरिटी का इंतज़ाम करना काफी मुश्किल था। इसलिए, हमने आखिरकार इसे टालने का फैसला किया।

उन्होंने आगे कहा कि यह (सीरीज़) इस साल के आखिरी क्वार्टर में खेली जाएगी। इस टी20 सीरीज से उम्मीद थी कि यह सबसे छोटे फॉर्मेट में इब्राहिम ज़दरान की कप्तानी के दौर की शुरुआत होगी, क्योंकि उन्हें हाल ही में राशिद खान की जगह टी20 कप्तान बनाया गया था।

## बाबर पाकिस्तान की राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप से हटे

**कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज बाबर आजम ने 26 मार्च से शुरू होने वाली पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) से पहले अपनी बल्लेबाजी की



तकनीकी खामियों को दूर करने के लिए राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप से नाम वापस ले लिया है। टी20 विश्व कप में खराब प्रदर्शन के बाद बांग्लादेश के खिलाफ उसकी सरजमीं पर होने वाली एकदिवसीय श्रृंखला की टीम से बाहर किए गए बाबर का नाम पेशावर में चल रही राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप के लिए लाहौर व्हाइट्स टीम में शामिल किया गया था।

वह घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेंगे और इसके बजाय अपनी बल्लेबाजी पर कुछ कोच के साथ काम कर रहे हैं।

**मन की बात** | भारतीय कप्तान ने कई खिलाड़ियों के साथ इमोशनल बातचीत के बारे में भी चर्चा की

## टीम भावना ने पर्दे के पीछे निभाई अहम भूमिका : सूर्यकुमार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कई खिलाड़यों की कहानियां काफी प्रेरणा देने वाली रहीं

आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत के विजयी अभियान को आकार देने में मदद करने वाली निजी बातचीत और पलों पर बात करते हुए, भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि विश्वास, भरोसा और मजबूत टीम भावना ने पर्दे के पीछे अहम भूमिका निभाई। सूर्य ने टीम के कई खिलाड़ियों, जिनमें ईशान किशन और संजू सैमसन शामिल हैं, के साथ इमोशनल बातचीत के बारे में बात की, और बताया कि कैसे निजी भूमिकाओं से ऊपर टीम को प्राथमिकता देने की उनकी इच्छा ने भारत के सफल वर्ल्ड कप सफर को तय किया। हमारी वर्ल्ड कप टीम के कुछ खिलाड़ियों की कहानियाँ बहुत प्रेरणा देने वाली और इमोशनल रही हैं। अगर आप सिराज की बात करें, तो मैंने उन्हें टूर्नामेंट से कुछ दिन पहले फ़ोन किया था। वह अपने दोस्तों के साथ बैठे थे, कैप पहने हुए थे और खाना खा रहे थे। मैंने उनसे कहा कि हर्षित राणा घायल हैं, आपको टीम में शामिल होना होगा। उन्होंने कहा कि सूर्य भाई, क्या आप मज़ाक कर रहे हैं? यह उनका पहला रिएक्शन था। फिर मैंने हमारी सिलेक्शन मीटिंग से ठीक पहले इशान किशन को कॉल किया। मैंने उनसे कहा कि छोटू, क्या तुम हमें वर्ल्ड कप जिताने में मदद करोगे। उन्होंने कहा कि सूर्य भैया, बस मुझ पर भरोसा करो और मुझ पर भरोसा रखो। जिस तरह से इशान ने अपनी बात पर अमल किया है, वह एक प्यारी कहानी है।



संजू सैमसन ने टूर्नामेंट शुरू नहीं किया था। वह बीच में आए और एक बात कही कि तुम बस मुझे बताओ कि मैं टीम के लिए क्या कर सकता हूं। यही सबसे बड़ा आशीर्वाद है। स्काई ने जियोस्टार पर कहा कि ऐसे खिलाड़ी, नंबर 1 से 15 तक, हर किसी की एक अलग कहानी होती है। और जसप्रीत बुमराह, मैंने उन्हें नेशनल ट्रेजर कहा है। वह हर दिन यही काम करते हैं। बुमराह जानते हैं कि वह इस फील्ड में बेस्ट हैं। लेकिन फिर भी, वह किसी भी तरह की लापरवाही को अंदर नहीं आने देते। मुझे लगता है कि इससे उनका कैरेक्टर दिखता है। उन्होंने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में वर्ल्ड कप जीतने के इमोशनल महत्व के बारे में भी बात की, वही जगह जहां से उनके इंटरनेशनल करियर की शुरुआत हुई थी। उन्होंने कहा किअहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टी20 वर्ल्ड कप जीतना बहुत खास एहसास है। इंटरनेशनल क्रिकेट में मेरा सफर 2021 में यहीं से शुरू हुआ था। जैसे ही यह शुरू हुआ, वहां से बहुत मज़ा आया। फिर 2026 में यहां आना और भारत के लिए एक लीडर के तौर पर टी20 वर्ल्ड कप जीतना बहुत खास एहसास है। उसी स्टेडियम में होना अच्छा लगता है जिसके बारे में इतने सारे लोग बात कर रहे थे। यहां जीतना पूरी टीम के लिए बहुत खास था।

### जिन्हें मौका नहीं मिलता, उनकी फिक्र होती है

भारतीय कप्तान ने वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम की कप्तानी करने की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक पर भी ज़ोर दिया- पूरे टूर्नामेंट के दौरान प्लेइंग इलेवन के बाहर के खिलाड़ियों को मोटिवेटेड और मेंटली तैयार रखना। इस टी20 वर्ल्ड कप कैंपेन में, मेरे लिए सबसे मुश्किल काम उन प्लेयर्स को संभालना था जिन्हें प्लेइंग इलेवन में खेलने के ज़्यादा मौके नहीं मिलते। जिन्हें मौके नहीं मिलते, या बहुत कम मिलते हैं, मुझे हमेशा लगता था कि मुझे उनके साथ ज़्यादा समय बिताना चाहिए। जो खेलते रहते हैं वे ऑटोपायलट मोड में होते हैं। उन्हें पता होता है कि क्या करना है। लेकिन जो कभी भी खेल सकते हैं लेकिन हर गेम में नहीं खेल पाते, उनके लिए स्विच ऑन और स्विच ऑफ करना मुशिकल होता है। इसलिए उनके साथ समय बिताना और लगातार बातें करना बहुत जरूरी था।